YouTube kanwhizztimes
Facebook @kanwhizztimes lucknow
Twitter @kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-14 ❒ अंक-288 ❒ शनिवार, 22 नवम्बर 2025 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के साथ–साथ मरीजों को अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का भरसक प्रयास कर रही है। योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश सरकार ने स्वास्थ्य ढांचे का तेजी से आधुनिकीकरण किया है।

ब्रजेश पाठक

दिल्ली में अटल कैंटीन का शिलान्यास, 25 दिसंबर से शुरू होगी 100 अटल कैंटीन 11

वैदिक दर्शन में एकत्व और विविधता दोनों स्वाभाविक हैं: साध्वी प्राची 12

मुख्यमंत्री ने इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑफ चीफ जस्टिसेस ऑफ वर्ल्ड के उद्घाटन समारोह में दिया बड़ा संदेश

# दुनिया के समक्ष रखे गए सभी लक्ष्यों में शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज वसुधैव कुटुम्बकम् यानी 'होल वर्ल्ड इज वन फैमिली, हैज बीन बेसिक फिलॉसफी ऑफ इंडिया फॉर थाउजेंड्स ऑफ ईयर्स' की भावना से विश्व को अवगत कराते हुए इसे भारत की हजारों वर्षों की परंपरा करार दिया। उन्होंने कहा कि संकट के समय शरण देने और आगे बढ़ाने में भारत ने हमेशा योगदान दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को सिटी मॉन्टेसरी स्कूल द्वारा आयोजित 26वें इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑफ चीफ जस्टिसेस ऑफ वर्ल्ड (आईसीसीजेडब्ल्यू) के उद्घाटन समारोह में अपनी बातें रखीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमें यूएन की उस घोषणा को भी स्मरण करना होगा, जिसमें सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स के बारे में दुनिया के देशों से आह्वान किया गया था।

कभी न भूलें ,क्या है वास्तविक समस्या

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा दुनिया के न्यायाधीशों के माध्यम से यह मानवता और उन लोगों के लिए भी एक उद्घोषणा है कि जिन्होंने अपना वर्चस्व स्थापित करने के लिए अराजकता का वातावरण पैदा करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि जब हम दुनिया के अंदर शिक्षा की बात करते हैं तो 250 करोड़ से अधिक बच्चों के लिए क्वॉलिटी एजुकेशन पर फोकस करते हैं। हमें विचार करना होगा कि बस्ते के बोझ से बच्चे डिप्रेस्ड न हों। यह बेसिक भाव एजुकेशन के माध्यम से हम प्रत्येक छात्र-छात्राओं के मन में पैदा कर सकते हैं, लेकिन आज भी यह चुनौती बनी हुई है।

मुख्यमंत्री ने कहा दुनिया में जहां अशांति व अराजकता है, वर्चस्व को लेकर एक-दूसरे की संप्रभुता को हड़पने की होड़ हो, वहां पर एजुकेशन, हेल्थ तथा सस्टेनेबल डेवलपमेंट की बात बेमानी सी दिखती है। उन स्थितियों में हम सभी को इस बारे में विचार करना चाहिए कि कैसे इन समस्याओं के समाधान के लिए हर एक स्तर पर प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अगर एक संस्था अपने स्तर पर पिछले 25 वर्षों से इस प्रयास को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रही है, तो क्यों नहीं अन्य स्तर पर यह प्रयास आगे बढ़ाया जा सकता है? सीएम योगी ने प्रदेश की राजधानी में अतिथियों का स्वागत किया।



**योगी बोले**

❒ मुख्यमंत्री ने सिटी मॉन्टेसरी स्कूल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना को वैश्विक मंच पर आगे बढ़ाने का किया आह्वान

❒ मुख्यमंत्री बोले: बस्ते के बोझ से बच्चे डिप्रेस्ड न हों, इसके बारे में भी हमें करना होगा विचार

बड़ी लकीर खींचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं

सीएम योगी ने कहा हमारे सामने इमर्जिंग टेक्नोलॉजी जीवन को सहज और सरल करने ● शेष पेज 11 पर

### मुख्यमंत्री योगी का प्रयागराज आगमन 22 को

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल 22 नवम्बर को प्रात: 9:55 बजे प्रयागराज आएंगे और कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे एवं माघ मेला की तैयारियों की समीक्षा बैठक करेंगे। सूचना विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री योगी होटल कान्हा श्याम एवं रामबाग हनुमान जी मंदिर (निकट विधायक हर्षवर्धन बाजपेई के आवास) जाएंगे। पूर्वाहन 10:50 बजे संगम नोज में गंगा पूजन कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। इसके उपरांत मुख्यमंत्री योगी माघ मेला क्षेत्र का निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण के उपरांत श्री बड़े हनुमान जी मंदिर में दर्शन पूजन करेंगे। सीएम योगी पूर्वाहन 11:45 बजे मेला प्राधिकरण स्थित आईसीसीसी सभागार में माघ मेला की तैयारियों की समीक्षा बैठक भी करेंगे। बैठक के उपरांत मुख्यमंत्री योगी प्रयागराज से प्रस्थान करेंगे।

# एक साल में ग्रेच्युटी ओवरटाइम पर दोगुना पेमेंट

❒ सरकार ने श्रम कानूनों को सरल बनाने के चार श्रम संहिताओं को प्रभावी बनाया

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को देश के श्रम क्षेत्र में सबसे बड़े सुधारों की घोषणा करते हुए चार नए लेबर कोड यानी श्रम संहिताओं को नोटिफाई कर दिया है। अब चार नए संहिता- मजदूरी संहिता-2019, औद्योगिक संबंध संहिता-2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता-2020, व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य शर्तें संहिता-2020 हैं। आइए जानते हैं किस संहिता में क्या बदलाव हुआ है और इसका कर्मचारियों को कैसे फायदा मिलेगा।

मजदूरी संहिता 2019- यह संहिता संगठित और असंगठित दोनों क्षेत्रों के सभी कर्मचारियों के लिए न्यूनतम मजदूरी का एक वैधानिक अधिकार स्थापित करती है। पहले, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम केवल अनुसूचित रोजगारों पर लागू होता था, जिसमें लगभग 30% श्रमिक ही शामिल थे। न्यूनतम जीवन स्तर के आधार पर सरकार द्वारा एक वैधानिक फ्लोर वेज निर्धारित किया जाएगा। कोई भी राज्य इस स्तर से कम न्यूनतम मजदूरी तय नहीं कर सकता है। कंपनी समान कार्य के लिए भर्ती, मजदूरी और रोजगार की शर्तों में लिंग (इसमें ट्रांसजेंडर पहचान शामिल है) के आधार पर भेदभाव नहीं करेंगे। समय पर भुगतान सुनिश्चित करने और अनाधिकृत कटौतियों को रोकने वाले प्रावधान सभी कर्मचारियों पर लागू होंगे। नियोक्ता को नियमित कामकाजी घंटों से अधिक किए गए किसी भी काम के लिए सभी कर्मचारियों को सामान्य दर से कम से कम दोगुना ओवरटाइम मजदूरी का भुगतान करना होगा। इस संहिता के तहत निश्चित अवधि के रोजगार में एक वर्ष के बाद ग्रेच्युटी की पात्रता होगी। अब तक 5 साल की अवधि पर ही ग्रेच्युटी की पात्रता थी। वहीं, छंटनी किए गए कर्मचारियों को प्रशिक्षित ● शेष पेज 11 पर

**नए लेबर कोड में बहुत कुछ बदला**

## श्रम संहिता आजादी के बाद के सबसे प्रगतिशील सुधारों में से एक: मोदी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चार श्रम संहिताओं के लागू होने का स्वागत करते हुए इसे श्रमिकों के लिए आज़ादी के बाद से सबसे बड़े और प्रगतिशील सुधारों में से एक बताया है। श्रम संहिताओं के शुक्रवार से प्रभावी होने के बाद श्री मोदी ने कहा कि ये सुधार श्रमिकों को मजबूती प्रदान करते हैं और कानून के अनुपालन को काफी आसान बनाने के साथ 'व्यापार सुगमता ' में बढ़ावा देते हैं। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा कि ये चारों संहिता सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा , न्यूनतम और समय पर मज़दूरी , सुरक्षित कार्यस्थल और लोगों विशेष रूप से नारी शक्ति तथा युवा शक्ति के लिए फायदेमंद अवसरों की मज़बूत नींव का काम करेंगी।

उन्होंने कहा कि ये सुधार भविष्य के लिए एक इकोसिस्टम बनाएंगे जो श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करेगा और देश की आर्थिक वृद्धि को मज़बूत करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि इनसे रोजगार को बढ़ावा मिलेगा, उत्पादकता बढेगी और देश की विकसित भारत की ओर बढ़ने की यात्रा में तेजी आयेगी।

श्री मोदी ने पोस्ट में कहा , '' श्रमेव जयते ! आज, हमारी सरकार ने चार लेबर कोड लागू किए हैं। यह आज़ादी के बाद से सबसे बड़े और आगे बढ़ने वाले लेबर-ओरिएंटेड ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 27 नवंबर को ओडिशा विधानसभा को करेंगी संबोधित

भुवनेश्वर। ओडिशा विधानसभा के शीतकालीन सत्र की शुरुआत 27 नवंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के संबोधन से होगी। यह पहली बार होगा जब कोई पदस्थ राष्ट्रपति ओडिशा विधानसभा के सदस्यों को संबोधित करेंगी। विधानसभा अध्यक्ष सुरमा पाढी के अनुसार, राष्ट्रपति मुर्मु 27 नवंबर को भुवनेश्वर एयरपोर्ट पहुंचेंगी और सीधे राजभवन जाएंगी। वहा अल्प विश्राम के बाद वे शाम 4:20 बजे विधानसभा पहुंचेंगी और 4:30 बजे अपना संबोधन शुरू करेंगी। इस अवसर पर राज्य के राज्यपाल डॉ. हरि बाबू कंभंमपटी, मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, विधानसभा में विपक्ष के नेता और सभी विधायक उपस्थित रहेंगे।
अध्यक्ष ने बताया कि राष्ट्रपति मुर्मु ओडिशा में नौ वर्षों तक विधायक रही हैं और राज्य मंत्रिमंडल में मंत्री के रूप में भी कार्य किया। उनका राज्य की राजनीति से लेकर देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद तक का सफर करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणादायक है।
अध्यक्ष ने बताया कि पहली बार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ओडिशा विधानसभा को संबोधित करेंगी, यह राज्य के लिए गर्व की बात है। विधायक और कैबिनेट मंत्री के रूप में उनका लंबा अनुभव तथा राष्ट्रपति पद तक उनकी यात्रा वास्तव में प्रेरणादायक है।

### मनरेगा में 26 करोड़ से अधिक पंजीकृत श्रमिक

नयी दिल्ली। सरकार ने कहा है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के पारदर्शी और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सतत प्रयासरत जारी है और अब तक इसमें में 26 करोड़ से अधिक श्रमिक पंजीकृत हैं। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि मनरेगा के पारदर्शी और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सतत प्रयासरत किया जा रहा है ताकि ग्रामीण परिवार इस अधिनियम के प्रावधानों का लाभ प्राप्त कर सकें। मनरेगा का दायरा बहुत बड़ा है। इसमें देश भर के 2.69 लाख ग्राम पंचायतों में 26 करोड़ से अधिक पंजीकृत श्रमिक हैं। मंत्रालय ने कहा कि अधिनियम के अनुसूची के पैरा 2 के अनुसार ''ग्राम पंचायत का यह कर्तव्य होगा कि वह आवश्यक जांच के बाद आवेदन प्राप्त होने की तारीख से पंद्रह दिनों के भीतर एक जॉब कार्ड जारी करे। इसमें एक विशिष्ट जॉब कार्ड नंबर, पंजीकरण संख्या, बीमा पॉलिसी संख्या और आधार संख्या (यदि उपलब्ध हो) का उल्लेख हो।

# बांग्लादेश में 5.7 तीव्रता का भूकंप, छह लोगों की मौत

एजेंसी

ढाका । बांग्लादेश में शुक्रवार को आए 5.7 तीव्रता के भूकंप के कारण कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों के मुताबिक, भूकंप के झटके राजधानी ढाका और कुछ अन्य हिस्सों में महसूस किए गए तथा इस दौरान कई इमारतों को नुकसान पहुंचा और कुछ जगहों पर आग लग गई, जिससे निवासियों में दहशत फैल गई। अधिकारियों ने बताया कि ढाका में तीन लोगों, जबकि नारायणगंज में एक व्यक्ति की मौत की सूचना है। वहीं, दो अन्य मौतें नरसिंगडी में हुईं, जहां भूकंप का केंद्र सतह से लगभग 10 किलोमीटर नीचे स्थित था। स्थानीय मीडिया ने भूकंप के कारण देशभर में कम से कम 50 लोगों के घायल होने की खबर दी है। बांग्लादेश के मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि भूकंप स्थानीय समयानुसार पूर्वाह्न 10 बजकर 38 मिनट पर आया और इसका केंद्र ढाका के उत्तर-पूर्वी बाहरी इलाके में स्थित नरसिंगडी में 10 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। यह स्थान ढाका के अगरगांव क्षेत्र में भूकंपीय केंद्र से लगभग 13 किलोमीटर पूर्व में है। ढाका के पुलिस उपायुक्त मलिक अहसान उद्दीन सामी ने अग्निशमन सेवा के हवाले से बताया कि पुराने ढाका के अरमानीटोला इलाके में पांच मंजिला इमारत की रेलिंग, बांस की मचान और मलबा गिरने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि भीड़भाड़ वाले इलाके में एक राहगीर गंभीर रूप से घायल हो गया। सामी ने पुष्टि ● शेष पेज 11 पर



❒ अधिकारियों के मुताबिक, भूकंप के झटके राजधानी ढाका और कुछ अन्य हिस्सों में महसूस किए गए

# देश से एक-एक घुसपैठिये को चुन-चुनकर बाहर निकालेंगे : अमित शाह

एजेंसी

भुज। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को स्पष्ट शब्दों में कहा कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुरक्षित रखने के लिए घुसपैठियों को रोकना अनिवार्य है। इसके लिए देशवासियों को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में पूरा सहयोग देना चाहिए।

गुजरात के भुज में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की हीरक जयंती समारोह को संबोधित करते हुए गृहमंत्री शाह ने कहा कि राजनीतिक स्वार्थ के चलते एसआईआर का विरोध करने वाले दल देश के मतदाता सूची शुद्धिकरण अभियान को कमजोर कर रहे हैं, जबकि यह प्रक्रिया मजबूत लोकतंत्र की बुनियाद है।

शाह ने कहा कि देश से एक-एक घुसपैठिये को चुन-चुन कर बाहर निकाला जाएगा। बिहार की जनता के ताज़ा जनमत ने भी संदेश दे दिया है कि देशवासी घुसपैठियों को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस देश में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का चयन केवल भारत का नागरिक ही करेगा–किसी घुसपैठिये को लोकतांत्रिक व्यवस्था को दूषित करने का अधिकार नहीं है।

गृह मंत्री ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया लोकतंत्र को घुसपैठ से मुक्त करने का एक महत्वपूर्ण कदम है, इसलिए देश की जनता को इसमें सक्रिय रूप से सहयोग करना चाहिए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि जो राजनीतिक दल इस प्रक्रिया का विरोध कर रहे हैं, वे देशहित के विपरीत काम कर रहे हैं, लेकिन सरकार अपने दृढ़ संकल्प से पीछे नहीं हटेगी।

अमित शाह ने कहा कि बीएसएफ ने पिछले छह वर्षों में अपनी दक्षता और वीरता से विश्व को ● शेष पेज 11 पर



❒ देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुरक्षित रखने के लिए घुसपैठियों को रोकना अनिवार्य

### कर्नाटक में कांग्रेस सरकार के खिलाफ दुर्भावना पूर्ण अभियान चला रही भाजपा: सुरजेवाला

नई दिल्ली। कर्नाटक में कांग्रेस सरकार के भीतर मतभेद और असंतोष की खबरों को कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने खारिज कर दिया है। सुरजेवाला ने कहा कि उनकी मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री से विस्तृत चर्चा हुई, और दोनों इस बात पर सहमत हैं कि कर्नाटक में निर्णायक रूप से पराजित और गुटबद्ध भाजपा, मीडिया के एक वर्ग की मदद से कांग्रेस सरकार के खिलाफ एक दुर्भावनापूर्ण अभियान चला रही है। सुरजेवाला ने अपने एक्स पोस्ट में कहा कि इस अभियान का असली उद्देश्य कांग्रेस सरकार की उपलब्धियों और उसकी पांच गारंटी योजनाओं को कमजोर करना है, जो राज्य में समावेशी विकास और न्यायपूर्ण वितरण का सफल मॉडल बन चुकी हैं। कांग्रेस के कुछ नेताओं और विधायकों के अनावश्यक बयानों ने अटकलों को बढ़ाया, लेकिन पार्टी नेतृत्व ने उन्हें स्पष्ट चेतावनी दी है कि नेतृत्व से जुड़े मुद्दों पर कोई सार्वजनिक टिप्पणी न करें और अफवाहों का हिस्सा न बनें। उन्होंने कहा कि शीर्ष नेतृत्व सभी पार्टी पदाधिकारियों की राय पर ध्यान दे रहा है और सरकार ● शेष पेज 11 पर

एरियल डिस्प्ले के दौरान चंद सेकेंड के भीतर जमीन से छूने के बाद आग का गोला बना विमान

# दुबई एयर शो में भारत का लड़ाकू विमान तेजस क्रैश

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। दुबई एयर शो के दौरान क्रैश हुए भारत के तेजस विमान हादसे में पायलट की मौत हो गई है। भारतीय वायु सेना ने दुबई एयर शो के दौरान हुए तेजस विमान हादसे की जांच के आदेश दे दिए हैं। दुर्घटना का यह दृश्य बेहद दर्दनाक और दिल दहला देने वाला था। जांच टीमें घटना के कारणों का पता लगाने में जुट गई हैं।

दुबई में 17 नवम्बर से शुरू हुए एयर शो में वायु सेना की सारंग डिस्प्ले टीम और लड़ाकू विमान तेजस ने भारत की आसमानी ताकत का प्रदर्शन किया है। युद्धाभ्यास करने के साथ ही भारत के लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस ने अपने अंदाज में दुबई के लोगों और दुबई एयरशो के आगंतुकों को 'नमस्ते' करके वाहवाही लूटी। इस मौके पर लगाई गई प्रदर्शनी में भी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने एलसीए तेजस को अपने स्टॉल में प्रदर्शित किया है। एलसीए की आसमानी ताकत देखकर कई देशों ने तेजस के प्रति आकर्षित होकर अपनी रुचि दिखाई है। वायु सेना की सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम और तेजस फाइटर्स वाली एक टुकड़ी दुबई एयर शो के लिए दुबई के अल मकतूम एयरबेस पर उतरी थी। इस ग्लोबल इवेंट का मकसद इंटरऑपरेबिलिटी, ऑपरेशनल एज को बढ़ाना और मिलिट्री के साथ-साथ बिजनेस कोऑपरेशन को बढ़ावा देना है। एयर शो के आखिरी दिन आज दिन में भारत का लड़ाकू तेजस विमान उड़ान भरने के दौरान तेजी से नाक के बल नीचे की ओर गिरता दिखाई दिया और चंद सेकेंड के बाद 2 बजकर 10 मिनट पर जमीन से छूने के बाद आग का गोला बन गया। उस समय एयर शो को देखने के लिए हजारों दर्शक जमा थे। एयर शो में एरियल डिस्प्ले के दौरान दुर्घटना होने से दर्शकों के सामने बेहद दर्दनाक और दिल दहला देने वाला दृश्य पैदा हो गया, जिससे भगदड़ सी मच गई। दुबई वर्ल्ड सेंट्रल में अल मकतूम इंटरनेशनल एयरपोर्ट के ऊपर काला धुआं उठने के बाद सायरन बजने लगे। दुबई मीडिया ऑफिस ने तेजस क्रैश के बाद की एक तस्वीर जारी की है। दुबई मीडिया ऑफिस के मुताबिक फायर फाइटर्स और इमरजेंसी टीमों ने घटना पर तुरंत कार्रवाई की और मौके पर ही स्थिति को संभाला। यूएई ● शेष पेज 11 पर

**पायलट की मौत, जांच के आदेश**



# एकता के लिए एकरूपता आवश्यक नहीं: भागवत

एजेंसी

इम्फाल। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने मणिपुर प्रवास के दूसरे दिन शुक्रवार को यहां जनजातीय प्रतिनिधियों के साथ संवाद किया। उन्होंने समाज में स्थायी शांति, सौहार्द और प्रगति के लिए एकता एवं चरित्र निर्माण को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि भ्रातृत्व ही भारत का धर्म है। उन्होंने कहा कि एकता के लिए एकरूपता आवश्यक नहीं है। डॉ. भागवत ने कहा कि संघ पूर्णतः सामाजिक संगठन है, जिसका उद्देश्य समाज को जोड़ना है। संघ किसी के विरुद्ध नहीं है। यह मित्रता, स्नेह और सद्भाव से समाज को मजबूत बनाने का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि भारत की सभ्यतागत चेतना हजारों वर्षों पुरानी है। उन्होंने कहा, ल्लहमारी विविधता सुंदर है, पर हमारी चेतना एक है। एकता के लिए एकरूपता आवश्यक नहीं। अध्ययन बताते हैं कि भारत के लोगों का सांस्कृतिक और आनुवंशिक डीएनए 40 हजार वर्षों से एक है। डॉ. भीमराव अंबेडकर को उद्धृत करते हुए डॉ. भागवत ने कहा कि संविधान के मूल मूल्य- स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व- भगवान बुद्ध की शिक्षाओं से प्रेरित हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया के कई देश इसलिए असफल रहे क्योंकि उन्होंने भाईचारा नहीं अपनाया; जबकि भारत में भ्रातृत्व ही धर्म है। उन्होंने स्पष्ट किया कि संघ राजनीति नहीं करता और न किसी संगठन को निर्देशित करता है। उन्होंने कहा कि संघ मनुष्य निर्माण और चरित्र निर्माण का अभियान है। इसकी सच्चाई जाननी हो तो शाखा में आइए। जनजातीय नेताओं द्वारा उठाए ● शेष पेज 11 पर



# विश्व धरोहर सप्ताह पर छात्रों ने पांडुलिपियों का किया अवलोकन

प्रयागराज। विश्व धरोहर सप्ताह (19 से 25 नवम्बर 2025) के अवसर पर गुरुवार को चौधरी महादेव प्रसाद महाविद्यालय, प्रयागराज के छात्रऽछात्राओं ने राजकीय पाण्डुलिपि पुस्तकालय, प्रयागराज में शैक्षिक भ्रमण कर भारत की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक व कलात्मक पांडुलिपियों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया।मध्यकालीन एवं आधुनिक इतिहास विभाग के संयोजक डॉ. नीरज कुमार सिंह के नेतृत्व में पहुँचे विद्यार्थियों ने सर्वप्रथम पुस्तकालय में संरक्षित मूल पांडुलिपियों को देखा। इस दौरान छात्रों ने साहित्यिक, सांस्कृतिक तथा ऐतिहासिक महत्व वाले ग्रंथों को नज़दीक से समझा।भ्रमण के दौरान प्राविधिक सहायक हरिश्चन्द्र दुबे व डॉ. शाकिरा तलत ने पांडुलिपियों के संरक्षण, रख-रखाव तथा उनके महत्व पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। साथ ही प्रश्नोत्तर सत्र में उपस्थित विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया तथा शोध से संबंधित महत्वपूर्ण दिशाऽनिर्देश भी दिए गए।ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, विष्णु पुराण, वाल्मीकि रामायण, भगवद्गीता, चरक संहिता, हरिवंश पुराण, कुमार संभवम्, सम्पूर्ण महाभारत, रामचरितमानस, मुग़लकालीन फरमान, तुगरा, अलऽकुरान, नलऽदमयंती, आईने अकबरी, रामायण मसीही तथा फ़ारसी में लिखित रामायणऽमहाभारत सहित कई महत्वपूर्ण पांडुलिपियों का छात्रों ने साक्षात्कार किया।कार्यक्रम में डॉ. अखिलेश यादव, डॉ. मुनींद्र शुक्ला, डॉ. विजय कुमार एवं डॉ. अंशु भी उपस्थित रहे। सभी शिक्षकों ने छात्रों को धरोहर संरक्षण के प्रति जागरूक रहने हेतु प्रेरित किया।अंत में पाण्डुलिपि अधिकारी गुलाम सरवर ने प्रतिभाग करने वाले अध्यापकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रोशन लाल, अजय कुमार, मोहम्मद शफीक, शुभम कुमार, अभिषेक कुमार, आनंद कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे

## प्रधानमंत्री मोदी ने काशी सांसद खेलकूद प्रतियोगिता के विजेताओं व प्रतिभागियों को दी बधाई

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने काशी सांसद खेलकूद प्रतियोगिता के विजेताओं व प्रतिभागियों को दी बधाई है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ''एक्स'' पर काशी सांसद खेलकूद प्रतियोगिता के सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में लिखा, ''काशी सांसद खेलकूद प्रतियोगिता के सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को मेरी बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं'' इसमें हिस्सा लेने वाले युवा साथियों का जो जोश और उत्साह देखने को मिला, वह अद्भुत था। उन्होंने अपनी क्षमता और कौशल का शानदार प्रदर्शन किया।

# यूपी देश का सबसे बड़ा महिला-नेतृत्व वाला स्टार्टअप हब बने : योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। फिक्की फ्लो के राष्ट्रीय अधिवेशन में शुक्रवार शाम इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में तीन दिवसीय मेगा इवेंट में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे।महिला उद्यमिता, स्टार्टअप इनोवेशन और 'मेक इन यूपी' को वैश्विक पहचान दिलाने की चुनौतियों पर केंद्रित कार्यक्रम का मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया।फिक्की फ्लो के वार्षिक राष्ट्रीय अधिवेशन में देशभर के 21 से अधिक चैप्टरों से 500 से अधिक महिला उद्यमी, उद्योग जगत के प्रतिनिधि और नीति निर्माता लखनऊ पहुंचे हैं। इस बार सम्मेलन का मुख्य फोकस उत्तर प्रदेश में महिलाओं की आर्थिक सहभागिता बढ़ाना एमएसएमई सेक्टर में महिला नेतृत्व को आगे लाना और स्टार्टअप इकोसिस्टम में नई संभावनाओं पर चर्चा करना है।कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ ने ने कहा कि उत्तर प्रदेश महिला उद्यमिता को नई ऊंचाई देने के लिए प्रतिबद्ध है। पिछले सात वर्षों में यूपी ने कानून-व्यवस्था, बुनियादी ढांचा, निवेश और उद्योगों के लिए अनुकूल माहौल तैयार किया है, जिससे महिलाओं के लिए नए अवसर खुले हैं।कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा- आज यूपी महिला सुरक्षा और महिला स्वावलंबन के मामले में देश का अग्रणी राज्य बन चुका है। मिशन शक्ति,ओडीओपी, महिला सेल्फ-हेल्प ग्रुप्स और स्टार्टअप पॉलिसी जैसे अभियानों ने लाखों महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाया है। उन्होंने कहा- सरकार का लक्ष्य है कि आने वाले वर्षों में यूपी देश का सबसे बड़ा महिला-नेतृत्व वाला स्टार्टअप हब बने।उन्होंने कहा प्रदेश सरकार की अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत अपराध कम हुए और व्यापार का सुरक्षित माहौल बना है।उन्होंने कहा कि आज पूरे प्रदेश में 43000 से भी ज्यादा महिला पुलिसकर्मी कार्यरत हैं जिससे महिलाओं की सुरक्षा और भी आसान हुई है।प्रदेश सरकार द्वारा महिला एंटरप्रेन्योर्स के लिए कई सरकारी योजनाएं चल रही हैं जिनका लाभ अधिक से अधिक महिलाओं को लेना चाहिए।बेसिक शिक्षा में योगदान के लिए फिक्की फ्लो जैसे संगठन को आगे आना चाहिए।महिलाओं के लिए इंडस्ट्रियल पार्क के लिए मदद का भरोसा भी उन्होंने दिया।फिक्की फ्लो की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूनम शर्मा ने कहा कि लखनऊ में राष्ट्रीय अधिवेशन होना अपने आप में इस बात का संकेत है कि उत्तर प्रदेश महिला नेतृत्व और औद्योगिक विकास का मजबूत केंद्र बनता जा रहा है।सरकार कौशल विकास के लिए बहुत पैसा दे रही है। इससे ब्यूटी पार्लर, कंप्यूटर, सिलाई-कढ़ाई, हैंडलूम, अगरबत्ती, सेनेटरी पैड, हेल्थ न्यूट्रिशन प्रोडक्ट तैयार करना सिखाया जा रहा है।कार्यक्रम में महिला निवेशकों से नेटवर्किंगपर विशेष रूप से फोकस किया गया।अधिवेशन के दौरान महिला उद्यमियों के लिए स्टार्टअप एक्सपो, निवेशक उद्यमी मीट, बिजनेस इनक्यूबेशन सेशन, फैशन, लाइफस्टाइल शोकेस और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों की मास्टरक्लास आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लखनऊ चैप्टर की चेयरपर्सन वंदिता अग्रवाल ने कहा कि हम महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है और ग्रामीण क्षेत्र की 500 से अधिक महिलाओं को रोजगार से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत करने की दिशा में हम कार्य कर रहे हैं ।इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में महिला उद्यमियों, वक्ताओं और नीति विशेषज्ञों की पैनल डिस्कशन शुरू हुई, जिसमें निवेश, डिजिटल स्किल्स, वैश्विक व्यापार और महिला-नेतृत्व वाले एमएसएमई सेक्टर को लेकर कई महत्वपूर्ण सुझाव सामने आए।

## टोल प्लाज़ा पर महिला से दुष्कर्म व अश्लील वीडियो बनाने का आरोप, बारा थाने में मुकदमा दर्ज

**प्रयागराज।** जिले से एक शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है, जहाँ एक महिला ने गन्ने टोल प्लाज़ा पर तैनात कुछ कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए यमुनानगर ज़ोन के बारा थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता ने पुलिस को दिए प्रार्थनापत्र में आरोप लगाया कि टोल प्लाज़ा के कर्मचारियों ने पहले उसकी अश्लील वीडियो बनाई और इसके बाद उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी उसे धमकाने भी लगे।पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच एक विशेष टीम को सौंपे जाने की संभावना है।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सबूतों के आधार पर आगे की कार्रवाई तेज की जाएगी।

## सीएम योगी के प्रयागराज आगमन से पहले प्रशासन सतर्क, हाई-लेवल मीटिंग जारी

प्रयागराज। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित दौरे से पहले शहर में सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की हाई-लेवल मीटिंग जारी है।बैठक में वरिष्ठ अधिकारी मौके पर तैनात किए जाने वाले पुलिसकर्मियों को सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देश दे रहे हैं। मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए शहर के प्रमुख मार्गों, कार्यक्रम स्थलों और संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा-व्यवस्था को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।अधिकारियों का कहना है कि ड्यूटी पर तैनात सभी पुलिसकर्मियों को उनकी भूमिका और दायित्वों के बारे में स्पष्ट ब्रीफ किया जा रहा है, ताकि दौरे के दौरान किसी भी प्रकार की सुरक्षा चूक न हो।

## 12 संतोष मेडिकेयर में नि:शुल्क हुआ आँख की जाँच

**कोराव।** प्रयागराज विकास खण्ड कोराव के पांडेय का मड़हा चाँदी गाव के तरह जाने वाली नहर पर संचालित संतोष मेडिकेयर में नि:शुल्क आँख की जाँच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के गाँव से आये जरूरतमंद लोगों को नि:शुल्क आँख का इलाज, दवाई और चश्मा दिया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य पिंटू चौबे जी और विशिष्ट अतिथि डाक्टर अनिल पांडेय जी और प्रमोद मिश्र पयासी ने शिविर का उद्घाटन किया और उपस्थित जनता को संबोधित किया।

# डीएम ने निर्माणाधीन मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली । जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने राही विकास खण्ड के निर्माणाधीन मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय बेला-भेला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियन्ता को प्रयोग में लायी जा रही सामग्री का लैब परीक्षण कराये जाने के निर्देश दिए। उक्त निर्माणाधीन विद्यालय का भूमि पूजन 20 जून, 2025 में किया गया था। इस विद्यालय में प्री-प्राइमरी से कक्षा 12 तक की शिक्षा प्रदान की जायेगी इस विद्यालय में सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेगी। प्रत्येक कक्षा में डिजिटल एजूकेशन प्लेटफार्म एवं डिजिटल लर्निंग के माध्यम से शिक्षा प्रदान की जायेगी गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिये आधुनिक विज्ञान प्रयोगशाला, कम्प्यूटर लैब डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की जायेगी। कक्षा 11 एवं 12 के लिये विज्ञान, कला एवं वाणिज्य के सभी विषयों की कक्षाएं संचालित की जायेगी, साथ ही सभी अवस्थापना सम्बन्धी सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी, साथ ही सभी विषयों की कक्षांए संचालित की जायेगी। जिलाधिकारी ने बताया कि यह विद्यालय सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। साथ ही कार्यदायी संस्था को निर्देश दिया कि निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाये। निरीक्षण के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सुधीर सहित संबंधित अधिकारी व कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

# डीईओ ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की प्रक्रिया की प्रगति व दिशा-निर्देशों की दी जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली । जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने जनपद के समस्त प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। इस दौरान उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जनपद में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की प्रक्रिया की प्रगति, दिशा-निर्देशों और कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देते हुए सभी प्रतिनिधियों से मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करने में सहयोग की अपील की।

उन्होंने आश्वस्त किया कि एसआईआर के दौरान किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होने दी जाएगी, इसके सख्त निर्देश सभी अधिकारियों को दिए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि बीएलओ द्वारा 4 नवम्बर से गणना प्रपत्र के वितरण का कार्य शुरु किया गया था। 04 दिसंबर तक मतदाताओं से गणना प्रपत्र भरवाकर जमा किया जाना है। 9 दिसंबर को मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन किया जाएगा। फिर 9 दिसम्बर से 8 जनवरी तक प्राप्त दावे एवं आपत्तियों पर सुनवाई के बाद 7 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। ऑनलाइन माध्यम से भी लोगों को गणना प्रपत्र भरने की सुविधा दी गई है।

उन्होंने कहा कि सभी राजनैतिक दलों से प्रत्येक बूथ पर अपने बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने का भी अनुरोध किया गया है। उन्होंने कहा कि राजनैतिक दलों के बीएलए भी गणना प्रपत्र भरवाने में मतदाताओं का सहयोग करें, जिससे एसआईआर की प्रक्रिया को और आसान व पारदर्शी बनाया जा सके। बीएलए अधिकतम 50 गणना प्रपत्र प्रतिदिन भरवाकर बीएलओ को दे सकते हैं। बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित और संग्रहित कर रहे। उन्होंने बताया कि वर्ष 2003 की मतदाता सूची और पर उपलब्ध है, यहां से भी डाउनलोड की जा सकती है। उन्होंने बताया कि मतदाताओं की सहायता के लिए जिले एवं विधानसभा स्तर पर हेल्प डेस्क बनाए गए है, जहां से मतदाताओं की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। जिला संपर्क केंद्रों (डीसीसी) के फोन नंबर 1950 व बुक अ कॉल विद बीएलओं पर भी बीएलओं से संपर्क कर अपनी समस्याएं दर्ज करा सकते हैं।

# एसआईआर में बढ़ चढ़कर शामिल हों लोग : शिवनाथ मिश्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में आगामी निर्वाचन तैयारियों के दृष्टिगत निर्वाचक नियमावली को शुद्ध,त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाने हेतु जनपद में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अन्तर्गत आज जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने पद्मश्री सम्मान से सम्मानित और बनारस घराने के प्रख्यात सितारवादक शिवनाथ मिश्र से भदैनी स्थित उनके आवास पर जाकर मुलाकात किया। जिलाधिकारी ने सितारविद से कुशलक्षेम पूछा और विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।इसके बाद मौके पर जिलाधिकारी द्वारा उन्हें गणना प्रपत्र दिया गया और प्रपत्र भरने के बारे में बताया गया।इसके बाद ज़िलाधिकारी ने मौके पर मौजूद बीएलओ को परिवार के अन्य सदस्यों को भी गणना प्रपत्र के फॉर्म भरवाकर संग्रहित करने का निर्देश दिया। सितारविद ने भी इस अभियान में लोगों को बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की।

इसके बाद जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदेय स्थल प्राथमिक विद्यालय,दुर्गाकुंड-प्रथम का निरीक्षण कर गणना प्रपत्रों के भरने,संग्रहित करने और डिजिटाइजेशन कार्यों की जानकारी ली और बीएलओ व सुपरवाइजर को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।मौके पर मौजूद दिव्यांग मतदाता राजकुमार पांडेय का गणना प्रपत्र भरवाया गया और ए ई आर ओ को डिजिटाइजेशन कराने के निर्देश दिए।कहा कि कोई भी मतदाता छूटना नहीं चाहिए।उन्होंने बीएलओ को निर्देशित किया कि सभी मतदाताओं तक गणना प्रपत्र बटवाना और भरवाना सुनिश्चित कराएं।इस दौरान जिलाधिकारी स्कूल में पढ़ने आए बच्चों से मिले और अंकगणित के बेसिक ज्ञान को परखा।इस दौरान संबंधित क्षेत्र के ई आर ओ,बीएलओ व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# दलों को बीएलए की सूची उपलब्ध कराएं

वाराणसी। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य को सकुशल और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी / जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजननितिक दल के प्रतिनिधियों / पदाधिकारियों के साथ बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। उन्होंने कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी व सीपीआई-एम को विधानसभावार शेष बीएलए की सूची तत्काल उपलब्ध कराने व उन्हें सभी जगहों पर सक्रिय करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों से कहा कि यदि बीएलए को दुबारा प्रशिक्षण की आवश्यकता हो तो एक दिन सूचना देकर प्रशिक्षण कार्य फिर से संपन्न करा दिया जाए। उन्होंने सभी से विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में सहयोग करने की अपेक्षा की, कहा बिना आपके सहयोग इतना बड़ा कार्य संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि सूची मिलान और डिजिटाइजेशन के लिए शिक्षकों व पंचायत



सहायकों की ड्यूटी लगाई जाएगी। मतदाताओं को किसी भी तरह की परेशानी न होने पाए इसके लिए मतदान केंद्रों पर हेल्प डेस्क स्थापित किए जाएँगे ताकि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान सकुशल संपन्न हो सके। उन्होंने राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों से मतदेय स्थलों के संबंध में जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा बनाए गए ह्वाट्सऐप ग्रुप में फीडबैक देने का अनुरोध किया या वर्तमान बूथ से सम्बन्धित कोई दावा / आपत्ति हो तो जिला निर्वाचन कार्यालय एवं सम्बन्धित उप जिलाधिकारी के कार्यालय में लिखित रूप से अवगत कराये। साथ ही अधिक से अधिक मतदाताओं के गणना प्रपत्रों को ऑनलाइन भरवाने का आग्रह भी किया।

## माघ मेले को लेकर रेलवे ने की तैयारी

वाराणसी। आगामी माघ मेला-2026 के परिप्रेक्ष्य में मंडल रेल प्रबंधक, वाराणसी आशीष जैन ने बनारस ऽ प्रयागराज रामबाग रेल खण्ड का विण्डो ट्रेलिंग निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होंने मंडलीय अधिकारियों के साथ निगतपुर,कटका एवं प्रयागराज रामबाग रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षक के दौरान वरिष्ठ मंडल इंजीनियर समन्वय श्री विकास कुमार सिंह, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर तृतीय श्री आयुष कुमार सिंह, मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर श्री पी.के वैस, सहायक मंडल संरक्षा अधिकारी श्री अभिषेक कुमार, सहायक मंडल इंजीनियर लाइन श्रीमती मुक्ता सिंह, सहायक वाणिज्य प्रबंधक श्री पी.के मिश्रा सहित वरिष्ठ पर्वेक्षक उपस्थित थे।


**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| नीलामी सूची सं० | Catg2025 |
| कार्य का विवरण | Allotment of catering Stall at PYGS station of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years. |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 18.11.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 03.12.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 03.12.2025 at 11:30 hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

Details of catering stalls to be auctioned are as under:

| SN | Station | Lot No | Stall ID | Close Date/Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | PRAYAGRAJ SANGAM | Catg-LKO-PYGS-SMU-42-24-1 | PYGS/PF-1/104/NEW | 03.12.2025 at 11:30 hrs. | SMU | SC |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3620/25

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि 12.12.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे, यदि कोई मैनुयल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | | 01182025 दिनांक 20.11.2025 |
| 2 | निविदा संख्या | | 22-Sr.DEN-I/LKO/2025-26, 23-Sr.DEN-I/LKO/2025-26, 24-Sr.DEN-I/LKO/2025-26 एवं 25-Sr.DEN-I/LKO/2025-26 |
| 3 | कार्य का नाम | क्रम सं. 1 | सहायक मण्डल इंजीनियर/वर्कशॉप/आलमबाग/लखनऊ के अधीन वरि. खण्ड अभियन्ता/कार्य/वर्कशॉप/आलमबाग के खण्ड में कैरिज वर्कशॉप आलमबाग लखनऊ में अग्निशमन प्रणाली में सुधार। |
| | | क्रम सं. 2 | लखनऊः सहायक मण्डल इंजीनियर-मुख्यालय के अधीन वरिष्ठ खण्ड अभियंता / कार्य / आलमबाग - पश्चिम के अनुभाग में जेआरआरपीएफ अकादमी में सेवा भवनों की वार्षिक मरम्मत, पेंटिंग तथा अन्य विविध कार्य। |
| | | क्रम सं. 3 | सहायक मण्डल इंजीनियर/वर्कशॉप/आलमबाग/लखनऊ के अधीन वरि. खण्ड अभियंता/कार्य/वर्कशॉप/आलमबाग के अनुभाग में कैरिज वर्कशॉप आलमबाग लखनऊ की जल निकासी व्यवस्था का विस्तार एवं सुधार। |
| | | क्रम सं. 4 | सहायक मण्डल इंजीनियर/वर्कशॉप/आलमबाग/लखनऊ के अधीन वरि. खण्ड अभियंता/कार्य/वर्कशॉप/आलमबाग के अनुभाग में कोचों की मशीनीकृत पेंटिंग के लिए बुनियादी ढांचे और सुविधाओं का विस्तार। |
| 4 | अनुमानित लागत | क्र.सं. 01 के लिए | Rs. 5,90,52,596.99 |
| | | क्र.सं. 02 के लिए | Rs. 1,89,10,444.47 |
| | | क्र.सं. 03 के लिए | Rs. 6,04,12,195.57 |
| | | क्र.सं. 04 के लिए | Rs. 2,05,39,093.12 |
| 5 | धरोहर राशि | क्र.सं. 01 के लिए | Rs. 4,45,300/- |
| | | क्र.सं. 02 के लिए | Rs. 2,44,600/- |
| | | क्र.सं. 03 के लिए | Rs. 4,52,100/- |
| | | क्र.सं. 04 के लिए | Rs. 2,52,700/- |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | क्र.सं. 01 के लिए | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से नौ माह। |
| | | क्र.सं. 02 के लिए | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह। |
| | | क्र.सं. 03 के लिए | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से नौ माह। |
| | | क्र.सं. 04 के लिए | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ तिथि | | 28.11.2025 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | | 12.12.2025, 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाईट | | www.ireps.gov.in |

नोटः- निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 3617/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# विद्युत राहत योजना को लेकर करें जागरूक : एके शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने मऊ प्रवास के दौरान बहुद्देशीय भवन मंगलम में आयोजित विद्युत शिविर में विद्युत राहत योजना के बारे में विस्तार से बताते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गांव गांव में शिविर लगाकर उपभोक्ताओं को इस योजना की जानकारी देते हुए उन्हें इसका लाभ प्रदान करें।

ऊर्ज़ा मंत्री ने बताया कि विद्युत बिल राहत योजना 2025 के अंतर्गत बकाया धनराशि को एक मुश्त जमा करने पर सरचार्ज में 100 प्रतिशत एवं मूलधन में 25 प्रतिशत तक छूट देने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। उन्होंने इस योजना को जनता के लिए सरकार का उपहार और जनसहभागिता से जुड़ी अभूतपूर्व पहल बताया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी उपभोक्ता बिजली बिल के बोझ तले दबा न रहे और साथ ही राज्य की बिजली वितरण व्यवस्था आर्थिक रूप से सुदृढ़ बने। इस योजना से एक ओर जहां सरकारी खजाने में भारी राजस्व की वृद्धि होगी, वहीं दूसरी ओर घरेलू व वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को बड़ी आर्थिक राहत प्राप्त होगी। ऊर्ज़ा मंत्री श्री शर्मा ने बताया कि योजना के अंतर्गत यदि कोई उपभोक्ता अपना बिजली बिल एकमुश्त जमा करता है, तो उसे सरचार्ज में 100 प्रतिशत के साथ-साथ बकाए के मूलधन में 25 प्रतिशत छूट मिलेगी। यह छूट तीन चरणों में दी जाएगी। प्रथम चरण (1 दिसंबर 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक) पंजीकरण कराने पर 25 प्रतिशत, द्वितीय चरण (1 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक) में 20 प्रतिशत तथा तृतीय चरण (1 फरवरी 2026 से 28 फरवरी 2026 तक) पंजीकरण कराने में 15 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। मंत्री श्री शर्मा ने कहा, ल्लजो उपभोक्ता पहले पंजीकरण कर भुगतान करेंगे, उन्हें अधिक लाभ मिलेगा। इसलिए प्रदेश के नागरिकों से अपील है कि वे योजना के प्रथम चरण में ही भाग लें। यह योजना घरेलू उपभोक्ताओं (2 किलोवाट तक) और वाणिज्यिक



उपभोक्ताओं (1 किलोवाट तक) दोनों के लिए लागू होगी।इतना ही नहीं, बिजली चोरी से संबंधित प्रकरणों में राजस्व निर्धारण धनराशि पर भी छूट देने का प्रावधान किया गया है। इससे उन उपभोक्ताओं को भी राहत मिलेगी जो अनजाने में तकनीकी अथवा मीटर संबंधी त्रुटियों के कारण विवादों में फंसे हुए थे। ऊर्ज़ा मंत्री ने कहा कि सरकार ने गरीब और मध्यमवर्गीय उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मासिक किस्तों में भुगतान की सुविधा भी दी है। इससे वे उपभोक्ता, जो एकमुश्त भुगतान करने में असमर्थ हैं, वे भी योजना का लाभ उठाकर अपने बकाया बिलों का निस्तारण 750? प्रतिमाह कर सकते हैं। यह कदम प्रदेश के लाखों छोटे उपभोक्ताओं को आर्थिक सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाने वाला होगा। श्री शर्मा ने कहा कि योजना के दौरान विभाग ओवर बिलिंग और अंडर बिलिंग वाले उपभोक्ताओं के बिलों का भी संशोधन करेगा, जिससे उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त वित्तीय भार न पड़े और उन्हें सही व पारदर्शी बिलिंग का लाभ मिले। उन्होंने कहा कि ल्लयह केवल एक छूट योजना नहीं, बल्कि उपभोक्ता के विश्वास और पारदर्शिता को पुनः स्थापित करने की मुहिम है। ऐसे उपभोक्ताओं को बिल की धनराशि जमा करने हेतु एक मासिक औसत धनराशि निधारित की गई है। बिलिंग सिस्टम द्वारा इन उपभोक्ताओं के विद्युत बिल, नारमेटिव धनराशि के आधार पर संसोधित किए जायेंगे। इस योजना के लिए पंजीकरण प्रक्रिया को अत्यंत सरल बनाया गया है। उपभोक्ता विभागीय वेबसाइट बबब.फध्ध्दद्य.धन्द पर, संबंधित खंड/उपखंड कार्यालय, जन सेवा केंद्र (एट्टए) एवं किसी भी विभागीय कैश काउंटर से पंजीकरण कर सकते हैं। पंजीकरण के संबंध में मंत्री श्री शर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी उपभोक्ता को प्रक्रिया में कोई कठिनाई न हो और सभी आवेदन समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से स्वीकार किए जाएं साथ ही पूरी प्रक्रिया की सतत निगरानी भी की जाए। योजना के अंतर्गत चोरी के प्रकरणों में सम्मिलित व्यक्तियों को राजस्व निर्धारण धनराज में छूट प्राप्त करने हेतु व्यक्ति को पंजीकरण करना होगा। पंजीकरण कराने के लिए व्यक्ति को 2000 ? अथवा राजस्व निर्धारण धनराशि का 10 प्रतिशत धनराशि जो भी अधिक हो, का भुगतान करना होगा। ऊर्ज़ा मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने कहा कि यह योजना जनता के लिए लाई गई एक अभूतपूर्व पहल है। हमने हमेशा यह प्रयास किया है कि जनता को न केवल बिजली मिले बल्कि राहत भी मिले। 'बिजली बिल राहत योजना 2025' से जनता को आर्थिक बोझ से मुक्ति मिलेगी और बिजली विभाग के प्रति उनका विश्वास और भी मजबूत होगा। उन्होंने आगे कहा कि यह योजना जनता की योजना, जनता के लिए है और हर उपभोक्ता को इसका लाभ लेना चाहिए।

नगर आयुक्त का रानी लक्ष्मीबाई वार्ड और अमीनाबाद क्षेत्र में नागरिक सुविधाओं का औचक निरीक्षण

# नगर आयुक्त ने रैन बसेरों का लिया जायजा पार्किंग व अन्य सुविधाओं पर दिया जोर

**निरीक्षण के दौरान लाल खंभे के निकट सार्वजनिक शौचालय की स्थिति देखी गई और दरवाजे दुरुस्त करने तथा जलापूर्ति सुधारने को कहा**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने शुक्रवार सुबह रानी लक्ष्मीबाई वार्ड और अमीनाबाद क्षेत्र में नागरिक सुविधाओं का औचक निरीक्षण किया।

घंटाघर पार्किंग में निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने इंटरलॉकिंग, सीसी कार्य और साइनेज लगाने में तेजी लाने के निर्देश दिए। अमीनाबाद में हाल ही में खाली कराए गए पार्किंग स्थल का निरीक्षण करते हुए उन्होंने रैंप निर्माण शीघ्र पूर्ण करने तथा सूचना बोर्ड लगाने को कहा, ताकि वाहन चालकों को सुगमता मिले। पास स्थित रैन बसेरे में चल रही पेंटिंग और व्यवस्था की भी जांच की गई।

नगर आयुक्त ने बेडशीट बदलने, दरवाजों की मरम्मत, किचन व प्रकाश व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। इसके अलावा भूमिगत पार्किङ की एप्रोच बेहतर करने और बाइक पार्किंग बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। निरीक्षण के दौरान लाल खंभे के निकट सार्वजनिक शौचालय की स्थिति देखी गई और दरवाजे दुरुस्त करने तथा जलापूर्ति सुधारने को कहा गया। इस मौके पर क्षेत्रीय पार्षद, अपर नगर आयुक्त और नगर निगम के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। नगर आयुक्त ने निर्देशित किया कि सभी कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण हों ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएँ मिल सकें।

## रस्सी के सहारे पंखे के हुक से लटक कर युवक ने दी जान

बंथरा। इलाके में गुरुवार देर शाम एक अधेड़ युवक ने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। अधेड़ द्वारा यह कदम क्यों उठाया गया यह नहीं पता चला पर घटना से परिवार में मातम छा गया। बताते हैं अधेड़ युवक की मौत के बाद परिवार में उसका एक बेटा और बेटी है बचे हैं दोनों अविवाहित हैं। युवक की पत्नी की मौत पहले ही हो चुकी है। बीबीपुर निवासी 55 वर्षीय बंशी गौतम मजदूरी करते थे।गुरुवार देर शाम बंशी का बेटा और बेटी घर के बाहर थे। इसी दौरान बंशी ने कमरे के अंदर से दरवाजा बंद कर पंखे के हुक से रस्सी के सहारे फांसी लगा ली। कुछ देर बाद जब बेटा अंकित घर के अंदर गया तो उसने दरवाजा बंद पाया और कई बार आवाज लगाई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला।अंकित ने खिड़की से झांक कर देखा तो उसके पिता फंदे से लटके हुए थे। घटना से हड़कंप मच गया आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। लोगों ने दरवाजा तोड़कर बंशी को नीचे उतारा, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलने पर बंथरा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौके पर अपनी जांच पड़ताल की कार्यवाही की।

## बीकेटी के कुछ क्षेत्रो में आज विद्युत अपूर्ति रहेगी बाधित

बीकेटी,लखनऊ। विद्युत उपकेंद्र मामपुर बाना से निर्गत 11 केवी बरगदी फीडर पर आ रही पेड़ की डाले और लाईन मेंटेनेंस,जंपरों को टाइट करने हेतु आज सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक कुल लगभग 3 घंटे का शटडाउन रहेगा।11केवी बरगदी फीडर से संबंधित सभी उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।प्रभावित क्षेत्र बाना गांव,शक्तिनगर,आईटीएम कॉलेज,शिव विहार कॉलोनी,बरगदी,मामपुर रोड पिंक सिटी,बरगदी गांव,पतोरा गंज,अस्ति रोड,दुर्गापुरम कॉलोनी,रुद्र नगर,आदित्य विहार कॉलोनी सहित आस पास के क्षेत्र प्रभावित रहेंगे।

## दिल्ली धमाका केस में एनआईए की कार्रवाई तेज, लखनऊ में भी छापेमारी व पूछताछ की गतिविधियां बढ़ीं

लखनऊ, दिल्ली। दिल्ली धमाका मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। डॉ. शाहीन समेत चार आरोपियों को गत्र्ह की कस्टडी में लेकर जांच को नई दिशा देने की तैयारी की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक एजेंसी की टीमें उत्तर प्रदेश में भी सक्रिय हैं और कई स्थानों पर संदिग्ध गतिविधियों की पुष्टि के बाद जांच का दायरा बढ़ाया गया है।सूत्र बताते हैं कि गत्र्ह जल्द ही डॉ. शाहीन को लखनऊ और कानपुर लेकर आ सकती है, ताकि उनके पिछले दो महीनों की यात्राओं, मुलाकातों और संपर्कों की विस्तृत जांच की जा सके। वहीं आरोपी आदिल को सहारनपुर लाए जाने की भी चर्चा है, जहां उससे जुड़े नेटवर्क की जानकारी जुटाई जाएगी।जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि दोनों आरोपी हाल के दिनों में किस-किस के संपर्क में थे और किन जगहों की यात्रा की थी। इस सिलसिले में कई महत्वपूर्ण लोकेशन और डिजिटल रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है।इस हाई-प्रोफाइल केस में गत्र्ह के साथ ऋछ, जम्मू-कश्मीर पुलिस और उत्तर प्रदेश एटीएस भी संयुक्त रूप से काम कर रही हैं। UPATS ने कई डॉक्टरों और अन्य संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ तेज कर दी है। एजेंसियां जल्द ही इस मामले में बड़े खुलासों की संभावना जता रही हैं, जबकि सुरक्षा एजेंसियां यूपी में सतर्कता बढ़ाने की दिशा में भी काम कर रही हैं।

## यूपी में खतौनी में नाम संशोधन की नई सुविधा जल्द 3 करोड़ से अधिक किसानों को मिलेगा सीधा लाभ

लखनऊ । उत्तर प्रदेश सरकार किसानों के हित में एक और बड़ी पहल करने जा रही है। अब किसान अपने आधार कार्ड के अनुसार खतौनी में नाम संशोधन करवा सकेंगे। राजस्व परिषद ने इस नई सुविधा को लागू करने की तैयारियां तेज कर दी हैं, और माना जा रहा है कि इसे जल्द ही पूरे प्रदेश में शुरू कर दिया जाएगा। इस कदम से प्रदेश के 3 करोड़ से अधिक किसानों को प्रत्यक्ष लाभ पहुंचेगा। खास तौर पर वे किसान जो आधार और खतौनी में नाम असमानता के कारण प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से वंचित रह जाते थे, उनके लिए यह सुविधा बेहद महत्वपूर्ण साबित होगी। नाम की गलतियों और पुराने रिकॉर्ड की वजह से कई पात्र किसानों को सम्मान निधि की किस्तें नहीं मिल पा रही थीं।सरकारी सूत्रों के मुताबिक, खतौनी को आधार से लिंक करने का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। नई डिजिटल प्रक्रिया लागू होने के बाद किसान स्वयं या जनसेवा केंद्रों के माध्यम से नाम शुद्धिकरण करा सकेंगे, जिससे राजस्व विभाग पर भार भी कम होगा और प्रक्रियाएं ज्यादा पारदर्शी बनेंगी।सरकार का दावा है कि इस व्यवस्था से रिकॉर्ड अपडेट होने के साथ-साथ योजनाओं का लाभ अधिक सटीकता से किसानों तक पहुंच सकेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में भी निर्देश भेजे जा रहे हैं ताकि राजस्व कर्मचारी किसानों को नई सुविधा के बारे में जागरूक कर सकें।

## अपना घर हटाओ, बिजली का तार इसी रास्ते से जाएगा

लखनऊ। तुम्हे परेशानी है तो अपना घर हटा लो। बिजली का तार इसी रास्ते से जाएगा। इसमें कोई बदलाव नहीं होगा। यह धमकी गोसाईगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव सेमनापुर मजरा कोरियानी निवासी महेश पुत्र छोटेलाल को उसी के पड़ोसी दिनेश पुत्र छोटेलाल की ओर से दी गई है। पड़ोसी की ओर से मिली धमकी से परेशान पीड़ित महेश ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की है। शिकायतकर्ता के अनुसार दिनेश बिजली चोरी करता है।इस काम के लिए वह तार शिकायतकर्ता की दीवार से सटा कर ले जाता है । विरोध करने पर घर हटा लेने की बात कहता है।

# जल संरक्षण के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश बना राष्ट्रीय मॉडल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश जल संरक्षण क्षेत्र में राष्ट्रीय मॉडल बन गया है। 'योगी का यूपी' अन्य राज्यों के लिए नजीर बन गया है। योगी सरकार ने जल संरक्षण व संचय में 'अमृत मिशन' के तहत स्वच्छता के साथ 75 जिलों में जलाशय पुनरुद्धार एवं वर्षा जल संचयन की योजनाएं तेजी से लागू कीं। 52,000 से अधिक जलाशयों, तालाबों, टंकी प्रणाली का संरक्षण और पुनरुद्धार ग्रामीण जल स्तर में सुधार लाया गया।

यही नहीं, उत्तर प्रदेश ने बुंदेलखंड व विंध्य में हर घर जल को भी अमलीजामा पहनाया। जल संकट से निपटने के लिए 'जल संवर्धन जन आंदोलन' चलाकर सामाजिक जागरूकता भी लाई जा रही है।

जलाशय पुनरुद्धार व वर्षा जल संचयन के तहत 75 जनपदों में जलाशयों का सौंदर्यीकरण कार्य पूराजलाशय पुनरुद्धार व वर्षा जल संचयन (अमृत मिशन) के तहत 75 जनपदों में जलाशयों का पुनरुद्धार व सौंदर्यीकरण कार्य पूरा किया गया। वहीं अमृत मिशन 2.0 के तहत शहरी क्षेत्रों में जल सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी जिलों में बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचा तैयार किया गया। 52,000 से अधिक तालाबों व जलाशयों का पुनरुद्धार कार्य किया गया। इससे ग्रामीण जलस्तर में महत्वपूर्ण सुधार दर्ज किया गया। सरकारी रिपोर्ट के अनुसार, 22000 से अधिक जल संरचनाओं में पानी की उपलब्धता बढ़ी है। नहर व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से 95 नई परियोजनाएं स्वीकृत हुईं। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से 36 हजार हेक्टेयर भूमि में सिंचाई क्षमता पुनर्स्थापित होगी। इससे 9 लाख किसानों व ग्रामीण आबादी को भी प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। साथ ही 273 हेक्टेयर विभागीय राजकीय भूमि को भी संरक्षित किया जा सकेगा। भूजल उपयोग की निगरानी के लिए सेंसर आधारित जलमापन यंत्रों का उपयोग किया जा रहा है। वहीं यूपी में भूजल पुनर्भरण के प्रयास भी किए जा रहे हैं। इसके अंतर्गत लगभग 42 हजार से अधिक संरचनाओं (रेन वाटर हार्वेस्टिंग, चेक डैम) आदि का निर्माण किया गया।

# मॉडल पब्लिक स्कूल में भव्य यातायात जागरूकता अभियान बच्चों व अभिभावकों में दिखा जबरदस्त उत्साह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



ठाकुरगंज, लखनऊ। कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ मॉडल पब्लिक स्कूल में आज शुक्रवार को आयोजित यातायात जागरूकता अभियान ने सुरक्षा संदेश की एक नई मिसाल कायम की। सैकड़ों बच्चों और अभिभावकों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। और स्कूल परिसर दिनभर जागरूकता, उत्साह और जिम्मेदारी के माहौल से गूंजता रहा।

कार्यक्रम में स्कूल की प्रधानाचार्य गुंजन खत्री, काकोरी क्षेत्र के टीआई दिवेश शाही, क्षेत्रीय समाजसेवी अब्दुल्ला खान, तथा पूरे स्कूल प्रशासन की सहभागिता ने इस पहल को मजबूत और प्रभावशाली रूप दिया।प्रधानाचार्य गुंजन खत्री ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा–ह्लसुरक्षा सिर्फ सलाह नहीं जीवन की ढाल है। बच्चे अपने अभिभावकों को हेलमेट पहनने के लिए समझाएँ और खुद भी सुरक्षा नियमों का पालन कर आदर्श प्रस्तुत करें। सुरक्षित रहेंगे, तभी सुरक्षित बना सकेंगे।वहीं टीआई दिवेश शाही ने अपने संबोधन में बच्चों को देश का भविष्य बताते हुए कहा–ह्लभविष्य की सुरक्षा आज की जागरूकता पर निर्भर है। सड़क पर लगे सभी यातायात संकेतों को समझें, उनका पालन करें, और दुर्घटना की स्थिति में तुरंत पुलिस की सहायता लें। मदद करना और सुरक्षित रहना हर नागरिक का कर्तव्य है।कार्यक्रम में समाजसेवी अब्दुल्ला खान की उपस्थिति ने अभियान को सामाजिक सहयोग का मजबूत आधार प्रदान किया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे पोस्टर बनाए और यातायात नियमों को अपनाने का संकल्प लिया।इस जागरूकता अभियान ने साबित कर दिया कि सड़क सुरक्षा का बीज स्कूल से ही बोया जाता है। और जब बच्चे संकल्प लें, तो समाज में परिवर्तन निश्चित है।

# तीन शातिर चोर गिरफ्तार, 30 लाख का माल और 50 हजार नकदी बरामद

**मड़ियांव पुलिस की बड़ी कार्रवाई बंद घरों में ताला तोड़ने वाले अंतर–जनपदीय गिरोह का पर्दाफाश**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । मड़ियांव पुलिस ने बंद घरों में ताला तोड़कर चोरी करने वाले एक अंतर-जनपदीय चोरी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 30 लाख रुपये के जेवरात, 50,000 रुपये नकद और चोरी में इस्तेमाल की जाने वाली आई-20 कार बरामद की है।उत्तरी जोन अंतर्गत मड़ियांव थाना पुलिस टीम 21 नवंबर 2025 की सुबह क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने भिठौली तिराहे के पास एक चार पहिया वाहन में तीन संदिग्धों को पकड़ा।पूछताछ में तीनों ने कई चोरी की वारदातों को अंजाम देने की बात स्वीकार की। गिरफ्तारआरोपियों की पहचान इस प्रकार है जीशान गाजी उर्फ छोटू (22 वर्ष) और मो. अरशद (25 वर्ष) दोनों निवासी बीकेटी लखनऊ रियाज (28 वर्ष) निवासी महमूदाबाद सीतापुर के रूप में हुई है।पुलिस के अनुसार ये आरोपी बंद घरों को निशाना बनाकर ताले तोड़ते थे और चोरी किए गए सामान को बेचकर पैसा उड़ा देते थे। बरामद सामान की कुल कीमत लगभग 30 लाख रुपये आंकी गई है।अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है। सभी को आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है।इस सफलता के लिए थाना मड़ियांव के निरीक्षक शिवानंद मिश्रा, उप निरीक्षक नितिन तालियान, संजय कुमार, राजदीप चौधरी, अंकुर आनंद, व अन्य हेड कॉन्स्टेबल शामिल रहे।

## उत्तर प्रदेश के मत्स्य पालकों के लिए मीठे जल की जलकृषि पर आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन

लखनऊ । आईसीएआर-एनबीएफजीआर ने 17 से 21 नवंबर के दौरान अपनी जलकृषि अनुसंधान एवं प्रशिक्षण इकाई(एआरटीयू), चिनहट लखनऊ में अभिनव मत्स्य जीवी सहकारी संघ और मत्स्य पालक उत्पादक संगठन(एफएफपीओ), बाराबंकी, उत्तर प्रदेश के 25 अनुसूचित जाति के मत्स्य पालकों के लिए मीठे जल की जलकृषि पर एक आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन किया। निदेशक डॉ. काजल चक्रबर्ती ने आईसीएआर सीआईएफए, भुवनेश्वर के पूर्व प्रधान वैज्ञानिक डॉ. कुलदीप कुमार और आईसीएआर-एनबीएफजीआर के पूर्व प्रधान वैज्ञानिक डॉ. पी. के. वार्ष्णेय के साथ किसानों को संबोधित किया और वैज्ञानिक मत्स्य पालन के माध्यम से मत्स्य पालकों की आय और आजीविका के उत्थान पर जोर दिया। आईसीएआर-एनबीएफजीआर ने मत्स्य पालकों के साथ मिलकर विश्व मत्स्य पालन दिवस मनाया।

# स्वच्छता कर्मियों के लिए सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ आयोजित

**यह प्रशिक्षण पीएसआई इंडिया, एचसीएल फाउंडेशन और जलकल विभाग के सहयोग से 'स्वच्छ उदय' कार्यक्रम के तहत सम्पन्न हुआ**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । नगर निगम लखनऊ द्वारा शुक्रवार को त्रिलोक नाथ हॉल, लालबाग में स्वच्छता कर्मियों के लिए सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण पीएसआई इंडिया, एचसीएल फाउंडेशन और जलकल विभाग के सहयोग से 'स्वच्छ उदय' कार्यक्रम के तहत हुआ।

इसमें आधुनिक उपकरणों के सुरक्षित उपयोग और खतरनाक परिस्थितियों में काम करने के नियम बताए गए। पहले दिन 60 कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी गई, जिसमें मैन्युअल सीवर एंट्री पर पूरी तरह रोक, गैस मॉनिटरिंग, मशीन आधारित सफाई और आपातकालीन सीपीआर देने की विधि सिखाई गई। कर्मियों को हेलमेट, मास्क, ग्लव्स और गमबूट जैसे सुरक्षा उपकरणों का अनिवार्य उपयोग करने की सलाह दी गई। कार्यक्रम का उद्घाटन अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, जीएम जलकल कुलदीप सिंह और नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी.के. श्रीवास्तव ने किया। अधिकारियों ने कहा कि सीवर में मौजूद जहरीली गैसें जानलेवा हो सकती हैं, इसलिए सुरक्षा प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन जरूरी है। पीएसआई इंडिया के जीएम दिनेश कुमार पांडे ने बताया कि आगे भी नियमित प्रशिक्षण जारी रहेगा। संस्था 26 वार्डों में स्वच्छता और कूड़ा पृथक्करण को लेकर जनजागरूकता अभियान चला रही है।

# सब्जी पीसने वाले बट्टे से पति ने की पत्नी की हत्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । थाना सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में अपनी बेटी व दामाद के घर रह रहे व्यक्ति ने शराब पीने के लिए पैसे न देने पर अपनी पत्नी की हत्या कर दी।सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पुलिस के अनुसार मूल रूप से ग्राम समाधा थाना असोहा जिला उन्नाव का रहने वाला नन्हकऊ अपनी पत्नी नन्ही देवी(58) के साथ पिछले लगभग डेढ़ वर्ष से सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र के माढ़र कला में रहने वाले अपनी बेटी व दामाद के घर रह रहा था।पुलिस के अनुसार नन्हकऊ नशे का आदी है। वह अक्सर नशे में ही रहता है।इसी बात के चलते उसका पत्नी नन्ही से अक्सर विवाद होता रहता था।वह शुक्रवार की सुबह शराब पीने के लिए पत्नी से पैसे मांग रहा था।पत्नी ने उसे पैसे नही दिए। इसी बात से गुस्साए नन्हकऊ ने पत्नी नन्ही पर सिलबट्टे का बट्टा उठाकर हमला कर दिया।इस हमले से उस महिला की मौत हो गई।मृतका के दामाद रवि रावत के अनुसार वह एक निजी विद्यालय में वैन चलाता है। उसकी पत्नी (मृतका की बेटी) भी घर पर नहीं थी।वह कहीं काम करने जाती है वहां चली गई थी। घटना के समय घर पर मृतका व उसका पति ही था।मृतका के दामाद रवि के अनुसार वह जब ड्यूटी से घर आया तो देखा कि उसकी सास का शव खून से लथपथ पड़ा हुआ है। वहीं पास में खून से सना हुआ सिलबट्टे का बट्टा भी पड़ा था। उसका ससुर (मृतका का पति) भी वही बैठा हुआ था जिसके हाथ व कपड़ों में खून लगा हुआ था।रवि ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस घटना में दामाद रवि की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।

# घरेलू विवाद से मामला भड़का,घर में घुसकर महिला से मारपीट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज, लखनऊ। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के रायभानखेड़ा गांव में शुक्रवार को पारिवारिक विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया पीड़िता प्रेमा देवी पत्नी मुनेश्वर प्रसाद ने मोहनलालगंज कोतवाली में दी गई तहरीर में अपने देवर गंगाराम की पत्नी सुचेता और उसकी चार पुत्रियों पर घर में घुसकर हमला करने का गंभीर आरोप लगाया है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को दोपहर करीब पीड़िता प्रेमा देवी अपने घर पर बैठी थीं। इसी दौरान उनकी देवरानी सुचेता अपनी पुत्रियों के साथ एक राय होकर पहुंची और बिना किसी बात के गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर बचाव के लिए जब पीड़िता की पुत्री मौके पर आई तो हमलावरों ने उस पर भी हमला कर दिया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं और घर में अफरा-तफरी मच गई।पीड़िता ने बताया कि सुबह भी सुचेता उनसे विवाद कर रही थी, जिस पर गांव वालों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर मामला शांत करा दिया था। हालांकि, पुलिस के जाने के बाद कुछ ही समय बाद आरोपियों ने फिर से एकजुट होकर घटना को अंजाम दे दिया।

सूचना मिलने पर पुलिस ने पीड़िता की तहरीर लेकर मामला दर्ज कर लिया है।कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दिलेश सिंह ने बताया कि तहरीर में लगाए गए आरोपों के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने की बात कही है।गांव में घटना के बाद से माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है।

# दंगल केवल एक खेल नहीं अनुशासन, कौशल और संघर्ष का प्रतीक : अखिलेश यादव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बंथरा। इलाके के गुलाब खेड़ा गांव में शुक्रवार को सपा संस्थापक स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की 86 वीं जयंती के अवसर पर विशाल दंगल का आयोजन किया गया। दंगल का आयोजन पूर्व विधायक श्याम किशोर यादव द्वारा किया गया, जहां पर मुख्य अतिथि के रूप में सपा प्रमुख अखिलेश यादव मौजूद रहे। अखिलेश यादव ने कहा कि दंगल केवल एक खेल नहीं बल्कि अनुशासन कौशल और संघर्ष का प्रतीक है उन्होंने कहा कि संघर्ष की यही भावना हमें राजनीतिक मैदान में भी दिखाने की जरूरत है। असली दंगल 2027 में होने जा रहा है जिसे हमें जीतना है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दंगल हमें विरासत में मिला है, जहां नेताजी पहलवानी करते थे, वहीं हम लोगों को भी बचपन से इस खेल के प्रति जुड़ने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि नेताजी ने अखाड़े में कुश्ती लड़ते हुए तमाम पहलवानों को परास्त किया उसी तरह से राजनीति में भी तमाम पहलवानों को धराशाई किया है। उन्होंने कहा कि धन्यवाद देना चाहता हूं श्याम किशोर और उनके साथियों का जिन्होंने दंगल का आयोजन किया। हीरालाल जी के नेताजी से बहुत गहरे संबंध थे, उसका परिणाम यह हुआ कि यहां पर पार्टी का जनाधार बढ़ गया। लोकसभा चुनाव में मोहनलाल गंज से उनकी पार्टी के प्रत्याशी आरके चौधरी जीते, पार्टी को मिले जनसमर्थन ने पूरे प्रदेश में भाजपा को पछाड़ दिया। यहां के लोगों ने उनकी पार्टी को क?ई बार सरकार में पहुंचाने का भी काम किया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने एस?आईआर को लेकर कहा कि भाजपा पुरानी वोटर लिस्ट से हार चुकी है इसलिए वह अब एस?आईआर का दांव खेल रही है लेकिन हमारे ये नौजवान उन्हें वोटर वाली कुश्ती जीतने नहीं देंगे। उन्होंने परिवारवाद पर कहा कि हमारे उत्तर प्रदेश का परिवारवाद देखिए मुख्यमंत्री गोरखपुर के मठाधीश की कुर्सी पर इसलिए बैठे क्योंकि उनसे पहले उनके परिवार के ही आदमी वहां थे।

# विकसित भारत का निर्माण आत्मनिर्भर व विकसित कृषि से ही संभव है: सुधाकर शुक्ला

## किसानो के खाते में पीएम किसान की 21वीं किस्त हस्तांतरित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। कृषि विज्ञान केन्द्र कटिया, सीतापुर में देश के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कर कमलों से राष्ट्र के अन्नदाताओं को समर्पित 18,000 करोड़ की सम्मान राशि के हस्तांतरण का सीधा प्रसारण एवं किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री जी ने अपने संबोधन में कहा कि अन्नदाता केवल किसान नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माता हैं। भारत के गांवों से समृद्धि का नया युग प्रारंभ हो रहा है। सरकार का उद्देश्य है कि किसान की आय बढ़े, उत्पादन बढ़े और ग्रामीण अर्थव्यवस्था आत्मनिर्भर बने।

इस अवसर पर आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुधाकर शुक्ला, अध्यक्ष गन्ना समिति बिसवां एवं जिला उपाध्यक्ष भाजपा, सीतापुर, लोकेश कुमार, जिला अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा, श्री अनिल मिश्रा, जिला मंत्री भाजपा किसान मोर्चा, डॉ श्रवण कुमार सिंह, उप कृषि निदेशक, सीतापुर, श्री संजीव कुमार जिला कृषि अधिकारी, पूनम मिश्रा, प्रगतिशील कृषक आदि ने प्रधानमंत्री की इस ऐतिहासिक पहल की सराहना करते हुए कहा कि ञ्आज का दिन भारतीय कृषि के स्वर्णिम युग की शुरुआत का प्रतीक है। कटिया जैसे ग्रामीण अंचल से किसानों की प्रगति और वैज्ञानिक खेती का प्रसार ही वास्तविक राष्ट्र निर्माण है।ङ्क प्रधानमंत्री द्वारा जी. एस.टी. मे किये गये क्रन्तिकारी सुधार निश्चित रूप से किसानों उन्नत यन्त्र खरीद मे सहायक सिद्ध होगा साथ उनके आत्मनिर्भर होने मे सहायता करेगा। मुख्य अतिथि श्री सुधाकर शुक्ला, अध्यक्ष गन्ना समिति बिसवां ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी ने तमिलनाडु के कोयंबटूर में आयोजित दक्षिण भारत प्राकृतिक कृषि शिखर सम्मलेन २०२५ में देश भर के ९ करोड़ से अधिक किसान बंधुओं को रुपये १८ हजार करोड़ से अधिक की किसान सम्मान निधि की २१वी क़िस्त हस्तांतरित कर ससक्त कृषि और आत्मनिर्भर किसान के संकल्प को और दृढ व शसक्त किया है।किसान मोर्च के अध्यक्ष श्री लोकेश मिश्रा ने कहा की उत्तर प्रदेश के २. ५ करोड़ किसानो को इस क़िस्त का प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हुआ है जिससे किसान खुशहाल हुए है जिला मंत्री भाजपा किसान मोर्चा श्री अनिल मिश्र जी ने कहा की किसानो के लिए यह सम्मान निधि रवी फसलों में बहुत सहायक होगी उप कृषि निदेशक ने कहा कि महिला किसानों की भूमिका अब कृषि के हर क्षेत्र में दिख रही है।

प्रधानमंत्री की योजनाएं महिला सशक्तिकरण की दिशा में ठोस कदम हैं। श्री अनिल मिश्रा, जिलामंत्री किसान मोर्चा भाजपा ने कहा कि किसान मोर्चा प्रत्येक पंचायत स्तर तक कृषि तकनीकी जागरूकता अभियान चलाएगा ताकि हर किसान इन योजनाओं का लाभ उठा सके।कृषि विज्ञानं केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डा. दया एस. श्रीवास्तव ने कहा कि प्रधानमंत्री की किसान-केंद्रित नीतियाँ भारत को कृषि प्रधान राष्ट्र से कृषि तकनीकी राष्ट्र की दिशा में ले जा रही हैं।

# सील होने के बाद भी बंद नहीं हुआ न्यू हिंद नर्सिंग होम

## सीएमओ कार्यालय की कार्यवाही पर उठे रहे गंभीर सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

खैराबाद, सीतापुर। खैराबाद कस्बे में स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करने वाला मामला सामने आया है। दरी मंडी चौराहे पर स्थित न्यू हिंद नर्सिंग होम पर यह आरोप है कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) द्वारा बंद करने का आदेश जारी होने के बावजूद अस्पताल खुलेआम संचालित किया जा रहा है।

### मरीज की मौत के बाद बंद हुआ था अस्पताल

करीब तीन माह पहले उपचार के दौरान एक मरीज की मौत हो गई थी। जांच में गंभीर अनियमितताएं मिलने पर सीएमओ ने अस्पताल को तत्काल बंद करने और सील करने के आदेश जारी किए थे।लेकिन आश्चर्यजनक रूप से–सीएमओ की कार्रवाई सिर्फ कागज़ों तक सीमित रह गई, जबकि जमीनी स्तर पर अस्पताल आज भी खुल रहा है।




### सीएमओ के आदेश हवा में, अस्पताल का संचालन जारी

स्थानीय लोगों के अनुसार नर्सिंग होम का संचालन मोहम्मद सद्दाम द्वारा कराया जा रहा है।सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि–क्या सीएमओ को इसकी जानकारी नहीं, या फिर जानबूझकर अनदेखी की जा रही है? पूरा मामला स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही ही नहीं, बल्कि संभावित मिलीभगत की ओर भी इशारा करता है।

### रातों–रात मरीज शिफ्ट

स्थानीय सूत्रों ने बताया कि आज देर रात अस्पताल में भर्ती सभी मरीजों को अचानक दूसरी जगह शिफ्ट कर दिया गया।यह जल्दबाज़ी इस बात का संकेत देती है कि कहीं न कहीं कार्रवाई का डर है, या फिर कुछ छुपाने की कोशिश की जा रही है।लेकिन हैरानी की बात यह है कि–मरीज हटाए जाने के बाद भी अस्पताल आज सुबह फिर से खुल गया ।यह स्थिति स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई पर बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा करती है।जनता का आक्रोश–सीएमओ की भूमिका कटघरे मेंस्थानीय निवासियों और जागरूक नागरिकों ने सीएमओ की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा–ञ्जब सीएमओ ही अपने आदेश का पालन नहीं करा पा रहे, तो फिर जिले में अवैध अस्पतालों की रोकथाम की उम्मीद किससे की जाए

ग्रामीणों की मांग न्यू हिंद नर्सिंग होम पर तुरंत ताला लगाया जाए।सीएमओ के आदेशों की अवहेलना की जांच की जाए।और संचालक के साथ-साथ जिम्मेदार अधिकारियों पर भी कड़ी कार्रवाई की जाए।?? स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर बड़ा प्रश्नचिन्हयह मामला स्पष्ट दिखाता है कि सीतापुर का स्वास्थ्य विभाग अपने ही आदेशों को लागू कराने में बुरी तरह विफल है।अवैध रूप से चल रहे अस्पताल पर विभाग की चुप्पी मरीजों की जान को सीधे खतरे में डाल रही है और यह प्रशासनिक मिलीभगत की आशंका को और मजबूती देती है। अब देखना यह है क्या कोई कार्यवाही होती है, या फिर न्यू हिन्द नर्सिंग होम ऐसे ही संचालित होता रहेगा?इस संबंध में जब मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) से जानकारी लेनी चाही तो किसी कारणवश उनका फ़ोन नही उठा।

# दो घण्टे के अंदर गुमशुदा बालिका को किया गया सकुशल बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल द्वारा नागरिक जनसमान्य द्वारा दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्रों का त्वरित संज्ञान लेते हुए आवश्यक विधिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है।

उक्त निर्देश के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश सिंह के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी महोली नागेन्द्र चौबे के व थाना प्रभारी जेबी पांडे के कुशल नेतृत्व मे व थाना महोली पुलिस टीम द्वारा दिनांक 20.11.2025 को थाना स्थानीय पर शिकायतकर्ता द्वारा अपनी 05 वर्षीय पुत्री के अचानक घर से कहीं चले जाने के सम्बन्ध में सूचना दिया गया। जिसका त्वरित संज्ञान लेते हुए गुमशुदा बालिका की तलाश हेतु प्रभारी निरीक्षक जंग बहादुर के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा गुमशुदा बालिका की मिलने वाले सम्भावित स्थानों, सार्वजनिक प्रतिष्ठानों आदि पर सघनता से तलाश कर गुमशुदा बालिका को 02 घण्टे के अन्दर सकुशल बरामद कर गुमशुदा के परिजनों को सुपुर्द किया गया। गुमशुदा के परिजनों द्वारा पुलिस के इस कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।

## सलोन में तालाबों को 10 वर्षीय मत्स्य पालन पट्टा 29 नवम्बर को

रायबरेली । उप जिलाधिकारी सलोन चन्द्र प्रकाश गौतम ने बताया है कि तहसील सलोन जनपद रायबरेली के अन्तर्गत पड़ने वाले 107 राजस्व ग्रामों के तालाबों को 10 वर्षीय मत्स्य पालन पट्टा नीलामी किये जाने हेतु 29 नवम्बर 2025 को मत्स्य पालन पट्टा नीलामी शिविर का आयोजन तहसील सलोन के सभागार में किया जायेगा। जिसमें इच्छुक पात्र व्यक्तियों के प्रातः 10:00 बजे से 01:00 बजे तक आवेदन पत्र लिये जायेंगे तथा 01:00 बजे के बाद नीलामी की कार्यवाही की जायेगी। तालाबों की नीलामी हेतु नायब तहसीलदार सलोन को नीलाम अधिकारी नियुक्त किया गया है। तालाबों की नीलामी के सम्बन्ध में उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006 के नियम 57 व 58 द्वारा की जाएगी जो तहसील मुख्यालय/राजस्व परिषद की वेबसाइटों https://bor.up.nic.in पर उपलब्ध है।

# शिकायतों के बाद भी नहीं हुई सुनवाई, जनता ने अपने पैसे से कराया नाली निर्माण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पलिया खीरी। लखीमपुर खीरी के पलिया देहात क्षेत्र से बड़ी और जनसमस्याओं से जुड़ी खबर सामने आई है। सूत्रों के मुताबिक, क्षेत्र में लंबे समय से खराब पड़ी नाली की मरम्मत को लेकर ग्रामीणों ने कई बार जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। लगातार उपेक्षा से परेशान लोगों ने अब खुद ही आगे बढ़कर अपने निजी खर्चे पर नाली निर्माण का काम शुरू कर दिया।



ग्रामीणों का कहना है कि नाली टूटने से गंदा पानी सड़कों पर फैलता था, जिससे बदबू, मच्छरों और बीमारियों का खतरा बढ़ गया था। समस्या महीनों से बनी हुई थी, लेकिन न तो विभागीय अधिकारियों ने पहल की और न ही सार्वजनिक प्रतिनिधियों ने ठोस कदम उठाया।सूत्रों की मानें तो निर्माण शुरू होने के बाद अब क्षेत्र के कुछ जनप्रतिनिधि जल्द ही फोटो सेशन कर प्रोजेक्ट के लिए बजट पास कराने की तैयारी में हैं, ताकि काम का श्रेय सरकारी योजनाओं के नाम पर दिखाया जा सके। हालांकि ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा है कि यह काम सरकारी फंड से नहीं बल्कि जनसहभागिता और खुद के पैसे से शुरू किया गया है।लोगों का कहना है कि यह कदम प्रधानमंत्री मोदी के ''आत्मनिर्भर भारत'' के मंत्र से प्रेरित है। ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि जब जनता खुद समस्याएँ हल करने को मजबूर है तो फिर प्रशासन और जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों की भूमिका पर सवाल उठना लाजमी है।स्थानीय निवासियों ने चेतावनी दी है कि आगे भी यदि सार्वजनिक कार्यों को नजरअंदाज किया गया तो वे इसी तरह स्वयं सहायता से काम कर आगे बढ़ते रहेंगे।

## मीरजापुर को 'टाउन ऑफ एक्सीलेंस' बनाने की पहल तेज

मीरजापुर । विन्ध्याचल मण्डल के मण्डलायुक्त राजेश प्रकाश ने शुक्रवार को आयुक्त कार्यालय सभागार में आयोजित मण्डलीय उद्योग बंधु की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि उद्यमियों की समस्याओं का त्वरित और प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि उन्हें अनावश्यक रूप से भटकना न पड़े।बैठक में पूर्व में उठाए गए मुद्दों की बिंदुवार समीक्षा की गई। विन्ध्य विकास प्राधिकरण के सचिव की अनुपस्थिति पर मण्डलायुक्त ने नाराजगी व्यक्त की तथा आवासीय भूमि को व्यवसायिक उपयोग में बदलने संबंधी शमन शुल्क प्रकरण को तत्काल निस्तारित करने के निर्देश दिए। अधिकारी ने बताया कि नगर पालिका, तहसील सदर से एनओसी मिलते ही नक्शा पास कर दिया जाएगा।

# फार्मर रजिस्ट्री में लखीमपुर खीरी का अव्वल प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। किसानों के दस्तावेजों को डिजिटल पहचान देने और सरकारी योजनाओं से सीधे जोड़ने के लिए चलाए जा रहे फार्मर रजिस्ट्री अभियान में लखीमपुर खीरी ने इस बार शानदार प्रदर्शन किया है। प्रदेश में 4 लाख से अधिक फार्मर रजिस्ट्री करने वाले शीर्ष जनपदों में खीरी टॉप-5 में पहुंच गया है।

15 अक्टूबर से लगातार जिले का दैनिक औसत 2233 फार्मर आईडी, जो प्रदेश में सर्वाधिक है, शासन स्तर पर विशेष सराहना का विषय बना हुआ है।अटल सभागार में शुक्रवार को आयोजित सम्मान समारोह में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सीडीओ अभिषेक कुमार और एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने तहसील स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कृषि विभाग के तीन-तीन कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। समारोह के दौरान सम्मानित 21 कार्मिकों ने अभियान से जुड़े अपने अनुभव, चुनौतियाँ और ग्रामीणों की सकारात्मक प्रतिक्रियाएँ भी साझा कीं।सम्मान समारोह में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि प्रदेश में 04 लाख से अधिक फार्मर रजिस्ट्री करने वाले शीर्ष जनपदों में लखीमपुर खीरी का प्रदेश में टॉप 5 पर पहुँचना और सबसे अधिक दैनिक औसत 2233 फार्मर आईडी बनाना टीम की उत्कृष्ट कार्यशैली का प्रमाण है। उन्होंने कृषि विभाग, तहसील स्तर की टीमों और क्षेत्रीय कार्मिकों की सराहना करते हुए कहा कि गाँव-गाँव जाकर किसानों के दस्तावेज जुटाना आसान नहीं था, लेकिन आप सभी ने इसे मिशन की तरह पूरा किया। यही प्रयास जिले को प्रदेश के शीर्ष जनपदों में लाया है।

उन्होंने कृषि विभाग के कार्मिकों को बधाई देते हुए आगे भी इसी ऊर्जा के साथ अभियान जारी रखने की अपील की।सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री किसानों तक योजना लाभ पहुँचाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। लखीमपुर खीरी की यह उपलब्धि बताती है कि हमारी टीम जमीनी स्तर पर कितनी सक्रियता से काम कर रही है। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि कृषि विभाग के कार्मिकों ने गांव-गांव पहुंचकर किसानों का भरोसा जीता है। यही कारण है कि लखीमपुर खीरी पूरे प्रदेश में शीर्ष प्रदर्शन करने वालों में शामिल है।कार्यक्रम के दौरान डीडी (कृषि) गिरीश चंद्र और जिला कृषि अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह ने अभियान की प्रगति, विभाग की रणनीति और किसानों को मिलने वाले लाभों पर विस्तृत जानकारी साझा की। समारोह में कृषि विभाग के अधिकारियों व कार्मिकों ने अभियान को और अधिक गति देने का संकल्प दोहराया।*अगले माह और भी कार्मिक होंगे सम्मानित*डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने घोषणा की है कि अगले एक माह में सर्वाधिक फार्मर रजिस्ट्री करने वाले कार्मिकों को विशेष सम्मान प्रदान किया जाएगा। इससे विभाग में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और कार्य की गति में और बढ़ोतरी की उम्मीद है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम हुआ संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पिपरिया धनी, खीरी। तहसील मोहम्मदी की विकासखंड मोहम्मदी पसगवां द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का कार्यक्रम आज दिनांक 21 -11-2025 दिन शुक्रवार को पिपरिया धनी स्थित फुलकारी डी एस पैलेस में संपन्न हुआ।जिसके मुख्य अतिथि मोहम्मदी विधायक पंचायतीराज राज्यमंत्री/विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह व विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख महेंद्र कुमार बाजपेई रहें।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में अधिकारियों के मुताबिक जिसमें लगभग 110 जोड़े का विवाह संपन्न कराया गया।जिसमें पांच मुस्लिम जोड़ों का पंजीकरण हुआ।परंतु मौके पर एक ही जुड़ें का निकाय किया गया।इस संबंध में अधिकारियों से जानकारी चाहिए तो कोई बताने के लिए तैयार नहीं हुआ जबकि सामूहिक विवाह के अंतर्गत खर्च का विवरण 60000 रुपए लड़की के खाते में 25000 का सामान 15000 का भोजन नाश्ता आदि प्रति जोड़ें ?1,00000 खर्च बताया गया।इस मौके पर समाज कल्याण अधिकारी श्रीमती वंदना सिंह,वीडियो मोहम्मदी अश्विनी कुमार सिंह वीडियो पसगवां मोहित कौशिक आदि लोग मौके पर मौजूद रहें।जब गायत्री परिवार शक्तिपीठ निघासन के द्वारा विवाह संपन्न कराया गया।शुभम् गुप्ता,सुलोचना देवी,रीमा देवी,पूर्णिमा देवी,शिव देवी,सोनी देवी,सपना देवी,रोहित कुमार, रामकुमार, देवेश कुमार,रीना देवी,श्रीकृष्ण लाल,इंदल कुमार भट्ट क्षमा देवी,संगीत मुस्कान देवी, संगीत रामकिशोर आर्गन,महेंद्र कुमार ढोलक आज पर मौजूद रहें।

## नयागांव में आंख अस्पताल सीतापुर के द्वारा आयोजित किया गया नेत्र शिविर



कमलापुर। पंचायत भवन नयागांव पर श्री ओमप्रकाश सिंह फाऊंडेशन के मार्गदर्शन में आंख अस्पताल सीतापुर के द्वारा नेत्र शिविर का आयोजन किया गया! जिसमें लगभग 95 मरीजो ने रजिस्ट्रेशन कराकर मार्गदर्शन प्राप्त किया! मोतियाबिंद का ऑपरेशन करने वाले मरीजों को बस के द्वारा आंख अस्पताल सीतापुर ले गए जहां उनका निशुल्क ऑपरेशन होगा! शेष बचे मरीजों को रविवार को पंचायत भवन नयागांव पर बस लेने के लिए आएगी !उमेश पाल सिंह कोषाध्यक्ष यज्ञ संचालन समिति नयागांव ने कहा प्रधान व श्री ओम प्रकाश सिंह फाउंडेशन के द्वारा नेत्र शिविर का आयोजन कराकर बहुत ही पुनीत कार्य किया गया है जिसका लाभ क्षेत्र के लोगो को मिलेगा! प्रधान जनक कुमारी सिंह, सत्य प्रकाश सह जिला सेवा प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश सिंह फाउंडेशन,वेद सिंह, प्रशांत सिंह राणा, शिवशरण सिंह आशीष सिंह बबलू सिंह महेश सिंह प्रशांत सिंह उमेश पाल सिंह राजेंद्र सिंह नैमिष सिंह अरविंद सिंह सहित आंख अस्पताल सीतापुर की टीम उपस्थित रही।

## 25 हज़ार का इनामिया जुबैर अली गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। शहर में अपराधियों पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई सामने आई है। सदर कोतवाली पुलिस ने 25,000 रुपये के इनामिया और वांछित अपराधी जुबैर अली को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ लखनऊ और लखीमपुर के कई थानों में लूट, डकैती और अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस को लंबे समय से उसकी तलाश थी तथा उसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई चल रही थी।सूत्रों के अनुसार जुबैर अली एक सक्रिय आपराधिक गिरोह का सदस्य है, जो हाईवे और ग्रामीण क्षेत्रों में वारदात करने के लिए कुख्यात रहा है। गिरोह के सदस्य वाहनों को रोककर लूटपाट, चोरी, हथियारबंद धमकी और संगठित अपराध की गतिविधियों में शामिल रहे हैं। पुलिस को अंदेशा है कि युवक के पकड़े जाने से गिरोह से जुड़े और अपराधियों की जानकारी मिल सकती है।शनिवार तड़के पुलिस को सूचना मिली कि यह आरोपी इलाके में किसी साथी से मिलने आया है। इसके बाद सदर कोतवाली पुलिस टीम ने राजापुर मंडी गेट के पास घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने बिना किसी मुठभेड़ के रणनीतिक तरीके से ऑपरेशन को अंजाम दिया।पुलिस अब उससे पूछताछ कर रही है, जिसमें कई लंबित मामलों में नए खुलासे होने की उम्मीद है। बताया जा रहा है कि आरोपी पहले भी कई बार फरार होकर पुलिस को चकमा दे चुका है और गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार लोकेशन बदलता रहता था।पुलिस अधिकारियों के मुताबिक आरोपी को जल्द ही न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। साथ ही उसके गैंग से जुड़े अन्य सदस्यों पर भी पुलिस निगरानी तेज कर चुकी है। अधिकारियों ने बताया कि यह गिरफ्तारी जिले में संगठित अपराध के खिलाफ बड़ी सफलता मानी जा रही है।स्थानीय लोगों ने भी पुलिस टीम की कार्रवाई की सराहना की है और अपेक्षा जताई है कि अब क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों में कमी आएगी।

## तिहार गौशाला में लापरवाही पर डीएम सख्त, चारा–पानी की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश

सीतापुर । जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 ने आज शुक्रवार को ब्लॉक ऐलिया के गांव तिहार की तिहार गौशाला का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। जिलाधिकारी ने पशुओं दिये जाने वाले चारे की व्यवस्था न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये संबंधित को निर्देशित किया पशुओं के लिये भूसा, हरा चारा एवं पानी आदि समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जायें। गौशालाओं में रिकार्ड रखने हेतु 07 रजिस्टर में से कोई भी रजिस्टर न होने पर सचिव पर अनुशासनिक कार्यवाही तथा प्रधान को नोटिस दिये जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को दिये। खण्ड विकास अधिकारी को कार्यों में रूचि न लेने एवं अनियमितता पाये जाने के दृष्टिगत स्पष्टीकरण जारी के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने गौशाला में पशुओं के उपचार हेतु तैनात 02 चिकित्सकों को पशुओं के सही उपचार न करने एवं अन्य कार्यों में शिथिलता पाये जाने पर प्रतिकूल प्रविष्टि के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। साथ ही जिलाधिकारी ने भूसा का रख-रखाव को देखते हुये पशुओं को ठंड से बचाने हेतु तिरपाल के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान डी0सी0 मनरेगा चन्दन देव पाण्डेय सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अमीरनगर में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। जनपद के कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र में सड़क हादसे की बड़ी खबर सामने आई है। जिगना गांव के निकट एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा देर शाम हुआ बताया जा रहा है।

टक्कर के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया।स्थानीय राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद अमीरनगर चौकी प्रभारी राघवेन्द्र प्रताप सिंह पुलिस टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुँचे और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस सड़क पर बिखरे वाहन के हिस्सों और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से वाहन की पहचान करने का प्रयास कर रही है।घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई और लोग बड़ी संख्या में मौके पर इकट्ठा हो गए। मृतक की पहचान होने के बाद सूचना उसके परिजनों तक पहुंचाने की प्रक्रिया चल रही है। परिजनों के आने के बाद पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा।स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर आए दिन तेज़ रफ्तार वाहन दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं, लेकिन सड़क सुरक्षा के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क पर साइन बोर्ड, स्पीड कंट्रोल और पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग उठाई है।पुलिस का कहना है कि फरार वाहन चालक की तलाश जारी है और जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

# ओवरलोड गन्ना ट्रक से युवक की मौत, शव रखकर सड़क पर विरोध

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहम्मदी खीरी। जनपद के मोहम्मदी क्षेत्र में गुरुवार को दर्दनाक हादसा सामने आया, जहाँ कुंभी चीनी मिल के लिए जा रहे गन्ने से लदे ओवरलोड ट्रक की टक्कर से मकरंद पाल (30 वर्ष) पुत्र रामसागर निवासी ग्राम लालनगंज की मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

बताया जा रहा है कि ट्रक तेज़ रफ्तार में था और सड़क पर ओवरलोडिंग के कारण संतुलन बिगड़ने से यह हादसा हुआ।हादसे के बाद मृतक के परिजनों और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। लोगों ने शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया और ट्रक मालिक को मौके पर बुलाने की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। परिजनों का कहना है कि जब तक ट्रक मालिक मौके पर नहीं आएगा और ज़िम्मेदारी स्वीकार नहीं करेगा, तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा। ग्रामीणों का आरोप है कि मिल क्षेत्रों में ओवरलोड गन्ना ट्रकों पर कोई कार्रवाई नहीं होती, जिससे आये दिन हादसे होते रहते हैं।घटना की सूचना पर कोतवाली मोहम्मदी प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया। हालांकि प्रदर्शनकारी ट्रक मालिक के बिना समझौते को तैयार नहीं हैं, जिसके चलते पुलिस पर भीड़ को काबू में रखने की जिम्मेदारी बढ़ गई है। मौके पर भीड़ बढ़ती जा रही है और स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है।मृतक के घर कोहराम मचा हुआ है। परिवारजन बार-बार बेहोश हो रहे हैं, वहीं ग्रामीणों ने प्रशासन से मृतक के परिवार को मुआवज़ा और ट्रक चालक व मालिक पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन और तेज़ किया जाएगा।ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि गन्ना सीज़न शुरू होते ही ट्रकों में ओवरलोडिंग और मनमानी चरम पर होती है, पुलिस और विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से ट्रकों पर चालान की कार्रवाई नहीं होती, जिसका नतीजा आम लोगों को हादसों के रूप में भुगतना पड़ता है।इस बीच प्रशासन प्रदर्शन खत्म कराने की कोशिश में लगा है जबकि ट्रक मालिक से संपर्क स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है।

# एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने परेड की ली सलामी, पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

**परेड का संचालन क्षेत्राधिकारी उझानी डॉ. देवेन्द्र कुमार ने किया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं। पुलिस लाइन के मैदान में शुक्रवार को साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया। एसएसपी ने परेड की सलामी ली।

इसके बाद उन्होंने पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड की सलामी ली। परेड का संचालन क्षेत्राधिकारी उझानी डॉ. देवेन्द्र कुमार ने किया। पुलिस परेड ग्राउंड में पुलिस कर्मियों को ड्रिल का अभ्यास कराया गया। टोलीवार पुलिसकर्मियों का टर्न आउट चेक करते हुए परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों को शारीरिक व मानसिक रुप से फिट रहने के लिए परेड ग्राउंड में दौड़ लगवाई गई। पुलिसकर्मियों ने परेड ग्राउंड में ड्रिल का अभ्यास किया। इसके बाद एसएसपी ने रिजर्व पुलिस लाइन स्थित क्वार्टर गार्ड, शस्त्रागार, गार्द रूम, जीपी स्टोर, यातायात कार्यालय, परिवहन शाखा, जीडी कार्यालय, केंद्रीय पुलिस कैंटीन, गैस एजेंसी, आरओ प्लांट, पुलिस कंट्रोल रूम, क्रिप्टो सेंटर पुलिस रेडियो शाखा, पुलिस मॉर्डन स्कूल, आटा/मसाला चक्की, भोजनालय, पुलिसकर्मियों के बैरक आदि का निरीक्षण किया गया। रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण के दृष्टिगत रिजर्व पुलिस लाइन स्थित आरटीसी बैरक, स्कूल, अस्पताल, सैलून, भोजनालय, शौचायल आदि का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने को संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी उझानी देवेंद्र कुमार एवं प्रतिसार निरीक्षक इंद्रजीत सिंह, आरटीसी प्रभारी राजेंद्र सिंह पुंडीर व प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष एवं चौकी प्रभारी तथा पुलिस लाइन के समस्त शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।

# सीएमओ ने हरी झंडी दिखाकर सारथी वाहन को किया रवाना, निकाली गयी जागरूकता रैली

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली । जनपद में 21 नवम्बर से पुरुष नसबंदी पखवारा शुरू हुआ है जो कि 04 दिसम्बर तक चलेगा। इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवीन चंद्रा ने जागरूकता रैली और सारथी वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि 21 नवम्बर से चार दिसम्बर तक चलने वाले पुरुष नसबंदी पखवारे की थीम है ऽ ळ्स्वस्थ एवं खुशहाल परिवार,पुरुष सहभागिता से ही होगा यह सपना साकार।ङ्क थीम के अनुसार परिवार को नियोजित करने एवं स्वस्थ रखने में केवल महिला की जिम्मेदारी नहीं है बल्कि पुरुष सहभागिता भी जरूरी है। पुरुष नसबंदी स्थायी परिवार नियोजन की विधि है। केवल महिलाएं ही इसे न अपनाएँ बल्कि आगे बढ़कर पुरुष भी इसे अपनाएँ और परिवार नियोजन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। यह पूरी तरह से सुरक्षित है। नॉन स्क्लेप्टेल वेसिक्टोमी (एनएसवी) में कोई चीरा कांटा नहीं लगता है। यह 10 मिनट का एक सरल ऑपरेशन है जो कि प्रशिक्षित सर्जन द्वारा किया जाता है। ऑपरेशन के दो दिन बाद व्यक्ति सामान्य काम तथा एक सप्ताह के बाद भारी काम कर सकता है। नसबंदी की सेवा अपनाने वाले पुरुष को 3000 रुपये की क्षतिपूर्ती राशी तथा प्रेरक को प्रति लाभार्थी 400 रूपये मिलते हैं। पुरुष नसबंदी, महिला नसबंदी की अपेक्षा काफी आसान है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि 21 से 24 नवम्बर तह शहरी क्षेत्र सहित हर ब्लाक पर तीन सारथी वाहन चलाये जायेंगे जिसके माध्यम से लोगों को स्थायी और अस्थायी परिवार नियोजन के साधनों के बारे में जागरूक किया जायेगा। इसके साथ ही यह पखवारा दो चरणों में आयोजित होगा। जहाँ पहला चरण मोबिलाइजेशन फ़ेज 21 से 27 नवम्बर तक चलेगा जिसके तहत लोगों को आशा कार्यकर्ता, एएनएम सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी पुरुष नसबंदी के बारे में जागरूक करेंगे, अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे व इच्छुक दम्पतियों की पहचान करेंगे तथा 28 से चार दिसबर तक सेवा प्रदायगी पखावरा आयोजित होगा जिसमें सभी सीएचसी तथा जिला अस्पताल में नियत सेवा दिवस के माध्यम से प्रशिक्षित सर्जन द्वारा सेवाएं दी जायेंगी। इसके साथ ही मोबिलाइजेशन फ़ेज के दौरान परिवार नियोजन में बेटे और सास की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए हर आशा कार्यकर्ता द्वारा अपने अपने क्षेत्रों में सास-बेटा- बहु सम्मलेन का आयोजन किया जायेगा।

जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी डी.एस. अस्थाना ने बताया कि पुरुष नसबंदी को लेकर भ्रांतियां हैं कि यह पुरुषों की यौन क्षमता को प्रभावित करती है बल्कि ऐसा बिलकुल भी नहीं है व्यक्ति वैवाहिक सुख का पूरा आनंद लेता है और न ही इसके बाद पुरुषों में कमजोरी आती है।

यह सर्जरी कराने के तीन माह बाद ही प्रभावशाली होती है शुक्रवाहिनी में पहले से मौजूद शुक्राणुओं को वीर्य के साथ बाहर निकलने में तीन माह का समय लगता है।अप्रैल से अब तक कुल 10 पुरुषों ने नसबंदी की सेवा अपनाई है व पिछले वित्तीय वर्ष में दो ने इसे अपनाया है। कौन पुरुष नसबंदी की सेवा अपना सकते हैं ?- वह सभी जिनकी आयु 60 साल से कम हो- जिनका कम से कम एक साल का बच्चा हो, बच्चा लड़का या लड़की कोई भी हो सकता है।- जिनका परिवार पूरा हो गया हो। इस अवसर पर डॉ. श्री कृष्णा ,डॉ अरुण कुमार वर्मा, डॉ राकेश यादव, डॉ. शरद कुशवाहा, अंजली सिंह, रूबी सिंह, विनय पांडे, हिमांशु श्रीवास्तव, यासीन अहमद, नर्सिंग की स्टूडेंट, आशा कार्यकर्ता तथा सीएमओ ऑफिस का स्टाफ मौजूद रहा।

# ग्राम पंचायतों की निर्वाचक नामावलियों के वृहद पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के लिए संशोधित कार्यक्रम जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मुरादाबाद । अपर जिलाधिकारी प्रशासन/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (पंचायत) संगीता गौतम ने निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ग्राम पंचायतों की निर्वाचक नामावलियों के वृहद पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 की पूर्व निर्गत अधिसूचना में आंशिक संशोधन करते हुए वृहद पुनरीक्षण का कार्य समय सारणी के अनुसार सम्पन्न कराए जाने हेतु समस्त उपजिलाधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पंचायत को निर्देशित किया है।

उन्होंने बताया कि ड्राफ्ट नामावलियों की कम्प्यूटरीकृत पाण्डुलिपि तैयार (निर्वाचक नामावलियों के कम्प्यूटरीकरण की कार्यवाही) दिनांक 10 दिसम्बर 2025 तक की जाएगी, निर्वाचक नामावलियों के कम्प्यूटरीकरण के उपरान्त मतदान केन्द्र/स्थलों का क्रमांकन, मतदाता क्रमाकंन, मतदेय स्थलों के वार्डो की मैपिंग, मतदाता की डाउनलोडिंग, फोटोप्रतियां कराने की तिथि 11 दिसम्बर से 22 दिसम्बर 2025 है, आलेख्य प्रकाशन के रुप में प्रकाशित अनन्तिम मतदाता सूची के निरीक्षण की तिथि 24 दिसम्बर से 30 दिसम्बर 2025 है, दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने (01 जनवरी 2026 से 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी निर्वाचकों के भी स्वीकार किए जाएंगे) की तिथि 24 दिसम्बर से 30 दिसम्बर 2025 तक, दावे एवं आपत्तियों के निस्तारण की तिथि 31 दिसम्बर 2025 से 06 जनवरी 2026 तक है, दावे/आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त हस्तलिखित पाण्डुलिपियां तैयार करना, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण के कार्यालय में जमा करने की अवधि 07 जनवरी से 12 जनवरी 2026 तक है, दावे और आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त पूरक सूचियों की कम्प्यूटरीकरण की तैयारी तथा उन्हें मूल सूची में यथा स्थल समाहित करने की कार्यवाही की तिथि 13 जनवरी से 29 जनवरी 2026 तक है, पूरक सूचियों के कम्प्यूटरीकरण के उपरान्त मतदान केन्द्र/स्थलों का क्रमांकन, मतदाता क्रमाकंन, मतदेय स्थलों के वार्डो की मैपिंग मतदाता सूची की डाउनलोडिंग, फोटो प्रतियां कराने की तिथि 30 जनवरी से 05 फरवरी 2026 तक एवं निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिए अन्तिम प्रकाशन की तिथि 06 फरवरी 2026 निर्धारित है।

# जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था व गन्ना खरीद एवं अवशेष गन्ना मूल्य भुगतान के सम्बन्ध में की समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मुरादाबाद । जिलाधिकारी अनुज सिंह ने कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में जनपद-मुरादाबाद एवं बाह्य जनपदों की ऐसी चीनी मिलें जिनके द्वारा जनपद मुरादाबाद से गन्ना खरीद की जाती है, उनके यूनिट हेड/अध्यासियों, जिला गन्ना अधिकारी, मुरादाबाद एवं सहायक चीनी आयुक्त, के साथ सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था, निर्बाध गन्ना खरीद तथा पेराई सत्र 2024-25 के अवशेष गन्ना मूल्य भुगतान के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की गई। जिलाधिकारी द्वारा कृषक संगठनों तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गयी गन्ना कृषकों से सम्बन्धित समस्याओं से अवगत कराते हुए गन्ना कृषकों की समस्याओं का त्वरित समाधान किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि चीनी मिलों द्वारा प्रतिदिन प्रत्येक गन्ना क्रय केन्द्र पर प्रातः 08 बजे से सायं 05 बजे तक गन्ना खरीद का कार्य कराया जाये तथा क्रय केन्द्रों पर तौल लिपिक अनिवार्य रूप से उपस्थित रहे। घटतौली को शिकायतों के निराकरण हेतु क्रय केन्द्रों पर मानक अनुरूप 05 कुन्तल के बॉट रखे जाये तथा प्रतिदिन गन्ना क्रय केन्द्र से गन्ना उठान किया जाये, ताकि गन्ने का प्लॉट से उठान न होने पर आगामी दिवस में तौल कार्य प्रभावित न हो सके। गन्ना क्रय केन्द्रों पर घटतौली आदि की शिकायतें प्राप्त न हो, जिसके लिए गन्ना निरीक्षक एवं सहायक चीनी आयुक्त, मुरादाबाद को लगातार निरीक्षण करने तथा इस प्रकार की कोई शिकायत प्राप्त होने पर चीनी मिल प्रबंधन के विरूद्ध नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया।

जिलाधिकारी ने गन्ना ढुलाई में प्रयुक्त वाहनों में ओवरहाईट न किये जाने तथा इस सम्बन्ध में गन्ना कृषकों को भी चीनी मिलों के स्तर से वाहनों की ऊंचाई के अनुसार गन्ना ढुलाई करने हेतु प्रेरित किये जाने तथा प्रत्येक गन्ना ढुलाई वाहन में रिफ्लेक्टर युक्त लाल रंग का कपड़ा जो चारो कोनो से बंधा हो, वाहन के पिछले हिस्से में प्रत्येक दशा में लगाये जाने हेतु निर्देशित किया गया, ताकि कोहरे के दौरान दूर से ही वाहन दिखाई दे। सर्दी के मौसम में बचाव हेतु कृषकों को मूलभूत सुविधा यथा अलाव, किसान विश्राम शेड तथा शौचालय की समुचित व्यवस्था करने तथा गन्ना वेरायटी से सम्बन्धित शिकायतों को तत्काल निस्तारित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

उन्होंने पेराई सत्र 2024-25 के अवशेष गन्ना मूल्य भुगतान के सम्बन्ध में चीनी मिल बिलारी के महाप्रबंधक(गन्ना) को निर्देशित किया कि चीनी मिल प्रत्येक दशा में 01 सप्ताह के अन्दर पेराई सत्र 2024-25 का अवशेष गन्ना मूल्य भुगतान अनिवार्य रूप से कृषकों को किया जाना सुनिश्चित करेगी तथा अन्य चीनी मिलों के उपस्थित प्रतिनिधियों को पेराई सत्र 2025-26 का गन्ना मूल्य भुगतान प्रारम्भ किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में जिला गन्ना अधिकारी श्री राम किशन, सहायक चीनी आयुक्त श्री सालोक पटेल, चीनी मिल अगवानपुर, बिलारी, बेलवाड़ा, रानीनांगल एवं वाह्य जनपदों की चीनी मिल असमौली, स्योहारा एवं मिलक नरायनपुर के महाप्रबंधक(गन्ना) उपस्थित रहे।

## सहसवान के सीओ ए0के0 सिंह ने कार्यभार संभाल

बदायूँ। तेजतर्रार एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने तत्काल प्रभाव से क्षेत्राधिकार सहसवान का स्थानांतरण कर उनके स्थान पर ए0के0 सिंह को क्षेत्रधिकारी सहसवान का प्रभार दिया है। आम चर्चा थी कि सहसवान में गोकशी जैसी घटना होती रहती है जिन पर लगाम लगाने का काम अब ए0के सिंह करेंगे। वहीं शुक्रवार को ए0के0 सिंह ने सहसवान पहुंचकर कार्यभार संभाल।

## शिकारपुर क्षेत्र से दो युवतियों का अपहरण

शिकारपुर (बुलंदशहर)। तहसील शिकारपुर क्षेत्र में अलग अलग गांव से दो युवतियों के अपहरण के मामले सामने आए हैं। अपहृत युवतियों के परिजनों ने नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने अपहृत और अपहरणकर्ताओं की तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली शिकारपुर क्षेत्र के गांव देवराला निवासी नंदलाल पुत्र जगदीश सिंह ने बताया कि उसकी बेटी तुलसी (21 वर्ष) को बुलंदशहर के जंगलगढ़ी निवासी आकाश पुत्र पप्पू, आकाश का भाई बॉबी, नीलम पत्नी सुधीर और रेखा पत्नी राजेश बहला फुसलाकर भगा ले गए हैं। पिता ने पुलिस में कहा है कि उनकी बेटी घर की सेफ में रखे जेवरात और 62 हजार रुपए भी अपने साथ ले गई है। पुलिस ने दोनों महिलाओं समेत चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। दूसरी घटना, अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के गांव भेलई की है। अजय कुमार पुत्र मानिकचंद ने बताया कि उसकी 17 वर्षीय बेटी काजल का जिला अलीगढ़ के पाली थाना क्षेत्र के गांव नागर निवासी भूरा पुत्र राजवीर ने अपहरण कर लिया है। पुलिस को युवती के पिता ने कहा है कि वह अपने साथ 12 हजार रुपए और जेवरात भी ले गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## उपकर निर्धारण एवं उपकर संग्रहण की मानक संचालन प्रक्रिया क्रियान्वयन को लेकर बैठक

मुरादाबाद। उप श्रमायुक्त श्री दीप्तिमान भट्ट की अध्यक्षता में शासन द्वारा निर्गत भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण (नियोजन एवं सेवाशर्त विनियमन) अधिनियम, 1996 के अन्तर्गत निरीक्षण एवं अनुवर्ती कार्यवाही तथा भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण उपकर अधिनियम, 1996 के अन्तर्गत उपकर निर्धारण एवं उपकर संग्रहण की मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में निर्माण कार्यों से जुडे सेवायोजकों एवं ट्रेड यूनियनों के पदाधिकारियों को भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण उपकर अधिनियम, 1996 के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी तथा शासन द्वारा जारी एसओपी के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर श्री अजीत कुमार कनौजिया सहायक श्रम आयुक्त, समस्त श्रम प्रवर्तन अधिकारी, राजेश जैन पाश्र्वनाथ डेवलपर्स लि., श्री राकेश कुमार शर्मा स्टेट वाईस प्रेसिडेन्ट, एनएफटीयू श्री विजयपाल सिंह, स्टेट पे्रसिडेन्ट, एआईयूटीयू, श्री अनिल शर्मा, प्रतिनिधि ओम डेवलपर्स अमरोहा, श्री हिमान्शु अग्रवाल, मै. आकाश ग्रीन ग्रुप हाऊसिंग एवं अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## श्री गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान दिवस पर रहेगा अवकाश

मुरादाबाद। जिले में श्री गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान दिवस के अवसर पर 25 नवंबर 2025 को रहेगा अवकाश। श्री गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान दिवस के अवसर पर जनपद में 25 नवंबर 2025 को अवकाश रहेगा। जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह ने इस संबंध में बताया कि कार्यकारी आदेश के अंतर्गत पूर्व में 24 नवंबर 2025 को अवकाश घोषित किया गया था परंतु 20 नवंबर 2025 को उत्तर प्रदेश शासन (सामान्य प्रशासन) के स्तर से जारी शासनादेश के अनुसार अब 24 नवंबर के स्थान पर 25 नवंबर (मंगलवार) को जनपद में अवकाश रहेगा।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक

संभल । जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सभागार बहजोई में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत शिक्षण संस्थान के प्राचार्य एवं छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी के साथ मास्टर डाटा एवं छात्रवृत्ति आवदेन पत्र के अग्रसारण के संबंध में बैठक आहूत की गई द्य जिलाधिकारी महोदय ने समस्त शिक्षण संस्थानों को दिनांक 28 नवंबर 2025 तक समस्त डाटा को अग्रसारित करने के निर्देश दिए द्य बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी एवं शिक्षण संस्थानों के प्राचार्य एवं नोडल अधिकारी उपस्थित थे

# पुलिस मुठभेड़ में 10 हजार का इनामी गिरफ्तार

**पकड़ा गया अभियुक्त थाना कांठ के गांव कमलनैनपुर का रहने वाला शानू पुत्र ताहिर है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। थाना कटरा पुलिस टीम ने मुठभेड़ के दौरान 10 हजार रूपए के इनामी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से पुलिस टीम ने एक तमंचा, 02 जिन्दा कारतूस, एक कारतूस नाल में फंसा हुआ और 02 मोबाईल बरामद किए। पकड़ा गया अभियुक्त थाना कंाठ के गांव कमलनैनपुर का रहने वाला शानू पुत्र ताहिर है। जोकि कई दिनों से हत्या का प्रयास आदि धाराओं में वांछित चल रहा था। एसपी ने जल्द गिरफ्तारी के लिए अभियुक्त शानू पर 10 हजार का इनाम घोषित कर रखा था। पुलिस के अनुसार, अभियुक्त शानू को ग्राम कमलापुर नहर पुलिया के पास से मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। इस अभियुक्त गौवध अधिनियम, पशु क्रूरता अधिनियम, एनडीपीएस एक्ट, गैंगस्टर एक्ट, हत्या का प्रयास, धोखाधड़ी, आयुध अधिनियम, चोरी आदि के डेढ़ दर्जन अपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल, पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना कटरा के प्रभारी निरीक्षक जुगुल किशोर पाल के साथ उपनिरीक्षक सुखपाल सिंह, पदम सिंह, हेड कांस्टेवल आरजू खां, कांस्टेवल अंकित नेहरा, आशीष कुमार, योगेन्द्र, पंकज कुमार आदि मौजूद रहे।

# दो किलो अफीम के साथ झारखण्ड के दो तस्कर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। थाना खुटार पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान 02 किलो अफीम के साथ दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया।थाना खुटार पुलिस टीम ने वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर लालपुर निर्माणाधीन पुल के पास से दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस टीम ने दो किलोग्राम अवैध अफीम बरामद की। पकड़े गए तस्कर झारखण्ड राज्य के जिला चतरा के थाना राजपुर क्षेत्र के गांव जोरी निवासी लल्लन कुमार पुत्र राजकुमार वर्मा और थाना चतरा क्षेत्र के गांव दारियातु निवासी विपिन कुमार पुत्र गौरी शंकर दागी हैं। तस्करों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना खुटार के प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र कुमार रावत के साथ उपनिरीक्षक प्रांजल सिंह यादव, विवेक सिंह, हेड कां. अमित दुबे, संजय कुमार, रणजीत सिंह मौजूद रहे।

# तक्षशिला स्कूल में पूर्व छात्र सम्मेलन आयोजित आरुषि खरे ने दिया सफलता का मंत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। तक्षशिला पब्लिक स्कूल में पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को अनुभव व बाह्य प्रेरणा के माध्यम से भविष्य निर्माण के लिए मार्गदर्शन देना रहा। विद्यालय की पूर्व छात्रा आरुषि खरे को मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया। आरुषि खरे ट्रिपल आईटी, भुवनेश्वर से बी.टेक (साइबर सिक्योरिटी) तथा इग्नू से एम.ए. साइकोलॉजी कर रही हैं और वर्तमान में वो करियर एवं मानसिक स्वास्थ्य विषयों पर काउंसलर के रूप में कार्यरत हैं।आरुषि ने कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों से संवाद करते हुए लाइफ स्किल्स, सॉफ्ट स्किल्स, करियर चयन, मानसिक स्वास्थ्य, पढ़ाई और हॉबीज में संतुलन, तथा जीवन व करियर की अनिश्चितताओं पर अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि जॉब के पीछे न भागें, बल्कि अपनी योग्यता और क्षमता को बढ़ाएं। यदि आपके कौशल मजबूत हैं तो अवसर स्वयं मिलते हैं। उन्होंने छात्रों को अनुशासन, आत्मविश्वास और आंतरिक प्रेरणा के महत्व से अवगत कराया। कहा कि सफलता एक दिन में नहीं मिलती, लेकिन निरंतर प्रयास से एक दिन अवश्य मिलती है। अपने लक्ष्य निर्धारित करें और मेहनत जारी रखें। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रखर खंडेलवाल ने आरुषि का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस सत्र से छात्रों को निश्चित रूप से दिशा व प्रेरणा मिलेगी। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 9-10 समन्वयक हेमंत अनेजा ने किया तथा प्रश्नोत्तर सत्र में शिवोहम शर्मा और अर्शप्रीत कौर ने सहयोग दिया। कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्य केसी जोशी, शैलेन्द्र सिंह, चेताली सहाय, तुषार अग्निहोत्री, सरिता सक्सेना, शिवम शुक्ला, श्रेयांशी सक्सेना सहित अनेक शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की सफलता में शिवम वर्मा का विशेष योगदान रहा।

# परमवीर चक्र विजेता की स्मृति में हुई प्रतियोगिता, विजेताओं को किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। भारतीय युवा चेतना मंच एवं अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने परमवीर चक्र विजेता नायक यदुनाथ सिंह स्मृति सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह रोजा स्थित हरि कौशल त्यागी पब्लिक स्कूल में किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कर्नल जगवीर सिंह जागलान तथा विशिष्ट अतिथि पुलिस इंस्पेक्टर गंगा सिंह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। आयोजकों ने बताया कि जनपद के विभिन्न विद्यालयों के 97 छात्रों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। इनमें पहला स्थान नीलेश वर्मा को 1100, द्वितीय कार्तिक त्यागी 900, तीसरा कृष्णा गुप्ता को 700, चैथे स्थान पर रहे वरुण मिश्रा, श्रेष्ठ प्रताप, उन्नति वर्मा व विकास दीक्षित को 300 तथा पांचवें स्थान पर पहुंचे अर्णव, दीपराज, प्रियांशी आर्य, वर्णिका मिश्रा और आरुषि वर्मा को 100 रूपए एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत परमवीर चक्र विजेता नायक यदुनाथ सिंह के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। स्कूल के बच्चों ने तिरंगे के साथ भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से अतिथियों का स्वागत किया। कर्नल जागलान ने इस आयोजन को देशभक्ति की भावना को मजबूत करने वाला बताते हुए आयोजकों को बधाई दी। कार्यक्रम में अनेक शिक्षकों, पूर्व सैनिकों और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

## चोरी की मोटरसाइकिल समेत दो गिरफ्तार



शाहजहांपुर। थाना कोतवाली पुलिस ने चोरी की मोटर साइकिल समेत दो युवकों को गिरफ्तार किया।बीती 19 नवम्बर को थाना कंाट क्षेत्र के गांव डींगुरपुर निवासी कमलेश कुमार ने अज्ञात के खिलाफ मोटर साइकिल चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसी क्रम में थाना कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चार्जिंग पाइंट चैराहे से चोरी की मोटर साइकिल समेत दो युवकों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए अभियुक्त थाना सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला लाला तेली बजरिया निवासी शुभम कौशल पुत्र महेंद्र कौशल और सुभाषनगर में खाटू श्याम वाली गली में रहने वाला मनोज कुमार पुत्र राम किशोर है। पकड़े गए अभियुक्तों पर पूर्व में भी थाना सदर बाजार थाना कोतवाली में चोरी आदि के मुकदमें दर्ज हैं। फिलहाल, पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार के साथ उपनिरीक्षक विनय कुमार, विजय कुमार, कां. बिलाल अहमद और नवनीत मौजूद रहे।

# अतिक्रमण बना नासूर,जाम की समस्या से नहीं मिल रही निजात

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोंडा। जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कें अतिक्रमण की गिरफ्त में हैं। सड़कों पर अवैध कब्जा होने से जाम लगना आम बात है, इससे रोजाना आम आदमी को जाम के झाम में जूझना पड़ता है जो कि नासूर बनता जा रहा है पुलिस और प्रशासनिक अफसरों ने अभिया न चलाकर या तायात व्यवस्था दुरुस्त करने की बात कही थी। जिला मुख्यालय शहर के सबसे पुराने और व्य स्ततम बाजार चौक में अतिक्रमण और जाम की समस्या के कारण लोग तौबा करने लगे हैं। ग्राहक दुकानों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं तो व्या पारियों की चिंता स्वाभाविक है।व्यापारी सुबह दुकान खोलकर ग्राहकों का इंतजार करते हैं। दुकानों के आगे ठेले लग जाते हैं।जिनके सामने वाहनों का जमावड़ा लगा रहता है बची जगह प र ई-रिक्शा वालों का कब्जा हो जाता है। इससे पैदल निकलना मुश्किल रहता है। रोजाना की इस समस्या से व्यापारी और ग्राहक परेशान हैं, लेकिन इसका निदान नहीं हो पा रहा है व्यापा रियों को परेशानी हों रही है। वही प्रशासन की कार्यप्रणाली पर रोष जताया है।वहीं व्यापारियों का कहना है कि छोटे और मध्यम व्यापारी ऑ नलाइन शॉपिंग की मार से पहले ही परेशान हैं। ऊपर से अतिक्रमण व जाम के कारण हमारा व्यापार चौपट होता जा रहा है।समस्या के समा धान के प्रति न प्रशासन और न ही जनप्रति निधि ही गंभीर हैं। चौक बाजार में सिर्फ जिले के ही नहीं, गैर जनपदों के लोग भी खरीदारी के लिए आते हैं।ग्रामीण क्षेत्र के व्यापारी थोक सामानों की खरीदारी करते हैं। वही लोगो का कहना है कि चौक बाजार में आम आदमी की रोजमर्रा की जरूरतों की हर चीज उपलब्ध हो ने के कारण भीड़ जुटती है शादी-विवाह के सम य तो यहां से फुटकर व्यापारी खरीदारी के लिए आते हैं। चौक बाजार कभी शहर की शान हुआ करता था लेकिन अतिक्रमण और जाम के कार ण यहां आने से ग्राहक कतराने लगे हैं।कई दु कानों पर तक तो गिने-चुने ही ग्राहक पहुंच पाते हैं।वही व्यापारियों का कहना है कि दुकानों के आगे सुबह से भारी संख्या में ठेले लग जाते हैं। सड़क पर अतिक्रमण कर लगी इन दुकानों के कारण प्रतिष्ठान ढक जाते हैं। ठेलों के सामने लोग अपने वाहन खड़े कर देते हैं,जिससे सड़क का अधिकांश भाग अवरुद्ध हो जाता है,दुकानों के आगे इतनी गाड़ियां खड़ी हो जाती हैं कि दु कानदारों को खुद अपने प्रतिष्ठान तक पहुंचने के लिए मशक्कत करनी पड़ती है। इससे पूरा बाजार परेशान है और गुहार लगा रहा है, लेकि न जिम्मेदारों की सेहत पर कोई फर्क नहीं पड़ रहा।वही गोण्डा व बलरामपुर को जोड़ने वाले हाईवे पर रोडवेज बस समेत अन्य वाहनों का आवागमन अधिक है। सड़क पर अतिक्रमण के कारण जाम लगने से घंटों यात्रियों को परेशान होना पड़ता है।वही लोगो का कहना है कि एल बीएस चौराहे से लेकर अग्रसेन चौराहे तक सड़ क किनारे फुटपाथ पर अवैध कब्जा करने वा लों के खिलाफ जिम्मेदार कार्रवाई करने से कत राते हैं।आलम यह है कि बड़गांव पुलिस चौकी से स्टेशन तक बाजार में पैदल चलना दूभर है। ई-रिक्शा, टेंपो, बाइक बेतरतीब खड़ा करने से और समस्या होती है। पार्किंग स्थल न होने से विकट समस्या होती है गोण्डा नगर पालिका प रिषद क्षेत्र में पार्किंग का कोई इंतजाम नहीं है।

पार्किंग न होने से व्यापारियों को भी अपने वा हन दुकानों के सामने या इधर-उधर वाहनों को खड़ा करना पड़ता है।यही नहीं जिले के प्रमुख चौराहों और कस्बों में अतिक्रमण की समस्या बढ़ने से जाम लगना आम बात हो गया है।स्टे शन रोड पर दुकानों के सामने सड़क पर लोग ठेला लगाते हैं,जिससे पूरी सड़क जाम हो जा ती है जाम के झाम में फसकर लोगों की ट्रेन तक छूट जाती है। झूलेलाल चौराहा के चारों ओर अनाधिकृत अस्थाई दुकानों का कब्जा है। स्टेशन रोड पर पार्किंग की सुविधा न होने के कारण लोग आने से कतराते हैं।

# छात्र-छात्राओं को किया गया जगरूक



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा। पुलिस अधीक्षक विनीत जयसवाल के नि र्देशन में ल्ल्यातायात माह नवंबर में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जन जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर आनंद कुमार राय प्रभारी यातायात जगदंबा गुप्ता,टीएसआई राकेश कुमार,आरक्षी योगेश कुमार,आरक्षी सं दीप यादव,होमगार्ड काशीराम, होमगार्ड दिनेश चंद पाण्डेय द्वारा गीता इंटरनेशनल इंटर कॉले ज में लगभग तीन सौ छात्र-छात्राओं के मध्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्रों को हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग,सड़क पार करने की सावधा नियाँ,ओवरस्पीडिंग के दुष्परिणाम,नशे में वाहन न चलाने,मोबाइल फोन का वाहन चलाते समय प्रयोग न करने सहित विभिन्न यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई।साथ ही छात्रों को यातायात नियमों से संबंधित पम्पलेट वितरित किए गए तथा उन्हें सुरक्षित एवं जिम्मेदार याता यात व्यवहार अपनाने हेतु प्रेरित किया गया।

## आरपीएफ कस्टडी में युवक की मौत 16 दिन बाद भी आरोपी पुलिसकर्मी गिरफ्तारी से दूर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोंडा। जिले में रेलवे सुरक्षा बल ( आरपीएफ ) की हिरासत में हुई संजय सोनकर 35 वर्ष की मौत के मामले में परिजनों का आक्रोश कम नहीं हुआ है। घटना को 16 दिन बीत जाने के बावजूद हत्या जैसे गंभीर आरोपों में नामजद तीनों निलंबित पुलिसकर्मी अभी भी फरार हैं। मृतक के परिजनों का आरोप है कि पुलिस जा नबूझकर कार्रवाई नहीं कर रही है जबकि इन निलंबित किए गए रेलवे सुरक्षा बल के कर्मचा रियों के खिलाफ हत्या की धाराओं के साथ ए ससी,एसटी एक्ट के तहत भी मुकदमा दर्ज है। चार नवंबर नवंबर दोपहर साढ़े 11 बजे रेलवे सुरक्षा बल के तीन पुलिसकर्मी सब-इंस्पेक्टर करण सिंह यादव सब-इंस्पेक्टर सुरेंद्र कुमार, सिपाही अमित ने संजय सोनकर को पूछताछ्ङ के नाम पर हिरासत में लिया था। देर रात चार नवंबर को ही संजय की हिरासत में मौत हो गई घटना के तुरंत बाद तीनों पुलिसकर्मी शव को मेडिकल कॉलेज की मॉर्च्यूरी में छोड़कर फरार हो गए।पांच नवंबर को परिजनों ने नगर कोत वाली में हंगामा कर तीनों के खिलाफ मर्डर (हत्या) की एफआईआर दर्ज कराई।मृतक की जाति के आधार पर एससी,एसटी एक्ट की धा राएं भी जोड़ी गईं।रेलवे सुरक्षा बल ने तीनों पु लिसकर्मियों को छः नवंबर को निलंबित कर दिया था,विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है

**लेकिन 16 दिन बाद भी तीनों पुलिस कर्मियों** की गिरफ्तारी नहीं हुई,परिजन लगातार गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।जांच अधिकारी सीओ नगर आनंद राय के अनुसार मामले की विस्तृत जांच चल रही है।बिसरा रिपोर्ट अभी नहीं आया है।रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।उन्होंने परिजनों को यह भी कहा कि जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।परिजन लगा तार प्रदर्शन और मांग के बावजूद आरोपी पुलि सकर्मी लापता हैं।परिजनों का मानना है कि पु लिस मामले को दबाने या धीमा करने की को शिश में है।वे चाहते हैं कि आरोपी पुलिस कर्मियों को तुरंत गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए।

## हमीरपुर में एक माह में छह हत्याएं : मौदहा कोतवाली के इंस्पेक्टर लाइन हाज़िर

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के मौदहा कोतवाली क्षेत्र में पिछले एक माह के भीतर लगातार हुई छह हत्या की वारदातों ने पूरे इलाके को दहला दिया है। पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा ने शुक्रवार को तत्काल प्रभाव से मौदहा कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर उमेश कुमार को लाइन हाज़िर कर दिया। उनकी जगह चिकासी थाना प्रभारी संतोष कुमार को मौदहा कोतवाली की कमान दी गई है। पिछले एक माह में एक एक कर छह घटनाओं ने पुलिस की लापरवाही की पोल खोल दी । अगर सिलसिलेवार देखें तो इन हत्याओं ने पुलिस के सामने एक बड़ी चुनौती पैदा कर दी लेकिन स्थानीय पुलिस ने कोई सबक नहीं लिया। 27 अक्टूबर को रीवन गांव के खेतों में गायत्री नामक महिला का जला हुआ शव मिला था। पहचान छिपाने के लिए चेहरा जला दिया गया था। पुलिस ने 11 दिन बाद मुठभेड़ में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर केस का खुलासा किया। इस घटना के बाद 29 अक्टूबर को परछछ गांव में प्रेम प्रसंग के कारण रवि नाम युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई।

# एसडीएम मोनालिसा जौहरी का गांव-गांव दौरा, मतदाता सूची सुधार पर खुली चर्चा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नानपारा, बहराइच। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) को प्रभावी बनाने के लिए नानपारा की एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने परसा अगैय्या, मेहरबान नगर, हाड़ा बसहरी सहित कई ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों पर चल रहे इस अभियान के दौरान ग्रामीणों ने मतदाता सूची, फॉर्म और दस्तावेजों से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका एसडीएम ने धैर्यपूर्वक, स्पष्ट एवं सटीक समाधान किया। एसडीएम ने बताया कि यह केवल कागज़ी प्रक्रिया नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की पहचान, अधिकार और लोकतांत्रिक सहभागिता को सुरक्षित रखने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने ग्रामीणों को अवगत कराया कि अभियान का लक्ष्य मतदाता सूची को पूर्णतः अद्यतन, त्रुटिरहित और पारदर्शी बनाना है, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति सूची से बाहर न रह जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि गणना पत्रक वितरण से लेकर उसके जमा होने तक किसी प्रकार का कोई अलग कागज़ या दस्तावेज नहीं लिया जाएगा। जिन परिवारों के पूर्वजों के नाम 2003 की मतदाता सूची में उपलब्ध हैं, उनसे अतिरिक्त दस्तावेज नहीं मांगे जाएंगे। जिनके नाम सूची में नहीं मिलते, वे निर्धारित फॉर्म भरकर अपने बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) को उपलब्ध करा दें। 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक चल रहे इस विशेष अभियान में प्रत्येक बीएलओ को घर-घर जाकर गणना पत्रक भरने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि कोई पात्र मतदाता छूट न जाए और मृतक व्यक्तियों के नाम स्वतः हटाए जा सकें। अंत में एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने कहा कि एसआईआर अभियान भविष्य के चुनावों की पारदर्शिता और विश्वसनीयता का आधार है। नानपारा तहसील प्रशासन संकल्पित है कि अभियान में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होने दी जाएगी। संवाद के दौरान उन्होंने बीएलओ से फीडबैक लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

# रेलवे के दो कर्मचारी झुलसे,संघ के पदाधिकारी पहुचे मौके पर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोरखपुर। पूर्वोत्तर रेलवे के यांत्रिक कारखाने गोरखपुर में कार्य के दौरान हुए एक दर्दनाक हादसे में दो नियमित कर्मचारी गंभीर रूप से झुलस गए। घटना के तुरंत बाद पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और घायलों को तत्काल रेलवे अस्पताल में भर्ती कराया।

हादसा उस समय हुआ जब कारखाने में प्राइवेट कर्मचारियों द्वारा वेल्डिंग का कार्य किया जा रहा था। कारखाना कर्मचारियों का कहना है ये प्राइवेट कर्मचारी अप्रशिक्षित थे और सुरक्षा मानकों की अनदेखी कर रहे थे। इसी दौरान नीचे कार्य कर रहे नियमित कर्मचारियों, योगेंद्र पाल और हिमांशु शर्मा, गंभीर रूप से जल गए।

हादसे की सूचना मिलते ही पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के पदाधिकारी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने मानवीय आधार पर तत्परता दिखाते हुए दोनों घायल कर्मचारियों को रेलवे अस्पताल पहुंचाया और उन्हें भर्ती कराया।

अस्पताल में भर्ती के बाद, संघ के महामंत्री ने स्वयं प्रमुख डॉक्टरों से बात की और यह सुनिश्चित करने के लिए आग्रह किया कि घायल कर्मचारियों को हर संभव सर्वोत्तम चिकित्सा उपचार मिले।

इस घटना पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए संघ के महामंत्री विनोद कुमार राय ने कहा, ''यह हादसा पूरी तरह से लापरवाही का नतीजा है। प्राइवेट ठेकेदारों द्वारा अप्रशिक्षित कर्मचारियों से काम कराना और सुरक्षा नियमों की अनदेखी करना एक गंभीर मुद्दा है।'' उन्होंने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और दोषी ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

घायल कर्मचारियों का इलाज रेलवे अस्पताल में चल रहा है और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। घटना के बाद कारखाने के अन्य कर्मचारियों में भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भारी नाराजगी और चिंता है।

दौरान संघ के मंडल अध्यक्ष ईश्वर चंद्र विद्यासागर, मंडल मंत्री कुलदीप मणि त्रिपाठी, बृजपाल सिंह, अंशुमाल पाठक, अभिषेक गुप्ता, राजकुमार यादव, विनय दुबे, विवेक श्रीवास्तव, अनिल गौतम, अविनाश राज, राजकुमार गुप्ता, शिवानंद गुप्ता, नूर आलम और विनय सिंह शुभम राकेश श्रीवास्तव जयप्रकाश सिंह राजू रावत कैलाश राजभर सहित कई अन्य पदाधिकारी और कर्मचारी नेता उपस्थित थे

# निषक्रिय आशाओं को हटाये जाने के डीएम ने दिये निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहराइच । गुरूवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक के दौरान टीकाकरण कार्य की समीक्षा के दौरान नवाबगंज ब्लॉक में आशा व आंगनवाड़ी की कम उपस्थिति पर डीएम ने नाराजगी जताई और 16 निष्क्रिय आशाओं को हटाने के निर्देश दिए। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. एस.के. सिंह ने बताया कि टीकाकरण के लिए 716 उच्च जोखिम वाले स्थल चिह्नित किए गए हैं, जिनमें ईंट भट्टे और घुमंतू परिवार शामिल हैं। गोल्डन कार्य की समीक्षा के दौरान डीएचईआईओ बृजेश सिंह ने बताया कि गरीब परिवारों के लगभग 94 प्रतिशत गोल्डन कार्ड बनाये गये हैं। डीएम ने इस स्थिति पर पर संतोष जताते हुए शेष परिवारो के कार्ड भी शीघ्र बनवाये जाने के निर्देश दिये। क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एम.एल. वर्मा ने बताया कि 8 लाख जोखिम वाली आबादी में टीबी जांच का लक्ष्य निर्धारित है, जिनमें से 5 लाख लोगों की स्क्रीनिंग पूरी हो चुकी है। सभी सीएचसी पर एक्स-रे सुविधा उपलब्ध है। डीएम ने शेष लक्ष्य तेजी से पूरा करने के लिए चिकित्सकों व सीएचओ को ओपीडी में जांच बढ़ाने और एक्स-रे कैंप लगाने के निर्देश दिए। सीएमओ डॉ. संजय कुमार ने सम्बन्धित को निर्देश दिया कि जहाँ पर सीबी-नॉट मशीन उपलब्ध है, वहाँ जांच प्राथमिकता से इसी पर हो। टीबी मरीजों के गोद लेने और फॉलोअप के लिए सीएमओ ने निर्देश दिया कि आशा व सीएचओ के बीच समानुपातिक रूप से जिम्मेदारी सौंपी जाय। डीएम ने टीबी मुक्त पंचायत अभियान में आशाओं की भूमिका पर जोर दिया। एनआरसी में कम बच्चों की भर्ती पर डीएम ने नाराजगी जताई और अति कुपोषित बच्चों की पहचान कर तुरंत भर्ती कराने के निर्देश दिए। इसके लिए आरबीएसके टीमों को सक्रिय करने और फॉलोअप सुनिश्चित करने को कहा। वजन और लंबाई मापने वाली मशीनें वीएचएसएनसी और जन आरोग्य समिति फंड से खरीदने की अनुमति दी गई।

## डीएम व एसपी ने किया मण्डल कारागार का निरीक्षण



गोंडा कैनविज टाइम्स संवाददात। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन एवं पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने मण्डल कारा गार का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने वहां पर कैदियों से वार्ता की त था उन्हें जेल में दी जा रही सुविधाओं एवं उन की समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। निरी क्षण के दौरान कारागार अस्पताल में जाकर व हां पर भर्ती कैदियों से मुलाकात किया,ही सभी भर्ती कैदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी लीजिलाधिकारी तथा एस पी ने स्वयं विभिन्न बैरकों,अस्पताल, भोजना लय,भंडार कक्ष,पुस्तकालय आदि का निरीक्षण किया तथा संबंधित को निर्देश दिए कि जेल में जेल मैनुअल के अनुसार कैदियों को सभी सुवि धाएं मुहैया कराई जाएं।इसके साथ ही ऐसे कै दी जिनके पास वकील नहीं है उनके लिए सर कारी वकील का भी प्रबंध कराया जाय।जेल में निरुद्ध कैदियों का बराबर मेडिकल चेकअप क राने के भी निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक, डिप्टी जेलर, कारागार डॉक्टर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पांच सौ ग्राम गांजा के साथ व्यक्ति गिरफ्तार

गोण्डा कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर कोतवाली क्षेत्र की पुलिस क्षेत्र भ्रम ण के दौरान रोड वेज बस अड्डा के निकट भांग की दुकान से निवासी रोटी गाँव अजय कुमार पुत्र जंग बहादुर यादव को पांच सौ ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया है।बताते है कि 29 सितंबर को थाना कोत वाली नगर के अविनाश सिंह चौकी प्रभारी मय हमराह क्षेत्र भ्रमण में रवाना थे,इसी दौरान सूच ना पर पुलिस द्वारा बस अड्डा के निकट भांग की दुकान से अभियुक्त अजय कुमार पुत्र जंग बहादुर यादव गिरफ्तार कर उनके कब्जे से पां च सौ ग्राम गांजा बरामद किया गया।गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना कोतवाली नग र पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पं जीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कराकर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी है।

## इंडियन रिपोर्ट्स एसोसिएशन ने फिर जताया भरोसा—राशिद अली पांचवीं बार यूपी अध्यक्ष

नानपारा, बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। नानपारा के वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी राशिद अली को इंडियन रिपोर्ट्स एसोसिएशन ने पांचवीं बार उत्तर प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया है। दिल्ली में हुए संगठनात्मक चुनाव में उन्हें निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। राशिद अली समाजसेवा व राजनीतिक परिवेश वाले परिवार से संबंध रखते हैं। इनके पिता फ्रूट होलसेलर एसोसिएशन के अध्यक्ष हैं, जबकि भाई शौकत अली फैजी समाजसेवी व पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी हैं। पत्नी शाहाना खातून भी पूर्व सभासद प्रत्याशी रह चुकी हैं। सन 2020 में पहले बहराइच जिला अध्यक्ष बनाए जाने के बाद उनके सक्रिय कार्यों को देखते हुए उन्हें प्रदेश उपाध्यक्ष और फिर प्रदेश अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई, जो लगातार पांचवीं बार उन्हें मिली है। राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव भारद्वाज व राष्ट्रीय महासचिव मोहम्मद जहांगीर ने उन पर पुनः भरोसा जताया है। राशिद अली को अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर प्रदेश उपाध्यक्ष शमी अहमद, मुख्य संगठन सचिव जिब्राईल खान, सचिव असलम खान, अरशद हुसैन, संतोष मिश्रा, डॉ. गुलाम अब्दुल कादिर, अनस फैजी सहित अनेक पत्रकारों ने हर्ष व्यक्त कर बधाई दी।

## गुरू तेग बहादुर जी के बलिदान दिवस पर 25 नवम्बर को रहेगा अवकाश

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) अमित कुमार ने बताया कि प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन सामान्य प्रशासन के निर्देश के क्रम में गुरू तेग बहादुर जी के बलिदान दिवस 24 नवम्बर 2025 को कार्यकारी आदेशों के अन्तर्गत अवकाशों की सूची में रखा गया है। शासन स्तर पर सम्यक विचारोपरान्त गुरू तेग बहादुर जी के बलिदान दिवस पर 24 नवम्बर 2025 को कार्यकारी आदेश के अन्तर्गत घोषित अवकाश के स्थान पर 25 नवम्बर 2025 दिन मंगलवार किये जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त लिये गये निर्णय के अलोक में गुरू तेग बहादुर जी के बलिदान दिवस पर कार्यकारी आदेश के अन्तर्गत 25 नवम्बर 2025 को अवकाश घोषित किया जाता है।

## काशी हिंदू विश्वविद्यालय के वात्सल्य यादव संयुक्त भारतीय विश्वविद्यालय क्रिकेट टीम में चुने गए

वाराणसी। काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) ने क्रिकेट के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की है।

# एचआईएमसी परियोजना के तहत प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नानपारा, बहराइच। ग्राम स्तर पर स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता को सुदृढ़ बनाने की दिशा में ममता संस्था द्वारा संचालित एचआईएमसी परियोजना सशक्त गांवऽविकसित राष्ट्र लगातार सक्रिय भूमिका निभा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को नानपारा स्थित ममता एचआईएमसी कार्यालय में विभिन्न विकासखंडों से चयनित आठ प्रशिक्षकों के लिए एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्राम स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता समितियों (वी.एच.एस.एन.सी.) को अधिक प्रभावी और उत्तरदायी बनाकर उनकी कार्यक्षमता को बढ़ाना रहा।प्रशिक्षण सत्र को परियोजना के उपायुक्त डॉ. क़ाज़ी नज़मुद्दीन ने संबोधित किया। उन्होंने प्रशिक्षकों को (वी.एच.एस.एन.सी.) की संरचना, समिति सदस्यों की भूमिका एवं जिम्मेदारियाँ, मासिक बैठकों का संचालन, सामुदायिक भागीदारी फंड का उपयोग, ग्राम स्वास्थ्य योजना निर्माण तथा स्वास्थ्य एवं पोषण संकेतकों की निगरानी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। डॉ. क़ाज़ी ने प्रशिक्षण को चार चरणों में विभाजित करते हुए समझाया, ताकि प्रशिक्षक आगे अपने-अपने क्षेत्रों में समिति सदस्यों को प्रभावी रूप से मार्गदर्शन दे सकें। उन्होंने कहा कि एक सक्रिय और जवाबदेह (वी.एच.एस.एन.सी.) ही गांव के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता ढांचे को मजबूत दिशा दे सकती है। इस अवसर पर जिला समन्वयक आदर्श मिश्र ने परियोजना की प्रगति साझा करते हुए बताया कि प्रथम चरण में जिले के पाँच विकासखंडों की 100 ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समितियों को सफलतापूर्वक सक्रिय किया गया था। मजदूर बस्तियों, पिछड़े क्षेत्रों और स्वास्थ्य सेवाओं से दूर बसाहटों में भी समितियों ने उल्लेखनीय कार्य आरंभ किए हैं।उन्होंने आगे बताया कि अब परियोजना का दूसरा चरण प्रारंभ हो चुका है, जिसमें जिले के सात विकासखंडों की 640 ग्राम स्वास्थ्य, शिक्षा एवं पोषण समितियों को सक्रिय करना लक्ष्य है। इस चरण में समिति सदस्यों को कौशल-संपन्न बनाना, स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना, कुपोषण उन्मूलन, स्वच्छता व्यवहार में सुधार और सामुदायिक भागीदारी को सशक्त करना प्रमुख उद्देश्य होंगे।आदर्श मिश्र ने बताया कि प्रशिक्षक अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर समिति की नियमित बैठकें, अभिलेख प्रबंधन, ग्राम स्वास्थ्य कार्ययोजना निर्माण, स्वच्छता अभियान और पोषण संबंधी गतिविधियों को सुनिश्चित कराएंगे। उन्होंने कहा कि परियोजना का मुख्य उद्देश्य समुदाय को अपने स्वास्थ्य व विकास के प्रति सक्षम और जागरूक बनाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षकों ने भी अपने सुझाव साझा किए तथा फील्ड में आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद प्रस्ताव के साथ किया गया।

## पार्ट टाइम जॉब के नाम पर युवक से 23.97 लाख की ठगी

गाजियाबाद । उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में साइबर अपराधियों ने घर बैठे कमाई का झांसा देकर इंदिरापुरम निवासी एक युवक से 23.97 लाख रुपये की ठगी कर ली। इस मामले में शुक्रवार को पीड़ित की तहरीर पर साइबर थाना में मुकदमा दर्ज किया गया है। अपर पुलिस उपायुक्त क्राइम पीयूष कुमार सिंह ने बताया कि अहिंसा खंड-दो, इंदिरापुरम के ऋषभ क्लाउड-9 निवासी जतिन ने साइबर क्राइम थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 25 अक्टूबर को गीतांजलि श्रीवास्तव बताने वाली एक महिला ने उनसे टेलीग्राम पर संपर्क किया। उसने घर बैठे पार्ट-टाइम वर्क और कमीशन आधारित ऑनलाइन कार्य का लालच दिया। भरोसा दिलाने के बाद एचआर टीम बताकर उन्हें अनन्या कंट्रिकल नाम की दूसरी महिला के साथ उसे जोड़ा गया। इसके बाद शोभा रियलिटी नाम की कंपनी का हवाला देते हुए एक वेबसाइट पर उनका पंजीकरण कराया और इनविटेशन कोड देकर काम शुरू कराया गया। जतिन के मुताबिक, शुरुआत में एक हजार दस रुपये का भुगतान कर ठगों ने उनका भरोसा जीत लिया।

# एसआईआर कार्यक्रम के तहत सपा नेता राजकुमार राजू ने कई बूथों का किया निरीक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पूरनपुर। समाजवादी पार्टी के दिशा-निर्देशों एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव जी की लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को मजबूत करने की प्रेरणा से प्रेरित होकर समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सपा नेता राजकुमार ''राजू'' जी ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 129-विधानसभा क्षेत्र पूरनपुर के नगर क्षेत्र के कई महत्वपूर्ण बूथों का विस्तृत निरीक्षण किया गया।



निरीक्षण के दौरान मतदाता सूची के अद्यतन, नए पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने, त्रुटियों के सुधार तथा विशेष पुनरीक्षण से संबंधित सभी प्रमुख कार्यों की समीक्षा की गई। बूथ स्तर पर तैनात साथियों से संवाद स्थापित कर कार्य प्रगति, चुनौतियों तथा आवश्यक मार्गदर्शन पर चर्चा की गई।साथियों द्वारा दिखाई गई निष्ठा, कार्य की रफ्तार और उत्साह अत्यंत सराहनीय रहा। जमीनी स्तर पर सक्रियता देखकर यह स्पष्ट हुआ कि समाजवादी पार्टी के संगठनात्मक ढांचे में कार्य करने वाले सभी साथी अखिलेश यादव जी की विचारधारा लोकतंत्र की मजबूती और हर नागरिक के अधिकार की सुरक्षा को व्यवहार में उतारने के लिए पूरी तत्परता से जुटे हुए हैं।निरीक्षण के दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रह जाए। बूथ स्तर पर जागरूकता एवं सहयोग की भावना को और मजबूत करने हेतु दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए।विशेष पुनरीक्षण अभियान की सफलता में सहयोगियों का समर्पण, उनकी कार्यकुशलता और सामूहिक प्रयास महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। समाजवादी पार्टी की नीति जनता के अधिकारों की रक्षा ही लोकतंत्र की असली ताकत है –को ध्यान में रखते हुए आगे भी इसी ऊर्जा और निष्ठा के साथ कार्य करने का आह्वान किया गया इस दौरान बड़ी संख्या मे लोग जुटे रहे।इस दौरान पूर्व सभासद एवं सपा नेता तौफीक अहमद कादरी,सभासद एव सपा नेता नादिर रजा बरकाती,सभासद पुत्र साजिद अली रिज़वी,जावेद अहमद बरकाती आदि द्वारा आयोजित कैम्पो मे भी सम्मिलित हुए हैं।

# हत्या पर उबाल, शव रखकर बाजार में धरना प्रदर्शन

## हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े ग्रामीण, भारी पुलिस बल तैनात

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सुलतानपुर। कादीपुर कोतवाली क्षेत्र में किराना व्यवसायी राकेश कुमार की हत्या के विरोध में शुक्रवार सुबह लोगों का गुस्सा भड़क उठा। आक्रोशित ग्रामीणों ने देवाढ़ बाजार स्थित गोमती नदी के पास मृतक का शव रखकर धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। ग्रामीणों की मांग है कि हत्यारों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए। स्थानीय लोगों का साफ कहना है कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती, तब तक धरना समाप्त नहीं होगा। उधर, स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस प्रशासन मौके पर मुस्तैद है। भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। अधिकारी लगातार लोगों को समझाने-बुझाने में जुटे हैं। ब्लॉक



प्रमुख प्रतिनिधि श्रवण मिश्रा भी घटनास्थल पर पहुंचकर परिजनों और ग्रामीणों से बातचीत कर रहे हैं, ताकि स्थिति शांत हो सके। धरना स्थल पर अभी भी बड़ी संख्या में भीड़ मौजूद है और माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। खबर लिखे जाने तक पुलिस और प्रशासन कोशिश में लगा है कि शीघ्र समाधान निकालकर हालात सामान्य किए जाएं।

# सुमित की हत्या के मामले में तीन नामजद लोगों पर दर्ज हुआ हत्या का मुकदमा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

शुकुल बाजार अमेठी । बाग में फंदे से लटके मिले सुमित कुमार की मौत के मामले में दो दिनों से चल रहा विवाद आखिरकार शुक्रवार देर शाम शांत हो गया। थाना अध्यक्ष द्वारा निष्पक्ष जांच और त्वरित कार्रवाई के आश्वासन के बाद पीड़ित परिवार ने शव का अंतिम संस्कार किया गया। इससे पहले परिजन हत्या की आशंका जताते हुये अंतिम संस्कार से इंकार कर रहे थे, जिसके कारण पुलिस प्रशासन को काफी मशक्कत करनी पड़ी। थाना क्षेत्र के गांव पूरे थानी मजरे रस्तामऊ गांव निवासी बीस वर्षीय सुमित का शव बुधवार को गांव के बाहर बाग में रस्सी के फंदे से लटकता मिला था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, मगर जैसे ही रिपोर्ट के बाद शव घर पहुंचा, परिजन गांव के तीन लोगों पर सुमित की हत्या कर शव को पेड़ पर लटकाने का आरोप लगाते हुए दफनाने से मना कर दिए। परिजनों का कहना था कि जिस रस्सी से शव लटका मिला, वह रस्सी आरोपी एक दिन पहले ही खरीदकर लाया था।मृतक की मां माला देवी ने तहरीर में आरोप लगाया कि आरोपी राजदेई, उनके भतीजे राम नरेश व राकेश ने मेरे बेटे की हत्या कर फांसी पर लटकाया है।मृतक की मां ने बताया कि उसी सुबह अपने राकेश अपने भाई के साथ मिलकर सुमित को मारकर बोरी में भरकर नदी में फेंकने की धमकी दी थी। उनका यह भी कहना था कि आरोपियों ने पहले ही युवक पर साजिशन झूठा मुकदमा दर्ज कराया था। ग्रामीणों के बढ़ते तनाव और परिजनों के विरोध को देखते हुये थाना अध्यक्ष मौके पर पहुंचे और निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया। उन्होंने पीड़ित परिवार को तहरीर की प्राप्ति की नकल भी सौंपते हुए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।आश्वासन के बाद पीड़ित परिवार ने शव को दफनाया। इस सम्बंध में थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा ने बताया कि मृतक की मां की तहरीर के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। तथ्य सामने आने पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

## सीएचसी में आशाओं ने मांगों को लेकर 13 सूत्रीय मुख्यमंत्री को संबोधित एमओआईसी को ज्ञापन सौपा

पूरनपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन ने मुख्यमंत्री को संबोधित 13 मांगों को लेकर ज्ञापन प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मनीष राज शर्मा को सोपा है। ज्ञापन में बताया कि आशा एवं आशा संगिनी वर्कर्स पिछले कई वर्षों से अपनी मांगों को लेकर संघर्षरत हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से लेकर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संचालन तक, आशा वर्कर्स की भूमिका मजबूत आधार स्तंभ की रही है। इस के बाद भी उन्हें अब तक उचित वेतन, सामाजिक सुरक्षा और सम्मानजनक कार्य परिस्थितियाँ नहीं मिल सकी हैं।आशा कार्यकर्ताओं का कहना है कि वे 74 नियमित कार्यों के साथ विशेष कार्यों की जिम्मेदारी भी निभाती हैं, परंतु लगभग 99% कार्यों का प्रोत्साहन भुगतान समय पर नहीं होता। आधारभूत प्रोत्साहन राशि का भी कई-कई महीनों का भुगतान लंबित रहता है। जिले व राज्य स्तर पर शिकायतों के निस्तारण में भी उदासीन रवैया देखा जाता है, जिससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलता है। आशा कर्मियों की प्रमुख मांगों में उन्हें मानद स्वयंसेवक के बजाय सरकारी कर्मचारी का दर्जा प्रदान करना शामिल है, जैसा कि 45वें भारतीय श्रम सम्मेलन में अनुशंसित किया गया है। न्यूनतम वेतन लागू करते हुए आशा को ?21,000 और आशा संगिनी को ?28,000 प्रतिमाह दिए जाने की मांग की जा रही है। साथ ही क्ष्क्क् क्ट्क्र 4-10 लाख का स्वास्थ्य बीमा और 50 लाख का जीवन बीमा सुनिश्चित करने की भी जरूरत बताई गई है।यातायात भत्ता, स्मार्टफोन, उच्च गति इंटरनेट जैसी सुविधाओं की उपलब्धता भी आवश्यक बताई गई है ।

# क्षेत्र पंचायत शुकुल बाजार की बैठक में गांव के गलियारों को क्षतिग्रस्त करने की उठी गूंज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

## जल जीवन मिशन द्वारा क्षतिग्रस्त सड़कों पर प्रधानों ने जताई नाराजगी

## पानी की टंकी निर्माण कार्य अधूरा होने पर बिफरे विधायक

शुकुल बाजार अमेठी । विकास क्षेत्र शुकुल बाजार के ब्लाक सभागार मे शुक्रवार को क्षेत्र पंचायत की बैठक ब्लाक प्रमुख रहमतुल निशा की अध्यक्षता में आयोजित की गई।बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा के साथ कई महत्वपूर्ण मुददो पर चर्चा हुई। जल जीवन मिशन द्वारा पाइपलाइन बिछाने के दौरान ग्राम सभाओं में क्षतिग्रस्त की गई सड़कों का मुददा सबसे अधिक गूंजा। प्रधानों ने कहा कि पहले से बनी सड़कों को तोड़ दिया गया जिससे ग्रामीण चोटहिल हो रहे हैं लेकिन कोई भी आला अधिकारी सुनने वाला नही है।खण्ड विकास अधिकारी अंजली सरोज ने विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुये प्रधानों और क्षेत्र पंचायत सदस्यों से कार्ययोजना जल्द उपलब्ध कराने का अनुरोध किया ताकि प्राथमिकता के आधार पर कार्यों को अंतिम रूप दिया जा सके।उन्होंने एस आई आर योजना के तहत फार्म भरवाने में सहयोग के लिये प्रधानों को बीएलओ का साथ देने की अपील की।क्षेत्रीय विधायक सुरेश पासी ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत बनाई जा रही पानी की टंकी के निर्माण में हो रही देरी पर नाराज़गी जताई।उन्होंने संबंधित जेई को कड़ी चेतावनी देते हुये कहा कि कार्य में लापरवाही किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नही होगी और निर्माण कार्य को तय समय में पूरा करना होगा।विधान परिषद सदस्य शैलेंद्र प्रताप सिंह ने यूरिया व डीएपी की उपलब्धता को लेकर कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को खाद की आपूर्ति में किसी तरह की दिक्कत न होने पाये। इस मौके पर खण्ड शिक्षा अधिकारी शैलेश शुक्ला, प्रधान संघ अध्यक्ष सतीश मिश्रा, हारून ठेकेदार खुर्शीद अहमद, तबरेज अहमद, सर्वेश सिंह, रमेश तिवारी, रविंद्र सिंह, राकेश शर्मा, रामसुंदर यादव, महेश दुबे सहित अन्य कई ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्यगण मौजूद रहे।

# डीएम ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत ग्राम टाड़ा का किया स्थलीय निरीक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अमेठी । भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद में मतदाता सूची को स्वच्छ, अद्यतन एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत चार नवम्बर से बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र उपलब्ध कराया जा रहा है, साथ ही मतदाताओं द्वारा भरे गए प्रपत्रों को प्राप्त कर शीघ्र डिजिटलाइजेशन की प्रक्रिया भी की जा रही है। अभियान की प्रगति की समीक्षा के उद्देश्य से आज जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी संजय चौहान ने विधानसभा जगदीशपुर अंतर्गत ग्राम सभा टाड़ा में एसआईआर कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं बीएलओ से ग्राम सभा में कुल मतदाताओं की संख्या, गणना प्रपत्र वितरण की वर्तमान स्थिति, मतदाताओं से प्राप्त प्रपत्रों की



उपलब्धता, डिजिटलाइजेशन की प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने बीएलओ को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक संख्या में गणना प्रपत्र शीघ्र प्राप्त कर उनका डिजिटलाइजेशन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जहां अब तक गणना प्रपत्र नहीं पहुंचे हैं, उन घरों में तत्काल पहुंचाए जाएं, और प्रपत्र भरवाकर पुनः प्राप्त करने की प्रक्रिया में किसी प्रकार की देरी न की जाए। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि मतदाता सूची अद्यतन लोकतांत्रिक व्यवस्था का मौलिक आधार है। सभी पात्र नागरिक गणना प्रपत्र को भरकर बीएलओ को अवश्य वापस करें, ताकि उनका नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित रूप से दर्ज हो सके। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता, उपजिलाधिकारी अभिनव कनौजिया, तहसीलदार एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष के निधन से शिक्षक समाज में शोक की लहर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सुल्तानपुर। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ कुड़वार ब्लॉक के पूर्व अध्यक्ष और वरिष्ठ संरक्षक सुरेंद्र पाण्डेय के निधन से शिक्षक समुदाय में शोक की लहर व्याप्त है। उनका जाना शिक्षक समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति मानी जा रही है।

स्वर्गीय पाण्डेय जी लंबे समय तक संगठन से जुड़े रहे और अपने कार्यकाल में शिक्षकों की समस्याओं, अधिकारों और हितों के लिए हमेशा अग्रणी भूमिका निभाते रहे। सेवानिवृत्ति के पश्चात भी वे संघ के संरक्षक के रूप में सक्रिय रहे। उन्होंने संघ के एक महत्वपूर्ण अधिवेशन की अध्यक्षता भी की थी, जिससे उनके अनुभव, नेतृत्व क्षमता और संगठन सृजन की अभूतपूर्व पूर्ण क्षमता थी। संघ के अध्यक्ष निजाम खान घर पहुंच कर श्रद्धांजलि दी, कहा कि पाण्डेय जी का योगदान हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। ईश्वर से प्रार्थना है कि स्वर्गीय सुरेंद्र पाण्डेय जी की आत्मा को चिरशांति प्रदान करे और परिवारजनों व समस्त शिक्षक बंधुओं को यह दुःख सहने की शक्ति दे। दिनेश तिवारी, विनय पांडेय, रमन तिवारी, लईक अहमद, बृजेश मिश्र, अर्जुन प्रसाद तिवारी, अरुण बरनवाल, शिव पूजन पांडेय डॉ दीपक मिश्र, राज बहादुर यादव, प्रदीप यादव, निजाम अहमद, रमेश तिवारी, वेद प्रकाश पांडेय, अनिल कुमार पांडेय सैकड़ों शिक्षक और ग्रामीण उपस्थिति रहे।

## एसआईआर अभियान में सर्वाधिक डिजिटाईजेशन का कार्य पूर्ण करने वाले प्रत्येक विधानसभा के प्रथम बीएलओ होगें सम्मानित एवं मिलेगा टाइगर रिजर्व घूमने का मौका

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। एसआईआर का कार्य प्रचलित है अपर जिलाधिकारी,उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रसून द्विवेदी ने बताया कि प्रत्येक विधानसभा के प्रथम बीएलओ जो एसआईआर अभियान में सर्वाधिक डिजिटाईजेशन का कार्य पूर्ण करेगें उन्हें एसआईआर के उपरान्त प्रोत्साहन स्वरूप जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित करते हुए प्रशस्ति पत्र वितरण, जंगल सफारी पीलीभीत टाईगर रिजर्व बीएलओ को परिवार सहित एक बार, लंच चूका बीच पर बीएलओ को परिवार सहित एक बार एवं मूवी टिकट बीएलओ को परिवार सहित एक बार सुविधायें जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई जायेंगी उपरोक्त सुविधाओं का आशय एसआईआर को ससमय तीव्र गति से सम्पादित कराये जाने हेतु, जो कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के प्रथम बीएलओ को सर्वाधिक फार्म डिजिटाईजेशन करने के दृष्टिगत प्रदत्त किया जायेगा।

## जंगल में बंदरों के झुंड से अनियंत्रित हुई स्कूली वैन खाई में गिरी

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। माधोटांडा से पीलीभीत आ रही एक स्कूली वैन हादसे का शिकार हो गई। बताया जा रहा है कि लार्ड कृष्णा स्कूल की यह वैन जमुनिया होते हुए सिद्धबाबा की ओर आ रही थी। तभी टाइगर रिजर्व क्षेत्र से गुजरते समय अचानक सड़क पर बंदरों का बड़ा झुंड आ गया। अचानक सामने आई बाधा से चालक वाहन की रफ्तार पर नियंत्रण खो बैठा, जिससे वैन सड़क किनारे झाड़ियों में उतरकर एक पेड़ से जा टकराई। हादसे के बाद वाहन में सवार बच्चों में चीख–पुकार मच गई। राहगीरों की मदद से बच्चों को तुरंत बाहर निकाला गया और अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी की स्थिति सामान्य बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही बच्चों के अभिभावक भी अस्पताल पहुंच गए। सूचना परिवहन विभाग को भी दी गई हैं और एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने वाहन व चालक की आवश्यक जांच करने की बात कही है। साथ ही टाइगर रिजर्व क्षेत्र से गुजरने वाले मार्गों पर सावधानी बरतने की अपील की गई है।

## अमेठी में रन फार यूनिटी पदयात्रा आज निकाली जायेगी

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर रन फार यूनिटी पदयात्रा का आयोजन विधानसभा क्षेत्र अमेठी में आगामी बाइस नवम्बर को किया जा रहा है। यह पदयात्रा ल्लएक भारत श्रेष्ठ भारतङ्क के संकल्प को सशक्त बनाने हेतु प्रेरित है।एकता यात्रा का प्रारम्भ रामलीला मैदान से गांधी चौक पुनः अम्बेडकर तिराहा से रामलीला मैदान सभा स्थल पर समापन होगा और वहीं पर आकर सभा सम्पन्न होगी।एकता यात्रा भाजपा के जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला के नेतृत्व में होगी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री एवं अमेठी जनपद के प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव, प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी शंकर गिरी उपस्थिति रहेंगे।भाजपा प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने जानकारी देते हुये बताया कि गौरीगंज स्थित जिला भाजपा कार्यालय में रन फार यूनिटी कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, आमजन एवं जनपदवासियों से अपील की है कि वह अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## हाईकोर्ट ने लगाई गिरफ्तारी और उत्पीड़नात्मक कार्रवाई पर रोक

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पैगापुर के निकट पयागपट्टी में टैंकर हटाने को लेकर दो पक्षों के बीच हुए संघर्ष के मामले में हाई कोर्ट ने गिरफ्तारी और प्रेरणा कार्रवाई पर रोक लगा दी है। गोलीकांड की घटना को छुपाते हुए पुलिस ने एक दिन पूर्व का घटनाक्रम दर्शाकर दरोगा को वादी बनाकर मुकदमा किया था। शहर से सटे पैगापुर के निकट पयागपट्टी थाना कोतवाली नगर में टैंकर हटाने को लेकर यादव और मुस्लिम पक्ष के बीच विवाद हुआ था। जिस पर शांति भंग की धाराओं के तहत पुलिस ने चालान की कार्रवाई सुनिश्चित की थी। 12 नवंबर की शाम हुई फायरिंग की घटना के बाद पुलिस की किरकिरी हुई। जिस पर 11 नवंबर के हुए विवाद को दर्शाते हुए पुलिस ने स्थानीय दरोगा को वादी बनाते हुए नगर कोतवाली में जानलेवा हमला समेत अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया था। पुलिस द्वारा दर्ज किए गए मुकदमे में कोई इंजरी नहीं होने को हाई कोर्ट ने गंभीरता से लिया। हाई कोर्ट ने सुल्तानपुर की नगर कोतवाली पुलिस के उत्पीड़नात्मक कार्रवाई पर रोक लगाते हुए गिरफ्तारी करने से रोका है। साथ ही अभियुक्त पक्ष को कहा गया है कि विवेचना की कार्यवाही में पुलिस को हर संभव सहयोग किया जाए।

## जिला कारागार में जंगलराज का सुप्रीम कोर्ट

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला कारागार इन दिनों जेल कम और उगाही केंद्र ज्यादा दिखाई दे रहा है। अंदर क्या चल रहा है, यह किसी से छिपा नहीं। बस निरीक्षण से पहले फोनिक सूचना मिल जाए, तो सब कुछ अचानक रामराज्य जैसा चमकने लगता है। विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक बैरक नंबर 4 का सजायाफ्ता कैदी गोलू सिंह यहाँ का अनौपचारिक महाजेलर बना बैठा है। यही लंबरदार और राइटर के साथ मिलकर पूरी जेल का प्रशासन ऐसे चलाता है, जैसे कोई पारिवारिक दुकान हो। सजायाफ्ता कैदियों को दूसरे जेल भेजने की अफवाह उड़ा देना और फिर ट्रांसफर रोकने के नाम पर दस हजार रुपये तक की वसूली, यहाँ सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा माना जाता है। जेल के अंदर गांजा और नशीली गोलियां मंहगे दामों पर बिकती हैं, और आयुष नाम का एक कैदी बाकायदा कैंटीन चलाता है, जिसमें रोजमर्रा की चीजें भी ऐसे दामों पर मिलती हैं, मानो जेल नहीं, अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट लाउंज हो।

## जिला जजी में बने पिंक टॉयलेट का चेयरमैन ने किया लोकार्पण

पीलीभीत। जिला जजी परिसर में महिलाओं की सुविधा के लिए बनाए गए पिंक टॉयलेट का लोकार्पण नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर जिला जज रविन्द्र कुमार व कई न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे।जजी परिसर में बनाए गए पिक टॉयलेट के लोकार्पण के अवसर पर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने कहा कि न्यायालय परिसर में महिलाओं की सुविधा के लिए बनाए गए पिक टॉयलेट से महिला वादकारी और महिला अधिवक्ताओं को टॉयलेट प्रयोग के लिए दिक्कत न हो इसलिए इसका निर्माण किया गया है। पिंक टॉयलेट बनने से महिलाओं को काफी सुविधा मिलेगी।इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सुनील कुमार, अपर जिला जज श्वेता दीक्षित, स्पेशल अनु सक्सेना, अपर सिविल जज प्रियंका मौर्या, सिविल जज सौम्या भारद्वाज, अपर जिला जज आतिफ शमीम, सिविल जज आनंद कुमार, अपर सिविल जज तरुण कुमार आदि मौजूद रहे है।

# परशुराम चौक बनाने एव प्रतिमा स्थापित करने पर ब्राह्मण सभा ने नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि को किया सम्मानित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पूरनपुर।नगर पंचायत कलीनगर में स्थापित किए गए भव्य भगवान परशुराम चौक के लिए कलीनगर चेयरमैन प्रतिनिधि राजेश भारती को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में महासभा के पदाधिकारियों ने उन्हें पुष्पमालाएँ एवं अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया तथा भगवान परशुराम का चित्र भेंट किया।महासभा ने चेयरमैन प्रतिनिधि द्वारा कराए गए इस महत्वपूर्ण कार्य को समाजहित में सराहनीय बताते हुए इसकी प्रशंसा की। समारोह के पश्चात पदाधिकारियों ने भगवान परशुराम की स्थापित भव्य प्रतिमा के दर्शन किए।

इस दौरान प्रमुख रूप से तहसील अध्यक्ष हरगोविंद बाजपेई, तहसील महामंत्री नवनीत मिश्रा,तहसील उपाध्यक्ष गोपाल मिश्रा, तहसील उपाध्यक्ष हरिओम पांडेय,नगर अध्यक्ष गौरव पांडेय,तहसील मंत्री एवं अधिवक्ता रजनीश पांडेय,दीपक मिश्रा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे हैं।



## नाईस मेकअप स्टूडियो पर कोचिंग करने आई छात्रा को युवक लेकर हुआ फरार, मुकदमा दर्ज

पूरनपुर।नगर के एक मोहल्ले मे किराये के घर पर रह रही छात्रा घर से नाईस मेकअप स्टूडियो कोतवाली रोड पूरनपुर गयी छात्रा युवक के साथ फरार हो गयी मामलें में छात्रा की मां की शिकायत पर पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है स्थानीय क्षेत्र के एक गांव से पूरनपुर किराये के घर पर रहकर पढ़ने वाली 20 वर्षीय छात्रा गायब हो गई किशोरी के परिजनों ने थाना पूरनपुर इलाके के अज्ञात युवक के खिलाफ बहला फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है पुलिस ने किशोरी को बरामद करने के लिए आरोपी युवक के घर दबिश दी है।मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र के एक किशोरी गायब हो गई जिसकी जानकारी परिजनों को लगने के बाद भौचक रह गए तलाशी के दौरान किसी ने बताया थाना पूरनपुर के एक गांव निवासी युवक उसे भगा कर ले गया है आरोपी युवक से फोन पर बात करती थी किशोरी के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है हालांकि युवक घर से फरार निकला है ।

## सम्पादकीय

# सड़क पर उतरने की तैयारी में कांग्रेस

बिहार चुनाव में हार के बाद एक बार फिर कंाग्रेस के पतन की भविष्यवाणी होने लगी है। कई स्वनामधन्य पत्रकारों ने विश्लेषण करना शुरु कर दिया है कि राहुल गांधी जिन राज्यों में चुनाव प्रचार के लिए जाते हैं, वहां कांग्रेस को किस तरह हार मिलती है। ऐसा लगता है मानो बिहार में भाजपानीत एनडीए की जीत नहीं, महागठबंधन की हार इनके लिए ज्यादा मायने रखती है। अब यह सबका अपना विवेक है कि वे बिहार के चुनाव परिणामों का विश्लेषण किस तरह करते हैं। लेकिन इस बीच कंाग्रेस ने मौजूदा हाल पर गहन मंथन शुरु कर दिया है। एक तरफ कंाग्रेस ने सांगठनिक स्तर पर कार्रवाई आरंभ की है, तो दूसरी तरफ चुनावी धांधली के खिलाफ सड़कों पर उतरने की उसकी तैयारी है।कंाग्रेस विरोधियों को यह देखकर निराशा हो सकती है कि 14 नवंबर को आए नतीजों के चार दिन बाद ही कंाग्रेस ने एक बड़ी बैठक बुला ली। हार से परेशान होकर उसके नेता घरों में बंद नहीं हुए। बल्कि इन परिणामों की समीक्षा कर नयी रणनीति बनाने में जुट गए। मंगलवार 18 नवंबर को दिल्ली में कंाग्रेस मुख्यालय में उन 12 राज्यों के एआईसीसी महासचिवों, कंाग्रेस प्रभारियों, प्रदेश कंाग्रेस अध्यक्षों समेत बड़े पदाधिकारियों की एक बैठक हुई, जहां अभी चुनाव आयोग विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया चला रहा है। बैठक में कंाग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तो थे ही, राहुल गांधी भी इसमें शामिल हुए।बता दें कि अपने दैनिक एसआईआर बुलेटिन में चुनाव आयोग ने कहा था कि 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 50.11 करोड़ गणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं। इन राज्यों में तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल और पश्चिम बंगाल में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। जिसमें पुडुचेरी के अलावा बाकी तीनों राज्यों में एसआईआर के खिलाफ राज्य सरकारों ने आपत्ति दर्ज कराई है। तमिलनाडु और प.बंगाल से एसआईआर रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है और इन राज्यों की याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई भी हुई है। वहीं केरल सरकार ने भी सुप्रीम कोर्ट में एसआईआर रोकने की याचिका दायर की है। याचिका में केरल सरकार ने एसआईआर प्रक्रिया को राज्य में चल रही स्थानीय स्वशासन संस्थाओं (एलएसजीआई) की चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक रोकने की मांग की है। गौरतलब है कि केरल में स्थानीय निकाय चुनाव दो चरणों में 9 दिसंबर और 11 दिसंबर को कराए जाएंगे, जबकि राज्य में 4 नवंबर से एसआईआर प्रक्रिया शुरू हो गई है और 4 दिसंबर को ड्राफ्ट प्रकाशित किया जाएगा। केरल सरकार का तर्क है कि केरल पंचायत राज कानून संवैधानिक प्रक्रिया है और इस अहम प्रक्रिया के दौरान एसआईआर कराना, प्रशासनिक गतिरोध पैदा हो सकता है। जबकि तमिलनाडु में अधिकारी और कर्मचारी ही एसआईआर का विरोध कर रहे हैं। तमिलनाडु के बूथ स्तर के अधिकारी बीएलओ के साथ ही तहसीलदार स्तर तक के अधिकारियों ने मंगलवार से बहिष्कार का ऐलान किया था। तमिलनाडु राजस्व कर्मचारी संघों के संगठन ने कहा कि वे काम का बोझ, कम लोग, समयबद्ध दबाव, अधूरी ट्रेनिंग और मेहनताने के विरोध में प्रदर्शन करेंगे। ये विरोध और अदालत में पहुंचती याचिकाएं बता रही हैं कि निर्वाचन आयोग और उसका साथ देती भाजपा मतदाता सूची शुद्धिकरण के जितने तर्क दें, उन शंकाओं का समाधान फिर भी नहीं हो पा रहा, जिनमें वैध मतदाताओं के नाम काटने की बात कही गई है।इधर भाजपा शासित असम में भी अगले साल विधानसभा चुनाव होना है। लेकिन आयोग ने पूर्वोत्तर के इस राज्य के लिए श्विशेष पुनरीक्षणश यानी केवल एसआर की घोषणा की है। इसे लेकर भी विपक्ष हमलावर है और सवाल उठा रहा है कि यहां एसआईआर क्यों नहीं किया जा रहा है, क्या यह भाजपा का दोहरा मापदंड नहीं है। बहरहाल, जैसे बिहार एसआईआर में आपत्तियों को अनसुना किया गया, वही रवैया अब भी अपनाया जाएगा, यह तय है।

# जिहाद को रोकने के लिए सभी को विचार करना होगा

भारत विरोधी यह कार्रवाई प्राचीन काल से जारी है। नाम बदल जाते हैं। मगर उनका लक्ष्य भारत को ''दारुल हरब'' बनाना है। भारत ही क्यों पूरी दुनिया में आतंकी हमलावर हैं। उनका जिहादी विचार हिंसा से ही जन्मा है और जन्म के गुणसूत्र प्रायः नष्ट नहीं होते हैं। यह हमले सिंध के रास्ते 712 ई0 से भारत पर जारी हैं। हम सब भारत के लोग प्रतिदिन शांति पाठ करते हैं। हम भोजन भी शांति पाठ से करते हैं। वे भोजन को भी हिंसा से ही शुरू करते हैं। उनकी हिंसा भारत के विरुद्ध लगातार जंग ही है। हम सहिष्णु हैं। हम शांतिवादी पहले से हैं। हम सब राष्ट्रवादी, समाजवादी, बहुजनवादी, बाद में है। वह जिहादी आतंकवादी हैं। अलग-अलग रंग के भाषा बोली के हो सकते हैं। उनका भारत के विरुद्ध धर्म जिहाद है। यह ''दारुल हरब'' की कार्रवाई है। वे मानते हैं इस घृणित निंदित कार्रवाई में अल्लाह उन्हें जन्नत बख्सेगा। जन्नत के सपने (ख्वाब) दिखाकर आतंकी संगठन अपना हिंसक परिवार बढ़ाते हैं। बहुसंख्यक इस पर ध्यान नही देते हैं। गौतम बुद्ध और महावीर लगातार शांति, अहिंसा के उपदेश देते रहे। उनकी देशनायें उपयोगी हैं भी। भारत के लोगों ने उनकी शांति अहिंसा को अपनी जीवन शैली का भाग बनाया। महाभारत के बाद महाभारत जैसा युद्ध पृथ्वी पर फिर नहीं हुआ है। तब से लगातार शांति की यात्रा में भारत रहता आया है। हम शांति की अभीप्सा पैदा करते हैं। वसुधैव कुटुंब के अभिलाषी हैं। निष्कपट निश्छल, सरल तरल,सौम्य वात्सल्य से भरा समाज राष्ट्र निर्मित करने में विश्वास रखते हैं। मगर आतंकवादी अलगाववादी हमारा प्रेम रस नहीं देख पाते।

राष्ट्र विरोधी ताकतें पुनः सक्रिय हैं। वे शांति नहीं पसंद करती हैं। उन्हें हिंसा आनंदित करती है। वह हिंसक हैं। हमलावर हैं। रक्त पिपासु हैं। उनके हमले सदियों से जारी हैं। वह थोड़ा रुकते हैं फिर गोला-बारूद का इंतजाम करते हैं। बमों से भारत को रक्त रंजित करते हैं। निर्दोषों की हत्यायें करते हैं। गत 11 नवम्बर को दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले के निकट बम धमाकों में 13 से अधिक निर्दोष नागरिक मारे गए। 32 घायल हुए। जम्मू के नौगाम में भी बम धमाके में लोगों की मौते हुई हैं। भारत विरोधी यह कार्रवाई प्राचीन काल से जारी है। नाम बदल जाते हैं। मगर उनका लक्ष्य भारत को ''दारुल हरब'' बनाना है। भारत ही क्यों पूरी दुनिया में आतंकी हमलावर हैं। उनका जिहादी विचार हिंसा से ही जन्मा है और जन्म के गुणसूत्र प्रायः नष्ट नहीं होते हैं। यह हमले सिंध के रास्ते 712 ई0 से भारत पर जारी हैं। हम सब भारत के लोग प्रतिदिन शांति पाठ करते हैं। हम भोजन भी शांति पाठ से करते हैं। वे भोजन को भी हिंसा से ही शुरू करते हैं। उनकी हिंसा भारत के विरुद्ध लगातार जंग ही है। हम सहिष्णु हैं। हम शांतिवादी पहले से हैं। हम सब राष्ट्रवादी, समाजवादी, बहुजनवादी, बाद में है। वह जिहादी आतंकवादी हैं। अलग-अलग रंग के भाषा बोली के हो सकते हैं। उनका भारत के विरुद्ध धर्म जिहाद है। यह ''दारुल हरब'' की कार्रवाई है। वे मानते हैं इस घृणित निंदित कार्रवाई में अल्लाह उन्हें जन्नत बख्सेगा। जन्नत के सपने (ख्वाब) दिखाकर आतंकी संगठन अपना हिंसक परिवार बढ़ाते हैं। बहुसंख्यक इस पर ध्यान नही देते हैं। गौतम बुद्ध और महावीर लगातार शांति, अहिंसा के उपदेश देते रहे। उनकी देशनायें उपयोगी हैं भी। भारत के लोगों ने उनकी शांति अहिंसा को अपनी जीवन शैली का भाग बनाया। महाभारत के बाद महाभारत जैसा युद्ध पृथ्वी पर फिर नहीं हुआ है। तब से लगातार शांति की यात्रा में भारत रहता आया है। हम शांति की अभीप्सा पैदा करते हैं। वसुधैव कुटुंब के अभिलाषी हैं। निष्कपट निश्छल, सरल तरल,सौम्य वात्सल्य से भरा समाज राष्ट्र निर्मित करने में विश्वास रखते हैं। मगर आतंकवादी अलगाववादी हमारा प्रेम रस नहीं देख पाते। उन्हें हम भारत के लोग (कुफ़्र) काफिर ही दिखाई देते हैं। काफ़िर को लेकर उनकी जो विचारधारा है वह हत्या कर देने की ही है। वह अपनी ड्यूटी पर हैं। वह खुदा के मार्ग पर हैं कि खुदा निर्दोष लोगों के रक्त बहाने से प्रसन्न होगा। क्या कोई पैगंबर रसूल निर्दोष मनुष्यों के रक्त से प्रसन्न होता होगा अथवा होता है? पूरी दुनिया में इस्लामिक आतंकवाद को लेकर बहस है। सैनिकों से झड़पें हैं। सैन्य अधिकारियों की हत्याएं हैं तो भी आतंकवादी समूह बढ़ रहे हैं। उनके पास गोला -बारूद बढ़ रहा है। अत्याधुनिक हथियार पहुंच रहे हैं कैसे? इसका जिम्मेदार कौन? अनेक राष्ट्रों के बीच आतंकी कार्रवाई के लिए यह बारूद कौन उपलब्ध कराता है? आतंकी भारत में अपनी योजना में कैसे सफल हो जाते हैं? यह यक्ष प्रश्न है। उनकी योजना में भारत के निवासी शामिल है? पूर्व में भी अकाट्य रूप से प्रमाणित हो चुका है कि आतंकी हमले सांठगांठ से हुए। एक बार फिर तथ्यात्मक रूप से खुफिया एजेंसियों को प्रमाण मिले हैं कि तार कहां से जुड़े हैं। आतंकियों के विरुद्ध कार्रवाई में राजनीतिक दलों में मतभेद है। राजनीतिक दल आतंकी हमले से व्यथित नहीं दिखाई देते हैं। वह चुनाव को सर्वोपरि मानते हैं, राष्ट्र को नहीं। दलों के लिए चुनाव संजीवनी है। निर्दोष लोग बमों-गोलियों से उड़ा दिया जाते हैं। यह दलों के लिए कुछ निंदा-भर्त्सना मात्र है। एक आंकड़ा भर है। मगर उन परिवारों को जिनके बच्चे बिलख रहे हैं। माताएं फफक रही हैं। कई अनाथ हैं, कई के परिवार नहीं बचे हैं। कई के शवों के टुकड़े खोजने पड़ते हैं। यह राजनीतिक संवेदन शून्य लोग केवल राजनीति में जुटे रहते हैं। जिहाद के विरुद्ध राजनीतिक दल एकजुट होकर काम करें मगर यह नहीं हो रहा है। प्रत्येक व्यक्ति को यह समझना होगा आतंकवाद के प्रमुख कारण क्या है? आतंकवादी कहां से आते हैं? आतंकवादियों का संरक्षक कौन है? घटना के बाद आतंकवादी कहां छिपते हैं ? उनके मददगार कौन है? आतंकी घटनाओं के बाद राजनीतिक दलों के नेताओं के टीवी और अखबारों में वक्तव्य होते हैं। आतंकवादियों पर कार्रवाई के समय वही दल उनके पक्ष में दिखते हैं। ऐसे दलों पर शिकंजा होना चाहिए। कुछ विपक्षी दलों द्वारा अनेक आतंकी घटनाओं को भगवा आतंकवाद की करतूत कुछ वर्ष पहले बताया गया था। यह भ्रमित और छद्म कार्रवाई का एजेंडा है। जिहाद के स्वरूप को समझना होगा। आखिर जिहाद के एजेंडे को राजनीतिक दल समझ क्यों नहीं रहे हैं। जिहाद के सूक्ष्म तत्व और उसके सूत्रों का अभी तक क्या अध्ययन करना शेष है? जबकि दारूल इस्लाम बनाना उनके लक्ष्य है। दारूल इस्लाम अर्थात इस्लामी शासन व्यवस्था लागू करना। दारुल हरब यानी जहां पर काफिरों का शासन हो। भारत की राजनीति भारतीय संस्कृति के अनुसार ही होनी चाहिए। राजनीतिक दलों को यह अधिकार देना कि वे राष्ट्रद्रोह को भारत को खंड-खंड करने वालों के साथ आसानी से खड़े रह सकते हैं कदापि उचित नहीं है। अगर ऐसा हो रहा है तो इसको लेकर पहले प्रबुद्ध जन सहित सभी जिहाद को ठीक से समझें। अभी तो यही है कि बम फेंका गया कुछ लोग मर गए। संचार माध्यमों से सरकारी पार्टी और प्रतिपक्षियों के बयान आ गए। सबने समाचार पत्र पढ़ लिए। दो-तीन दिन चर्चा हुई बात खत्म हुई। वही जिहादी अगले हमले की तैयारी में रहते हैं। आखिर यह कब समझा जाएगा कि ''इस्लामी जिहाद'' भारत के विरुद्ध जंग ही है। जिहाद के विरुद्ध खुली बात करने का समय आ गया है। वहीं सर्वदलीय सभी विचारधाराओं को इस पर एक कड़ा और बड़ा अभियान करना होगा। जिहाद से लड़ना होगा। भारत के पढ़े-लिखे प्रबुद्ध जन भी यह मानते हैं कि जिहाद से लड़ना सेना की, पुलिस की, सरकार की, अधिकारियों की ही जिम्मेदारी है। सबकी जिम्मेदारी है। सब राष्ट्र हित के लिए आगे आएं। इसमें सरकार बात करे। विपक्षी दल बात करें। जो तटस्थ हैं वह भी आगे आएं तब ही जिहाद के विरुद्ध लड़ाई होगी। जिहाद को समाप्त नहीं करेंगे तो स्वयं समाप्त होने के लिए तैयार रहें। भारत में जिहाद बड़ा खतरा है। परिणाम भयंकर होंगे। सभी उसकी सीमा के भीतर हैं। यह भारत की बात हो अथवा दुनिया के किसी देश की जिहाद को झेलना पड़ेगा। अभी यह माना जाता है कि राष्ट्रों के विकसित होने से संपूर्ण जनों के सुशिक्षित हो जाने से हिंसा रुकेगी। जबकि ऐसा नहीं है। जिहादी संगठनों में प्रायः सभी उच्च शिक्षित ही पाए जाते हैं। विकास का जेहाद रोकने में कम से कम कोई योगदान नहीं हो सकता है। जितना अधिक हाईटेक हथियार उतना हाईटेक जिहाद। वैज्ञानिक विकास के साथ बढ़ता जिहाद। जिहाद विचार है इस विचार के विरुद्ध विचार हो तो रुकेगा जिहाद। नहीं तो घटनाएं हो रही हैं। लोग मारे जा रहे हैं। निंदा हो रही है, कानून बना रहे हैं। जिहाद बढ़ रहा है। बढ़ते संकट के बीच आशा की जा रही है कि केन्द्र सरकार खुफिया एजेंसियों को जिस तरह निर्देश हैं कि वे इस नेटवर्क को खोज कर समाप्त करें दोषियों को कड़ी सजा मिलेगी। **-अरुण कुमार दीक्षित**

# वैश्विक व्यापार में रुपये की नई दस्तक

**डॉ. प्रियंका सौरभ**

भारत आज उभरती वैश्विक अर्थव्यवस्था का महत्त्वपूर्ण केंद्र बन रहा है और इसी आकांक्षा के साथ वह अपनी मुद्रा- भारतीय रुपये को अंतरराष्ट्रीय लेनदेन में अधिक स्वीकार्य बनाने की दिशा में गंभीर प्रयास कर रहा है। बदलते भू-राजनीतिक वातावरण, डॉलर-निर्भरता से जुड़ी अनिश्चितताओं तथा बहुध्रुवीय आर्थिक व्यवस्था के उभार ने यह अवसर प्रदान किया है कि भारत क्षेत्रीय और वैशिक व्यापार में रुपये के उपयोग को बढ़ाए। इसी संदर्भ में भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा स्थानीय मुद्रा निपटान प्रणाली की शुरुआत और इसे अनेक देशों के साथ लागू करने की कोशिश रुपये को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मज़बूत बनाने वाली निर्णायक पहल बनकर उभरी है। रुपये के प्रसार के पीछे कई प्रेरक कारण हैं। सबसे प्रमुख कारण अमेरिकी डॉलर पर अत्यधिक निर्भरता को कम करना है क्योंकि डॉलर आधारित भुगतान तंत्र अनेक बार राजनीतिक तनाव, प्रतिबंधों और वैशिक वित्तीय अस्थिरता के समय जोखिम पैदा करता है। रूसऽयूक्रेन संघर्ष के बाद भारत ने अनुभव किया कि डॉलर आधारित तंत्र के कारण कई लेनदेन बाधित हो जाते हैं और व्यापार प्रभावित होता है। यदि व्यापार सीधे स्थानीय मुद्राओं में हो, तो भुगतान अधिक सुगम और सुरक्षित हो सकता है तथा विदेशी मुद्रा भंडार पर भी अनावश्यक दबाव नहीं पड़ता। साथ ही, कई देश अब अपने व्यापार में स्थानीय मुद्राओं के प्रयोग की ओर बढ़ रहे हैं, जिससे डॉलर-केंद्रित व्यवस्था धीरे-धीरे परिवर्तित हो रही है। भारत भी इस परिवर्तनशील प्रवृत्ति का स्वाभाविक हिस्सा है। भारत की तीव्र आर्थिक वृद्धि और बढ़ते व्यापारिक संबंध भी रुपये-आधारित निपटान की आवश्यकता को बढ़ाते हैं। उदाहरण के लिए, भारतऽरूस व्यापार पिछले दो दशकों में कई गुना बढ़ा है, परन्तु इस व्यापार में रुपये का उपयोग सीमित है। मुद्रा-आधारित विकल्प बढ़ने से न केवल व्यापार गति पकड़ता है बल्कि भारतीय निर्यातकों को विनिमय दर के उतार-चढ़ाव और हेजिंग लागत से भी राहत मिलती है। दीर्घकाल में वैश्विक स्तर पर स्वीकार्य मुद्रा भारत की आर्थिक शक्ति और राजनीतिक प्रभाव का संकेत भी बनती है। भारत के 30 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था और 1 खरब डॉलर के निर्यात लक्ष्य की दिशा में यह एक अनिवार्य कदम माना जा रहा है। हालाँकि, रुपये के वैश्वीकरण के मार्ग में कई चुनौतियाँ भी हैं। अनेक देशों को अभी भी डॉलर या अपनी स्थानीय मुद्रा अधिक स्थिर विकल्प लगती है। कुछ देशों को रुपये की विनिमय दर की स्थिरता पर भरोसा कम है। व्यापारिक साझेदारों के साथ मूल्य-वृद्धि आधारित वस्तुओं का आदान-प्रदान सीमित होने से भी रुपये के व्यापक प्रयोग की संभावना घटती है। भारतीय निर्यातकों में भी रुपये आधारित निपटान के प्रति जागरूकता कम है, जिसके कारण वे इस विकल्प का पूरा लाभ नहीं उठा पाते। अंतरराष्ट्रीय भुगतान और संदेश प्रणाली की सीमित परस्पर संपर्कता भी रुपये की स्वीकार्यता को धीमा करती है, क्योंकि अभी भी बड़ी संख्या में देश पारंपरिक वैश्वीकरण संदेश तंत्र पर निर्भर हैं। इन चुनौतियों के बीच भारतीय रिज़र्व बैंक की स्थानीय मुद्रा निपटान प्रणाली रुपये को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने की दिशा में बड़ा बदलाव लेकर आई है। इस प्रणाली के अंतर्गत भारत अब संयुक्त रूप से सहमत देशों के साथ सीधे रुपये में व्यापार कर सकता है। संयुक्त अरब अमीरात, इंडोनेशिया, मॉरीशस और मालदीव के साथ हुए समझौते इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। इससे न केवल दोनों देशों के बीच व्यापार सुगम होगा बल्कि बैंकिंग लागत और भुगतान समय में भी कमी आएगी। इसके अतिरिक्त भारतीय रिज़र्व बैंक ने पड़ोसी देशों के बैंक एवं नागरिकों को रुपये में ऋण देने की अनुमति देकर नेपाल, भूटान और श्रीलंका जैसे देशों में रुपये के उपयोग को बढ़ावा दिया है। भारत ने अपने त्वरित भुगतान तंत्र को कई देशों से जोड़कर एक नई वित्तीय संपर्क व्यवस्था विकसित की है। संयुक्त अरब अमीरात के साथ त्वरित भुगतान तंत्र का जुड़ना छोटे व्यापारियों, पर्यटकों और प्रवासी भारतीयों के लिए तत्काल भुगतान को सरल बनाता है, जिससे रुपये की उपयोगिता और स्वीकार्यता दोनों बढ़ती हैं। इसके साथ ही भारत अपनी वित्तीय संदेश प्रणाली को भी साझेदार देशों की प्रणालियों से जोड़ने की दिशा में कार्य कर रहा है, जिससे परंपरागत वैश्विक संदेश तंत्र पर निर्भरता कम होगी। यह व्यवस्था भुगतान प्रक्रिया को राजनीतिक तनावों से सुरक्षित रखेगी और रुपये की विश्वसनीयता बढ़ाएगी।

## सेहत मंत्र

# बॉडी बनाने की होड़ में युवा कर रहे किडनी को बीमार

ऐसे युवाओं की संख्या बहुत अधिक है, जो सलमान खान और ऋतिक रौशन जैसे बालीवुड अभिनेताओं की तरह का शरीर पाने के लिए.... युवाओं में सलमान खान , ऋतिक रौशन और टाइगर श्रॉफ जैसी बॉडी पाने की होड़ बढ़ रही है और इस होड़ में आज के युवा जिम में या अपने घर पर 'सिक्स पैक एब्स' पाने के लिए खास तरह की एक्सरसाइज करते हैं और हाईप्रोटीन डाइट लेते हैं। कई बार जिम इंस्ट्रक्टर शरीर के कुछ हिस्सों में मांसपेशियों में उभार लाने के लिए हाईप्रोटीन डाइट, स्टेरॉयड एवं हार्मोन के इंजेक्शन लेने की सलाह देते हैं, लेकिन इन सबके मिलेजुले दुष्प्रभाव के कारण कई युवा किडनी फ़ेल्योर (गुर्दा काम न करना) के शिकार बन रहे हैं। मरीजों से प्राप्त जानकारियों के विशच्छेषण एवं परीक्षणों से पता चला है कि उनकी किडनी फ़ेल्योर का कारण सिक्स पैक्स बनाने के लिए जिम में कराई जाने वाली खास तरह की एक्सरसाइज एवं स्टेरॉयड एवं हार्मोन के इंजेक्शनों का प्रयोग है। ऐसे युवाओं की संख्या बहुत अधिक है, जो सलमान खान और ऋतिक रौशन जैसे बालीवुड अभिनेताओं की तरह का शरीर पाने के लिए जिम में जाकर घंटों तक खास तरह की एक्सरसाइज करते हैं तथा स्टेरॉयड एवं हार्मोन के इंजेक्शनों का सहारा लेते हैं और अपनी किडनी खराब कर बैठते हैं। आज के युवाओं के मन में एक्सरसाइज को लेकर कई तहर की भ्रांतियां बन गई हैं। वे अपने शरीर को स्वस्थ एवं चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए एक्सरसाइज नहीं करते, बल्कि अपने शरीर को बॉलीवुड या हॉलीवुड के हीरो की तरह के सिक्स पैक लुक पाने के लिए एक्सरसाइज करते हैं। जिम का ट्रेनर भी शरीर के शिल्पकार की तरह इन युवाओं के शरीर में बदलाव लाने के लिए खास तरह के एक्सरसाइज डिजाइन करता है। खास डायट प्लान बताता है। कई युवा आगे बढ़कर स्टेरॉयड एवं हार्मोन के इंजेक्शन लेने लगते हैं और इन सब का मिलाजुला दुष्प्रभाव यह होता है कि उनकी किडनी खराब हो जाती है।

## धर्म मंत्र

# कर्मों का फल निश्चित रूप से हर किसी को भोगना ही पड़ता है

भगवान श्रीराम जी ने सुग्रीव के मन की थाह पा ली थी। वे तो समझ गए थे कि सुग्रीव के मन में श्रीविभीषण जी के संबंध में अतिअंत ही नकारात्मक विचारों ने आकार ले रखा है। सुग्रीव यह तो देख ही नहीं पा रहे कि कैसे-कैसे श्रीविभीषण जी ने हमें समर्पित होकर, रावण के विरुद्ध लोहा लिया है। रावण के प्रति खुले रूप में विद्रोह करना, साक्षात मृत्यु को दावत थी। लेकिन हमारी खातिर श्रीविभीषण जी ने, अपनी नन्हीं जान की भी चिंता नहीं की। वे अपना सब राज-पाट, यश व वैभव को लात मार कर, हमारी शरणागत होने पधारे हैं। लगता है सुग्रीव को अपने साथ हुए, बालि के अन्याय भूल गए हैं। सुग्रीव को अपने साथ घटित प्रत्येक हिंसा व अत्याचार तो याद है, लेकिन वैसा ही अत्याचार, श्रीविभीषण जी के साथ भी घटा है, इसका उन्हें आभास तक नहीं है। संसार में जीव का यही स्वभाव, उसे आध्यात्मिक व नैतिक स्तर पर, ऊँचा उठने में बाधक बनाये रखता है। जीव दूसरे का सुख व प्रसन्नता देख, स्वयं में वह सुखद अनुभव ढूंढ़ने का तो अथक प्रयास करता है। लेनिक स्वयं को मिली पीड़ा का अनुभव, कभी भी किसी अन्य प्राणी में महसूस करने का प्रयास नहीं करता। सुग्रीव श्रीविभीषण जी के प्रति, यह भाव भी तो रख सकता था, कि बेचारे विभीषण जी के साथ तो घोर अन्याय हुआ है। मुझे भी मेरे भाई बालि ने जब, मुझे मेरे घर से निकाल दिया था, तो मुझे कैसे छुप-छुप कर भयभीत हो, कंद्रायों में अपना जीवन व्यतीत करना पड़ा था। यह तो धन्य हैं श्रीराम जी। जिनकी कृपा से मुझे, अनाथ व दीन पर उनकी दया के फलस्वरुप, आज राज-पाट मिले हुए हैं। नहीं तो मैं यूँ ही दर-दर की ठोकरें खाने को विवष होता। ठीक वैसी ही प्रस्थिति

पर्यटन



# विश्व भर के सैलानियों को आकर्षित करता है ज्यूरिख

कुदरत ने ज्यूरिख को प्राकृतिक सौंदर्य का वरदान तो दिया ही है, साथ ही यहां के रखरखाव व पर्यटकों की सुविधा के लिए कुशल प्रबंधन का योगदान भी कम नहीं है। तभी तो स्विट्जरलैंड का यह शहर विश्व भर के सैलानियों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है तथा पर्यटन यहां एक उद्योग की तरह फलफूल रहा है। यहां का मुख्य आकर्षण ज्यूरिख झील है। यहां तक आने के लिए आप नदी मार्ग का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। नदी के किनारे खरीदारी के लिए बड़ी-बड़ी दुकानें, खाने-पीने के लिए रेस्तरां तथा रहने के लिए होटल और दूसरे किनारे पर मछुआरों के साफ-सुथरे रंगरोगन किए घर भी हैं। नदी में पारदर्शी छतों व दीवारों वाली तैरती नावें पर्यटकों को घुमाती हैं व गाइड शहर का इतिहास बताता है। शॉपिंग माल के बाद सबसे अधिक पर्यटक झील पर ही दिखाई देते हैं। यह यहां की तीसरी सबसे बड़ी झील है। इसमें बत्तखें तथा जलमुर्गियां अठखेलियां करती रहती हैं। कितना भी समय झील के किनारे बिताओ, प्राकृतिक सौंदर्य देखकर मन ही नहीं भरता। पर्यटकों को चाहे ज्यूरिख के आसपास के शहरों की यात्रा करनी हो या आल्पस की बर्फ से ढकी चोटियों को करीब से देखना हो या इंटरलेकन के प्राकृतिक सौंदर्य का दर्शन करना हो अथवा फिर जुंगफ्रा की घाटियों के ऊपर हवा में तैरती ट्रालियों में सैर करनी हो, हर जगह के लिए तीव्र व सुविधाजनक तथा आरामदेह लेकिन महंगी रेल सेवा उपलब्ध है। ज्यूरिख से लूसर्न तक का मार्ग बेहद सुंदर है। स्विट्जरलैंड में किसी भी पहाड़ की चोटी तक जाना हो, किसी भी शहर में पहुंचना हो तो यातायात के साधन उपलब्ध हैं, जोकि आरामदायक और तेज हैं। कहीं भी पैदल आने-जाने में समय बरबाद करने की आपको जरूरत नहीं पड़ेगी। पितालुस पर्वत की चोटियों के नीचे खुले मुंह वाली गुफाएं बनी हुई हैं। यहां से चारों ओर का सुंदर दृश्य देखा जा सकता है। स्विट्जरलैंड में पर्यटन का विस्तार एक फलते-फूलते उद्योग की तरह हुआ है जो दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की कर रहा है।

# दस साल बाद तंत्र की नींद खुली, सुप्रीम आदेश पर बिजली विभाग की कुर्की

**जिम्मेदारी अब भी 'घास' में पड़े तारों जैसी उलझी**

**2016 की लापरवाही पर 2025 की कार्रवाई, डिवीजन बदलते रहे पर जवाबदेही आज भी तारों की तरह खुले में**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर, बाराबंकी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर शुक्रवार दोपहर विद्युत वितरण खंड बुड़वल द्वितीय के कार्यालय पर कुर्की की कार्रवाई की गई, जो लगभग दस वर्ष पूर्व हुए उस हादसे की याद फिर ताजा कर गई जिसमें बड़ा गांव निवासी कैलाश खुले पड़े बिजली के तारों की चपेट में आकर मौत के शिकार हुए थे। घटना के समय बिजली के तार घास में बिना किसी सुरक्षा कवच के पड़े थे और इतने वर्षों बाद भी विभाग की सफाई आज भी उतनी ही खुली पड़ी है जितने उस दिन तार थे। कैलाश के पुत्र अशोक कुमार ने बताया कि उचित मुआवजे के लिए उन्हें लगभग एक दशक तक इंतजार और कानूनी लड़ाई दोनों करनी पड़ी; और अब जाकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश से यह कुर्की संभव हो पाई, मानो न्याय ने देर से ही सही पर अंततः बिजली विभाग की झपकी तोड़ दी हो। कुर्की कार्रवाई के दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गूंजिता अग्रवाल, थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल पांडे, उपनिरीक्षक राजकुमार कनौजिया, महिला उपनिरीक्षक नीतू, आरक्षी अमित विश्वकर्मा और शिवमोहन मौजूद रहे और लगभग दस लाख रुपए की कुर्की की कार्रवाई पूरी कराई। कार्रवाई होते ही विभागीय कर्मचारियों ने तुरंत अपनी 'ऐतिहासिक सफाई' पेश करते हुए बताया कि 2016 में घटना हुई थी, जबकि रामनगर डिवीजन का जन्म तो अक्टूबर 2018 में हुआ। इसलिए जिम्मेदारी उस समय के बाराबंकी डिवीजन की थी, और वर्तमान डिवीजन पर उंगली उठाना ऐसे ही है जैसे किसी नवजात से उसके जन्म से पहले के पाप पूछ लेना।लेकिन सुप्रीम कोर्ट के आदेश के सामने विभाग की यह 'जन्मतिथि दलील' टिक न सकी और तहसील प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर कुर्की की प्रक्रिया पूरी की। दस वर्ष पुराना हादसा, सात वर्ष बाद जन्मा नया डिवीजन और आज की कार्रवाई यह बताने के लिए काफी है कि तार भले खुले पड़े हों या जिम्मेदारियां उलझी हों, पर न्याय की डोरी आखिरकार खिंच ही जाती है–चाहे देर से, पर करंट के साथ।

# मुख्य विकास अधिकारी ने ली विशेष गहन पुनरीक्षण की समीक्षा

## बीएलओ को समयबद्ध निस्तारण के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता




रामनगर बाराबंकी ।जनपद बाराबंकी के तहसील रामनगर स्थित जनसभागार में मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अन्ना सुदन की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में तहसील रामनगर की ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गूंजता अग्रवाल तथा तहसीलदार विपुल सिंह प्रमुख रूप से मौजूद रहे। सीडीओ अन्ना सुदन ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी लंबित कार्यों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान रामनगर ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार, सूरतगंज ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह और खंड शिक्षा अधिकारी रमेश चंद्रा भी उपस्थित रहे। बैठक में रामनगर और सूरतगंज क्षेत्र के बीएलओ को एसएआर कार्य समय से पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए गए। सीडीओ ने कहा कि चुनाव संबंधी सभी प्रक्रियाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनसभागार में हुए इस समीक्षा सत्र के दौरान कई अधिकारी, कर्मचारी और बीएलओ उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य गहन पुनरीक्षण कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाना और समयबद्ध तरीके से पूरा कराना रहा।

# टोबेको फ्री लर्निंग एनवायरनमेंट एंड प्रोटेक्टिंग द हेल्थ ऑफ़ स्टूडेंट्स शीर्षक पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी । जहांगीराबाद इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी बाराबंकी में ल्लतम्बाकू मुक्त युवा अभियान 3.0ङ्क के अंतर्गत ल्लटोबेको फ्री लर्निंग एनवायरनमेंट एंड प्रोटेक्टिंग द हेल्थ ऑफ़ स्टूडेंट्सङ्क शीर्षक पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को तम्बाकू सेवन के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना और नशा मुक्त जीवन शैली को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के निदेशक मेजर जनरल विकास सैनी के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने कहा कि तम्बाकू का बढ़ता दुष्प्रभाव न केवल युवाओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर डाल रहा है बल्कि समाज और राष्ट्र की प्रगति में भी बाधक है। इसीलिए शिक्षण संस्थानों की जिम्मेदारी है कि वे युवाओं को सही मार्गदर्शन दें। राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जहांगीराबाद के डॉ. सौरभ शुक्ला ने छात्रों को तम्बाकू से होने वाली बीमारियों से अवगत कराते हुए कहा कि तम्बाकू एक ऐसा नशा है जो धीरे धीरे व्यक्ति को अंदर से खोखला कर देता है। इसका सेवन धूम्रपान सिगरेट बीड़ी और गुटका आदि के रूप में किया जाता है। तम्बाकू में निकोटिन नमक हानिकारक रसायन होता है जो शरीर में कैंसर ह्रदय रोग श्वास रोग आदि गंभीर बीमारियों का कारण बनता है। नेशनल मेन्टल हेल्थ प्रोग्राम के स्टेट कंसलटेंट श्री सूर्य प्रकाश पाठक ने बताया कि तम्बाकू उद्योग किस तरह युवाओं को आकर्षित करने के लिए भ्रामक प्रचार करता है, जिसका विरोध करना आवश्यक है। टोबैको सीसेशन सेंटर की रीजनल कोर्डिनेटर मिस प्रियंका सचान ने कहा कि इस प्रकार के अभियानों से युवाओं में सकारात्मक सोच विकसित होती है और एक स्वस्थ एवं तम्बाकू मुक्त समाज के निर्माण का मार्ग प्रशस्त होता है। अंत में संस्थान की मिस जुवेरिया ने सभी अतिथियों एवं प्रशासनिक अधिकारी श्री अब्दुल नावेद एच आर श्री एम् ऐ सिद्दीकी प्रिंसिपल फार्मेसी डॉ जावेद अहसन प्रिंसिपल इंजीनियरिंग डॉ फैज़ान समेत उपस्थित शिक्षकगण और विद्यार्थियों का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।

## सोनभद्र खनन हादसे की जांच कर रही एसआईटी ने चार लोगों को किया गिरफ्तार

सोनभद्र । ओबरा थाना क्षेत्र में 15 नवंबर को पहाड़ी धसकने से हुए खनन हादसा और सात मजदूरों के शव मिलने के मामले में विशेष जांच दल (एसआईटी) जांच कर रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को एसआईटी ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने बताया की 15 नवंबर को बिल्ली मारकुंडी खनन क्षेत्र में कृष्णा माइनिंग वर्क्स के पत्थर खदान में ड्रिलिंग के दौरान पहाड़ी का बड़ा हिस्सा ढह गया था। इसके नीचे दबकर 7 मजदूरों की जान गई थी। इस संबंध में थाना ओबरा पर मुकदमा दर्ज किया गया। मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया। अब कार्रवाई भी शुरू कर दी गई हैं। एसपी ने बताया कि जांच के बाद एसआईटी ने पत्थर खदान में के कार्यरत माइन्स मैनेजर अनिल कुमार झा, माइन्स स्टाफ अजय कुमार, गौरव सिंह और माइन्स मेठ चन्द्रशेखर सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। एसपी ने बताया की माइन्स मैनेजर की नियुक्ति खान सुरक्षा निदेशक लखनऊ से किया जाता है। माइन्स मैनेजर खनन क्षेत्र के खनन कार्य, सुरक्षा व जोखिम की पुरी रिपोर्ट खान सुरक्षा निदेशक को भेजते हैं।

## घर की स्लैब गिरने से युवक की मौत

देवा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। देवा कस्बे के मोहल्ला हुज्जाजी–3 में शुक्रवार तड़के बड़ा हादसा हो गया। अपने निर्माणाधीन घर की तीसरी मंज़िल पर छज्जे की स्लैब खोलते समय अचानक भारी छज्जा 18 वर्षीय आरिफ पर आ गिरा। छज्जा लगने से वह पाड़ समेत करीब 30 फीट नीचे जमीन पर गिर गया। तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आरिफ, शकील अहमद के तीन बेटों में सबसे छोटा था और हैदराबाद में भाइयों के साथ वेल्डिंग का काम करता था। शुक्रवार दोपहर उसे ट्रेन से हैदराबाद के लिए रवाना होना था, लेकिन सुबह ही यह दर्दनाक हादसा हो गया परिवार वालो के अनुसार सुबह करीब 4:30 बजे आरिफ तीसरी मंज़िल पर बने छज्जे की स्लैब खोल रहा था। तभी लगभग चार फीट लंबा भारी छज्जा उसके सिर पर गिरा, जिससे वह नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया गया हादसे के बाद परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए ही देर शाम गमगीन माहौल में आरिफ का अंतिम संस्कार कर दिया।

## प्रतिबंधित पेड़ों की कटाई सूचना देना पड़ा महंगा

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रतिबंधित पेड़ काटने की सूचना देना एक ग्रामीण को भारी पड़ गया।विपक्षियों ने युवक की लाठी डंडों से पिटाई कर दी।जान बचाने के लिए भागे युवक की कार क्षतिग्रस्त कर दी।कुर्सी थाना क्षेत्र के अमरसंडा निवासी रुबीना पत्नी रहमान ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे उसका भतीजा मोहम्मद जीशान अपने परिवार को कार से लखनऊ जाने की तैयारी में दरवाजे पर खड़ा था।गांव के ही शेरु उर्फ तमीम अपने करीब आधा दर्जन साथियों के साथ जीशान को घेर लिया। पेड़ काटने की सूचना पुलिस को देने की बात कह उसे गालियां देने लगे। उसने जब इसका विरोध किया उक्त विपक्षियों ने जीशान पर जानलेवा हमला कर दिए जब वह जान बचाकर भागा तो उसके कार्य क्षतिग्रस्त कर दी।हमले में भतीजा जीशान को गंभीर चोटें आई हैं।थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामला जानकारी में आया है। कार्रवाई की जाएगी।

## सीडीओ सुदन ने की पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील सभागार में सीडीओ अन्ना सुदन की अध्यक्षता में विशेष गहन पुनरीक्षण की समीक्षा बैठक हुई।ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गूंजता अग्रवाल और तहसीलदार विपुल सिंह सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में लंबित कार्यों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश दिए गए।रामनगर व सूरतगंज क्षेत्र के बीएलओ को एसएआर कार्य समय से पूरा करने के कड़े निर्देश मिले। सीडीओ ने कहा कि चुनाव संबंधी प्रक्रियाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

## पिता को भेजा चाय लेने, जांच के बहाने पुत्री से छेड़छाड़, लैब टेक्नीशियन पर कार्रवाई की गुहार

मीरजापुर । ड्रमंडगंज क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती की मां ने नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (न्यू पीएचसी) ड्रमंडगंज में तैनात लैब टेक्नीशियन पर पुत्री से छेड़खानी का गंभीर आरोप लगाते हुए शुक्रवार को थाने में तहरीर देकर कड़ी कार्रवाई की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते गुरुवार को 18 वर्षीय युवती अपने पिता के साथ जांच रिपोर्ट दिखाने और इलाज के लिए अस्पताल गई थी। आरोप है कि वहां तैनात लैब टेक्नीशियन राकेश कुमार पटेल ने युवती के पिता को चाय लेने के बहाने बाहर भेज दिया और जांच के नाम पर युवती का पेट चेक करते हुए उसके साथ छेड़खानी करने लगा। युवती के विरोध जताने पर एलटी द्वारा अभद्र बातें किए जाने का भी आरोप लगाया गया है। शाम को घर लौटने पर जब युवती ने अपने पिता को पूरी घटना बताई, तो परिवार में आक्रोश फैल गया। अगले दिन पीड़िता की मां ने थाने पहुंचकर एलटी के विरुद्ध तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की। युवती के पिता ने भी आरोपी पर तुरंत प्रभावी कार्रवाई की गुहार लगाई है।

## ट्रैक्टर व पिकअप में भिड़ंत, दो जख्मी

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। तहसील क्षेत्र में महमूदाबाद गांव के पास दरियाबाद–सफदरगंज मार्ग पर भूसा लदी ट्रैक्टर–ट्रॉली वा स्कूटी भरी पिकअप में भिड़ंत मैं दो लोग जख्मी हुए। यह हादसा गुरुवार की देर रात हुआ। जानकारी के अनुसार, एक ट्रैक्टर–ट्रॉली भूसा लादकर जा रही थी, तभी बाराबंकी से स्कूटी लादकर टिकैतनगर जा रही पिकअप से भिड़ंत हुई। भिडत में पिकअप चालक अमन, निवासी बाराबंकी, और अब्दुल्ला पुत्र मुख्तार, निवासी टिकैतनगर, गंभीर रूप से घायल हो गए। एंबुलेंस चालक ललित सिंह के अनुसार, घायलों में से एक के पैर में गम्भीर चोट आई है।घायलों को तत्काल एंबुलेंस की मदद से संयुक्त चिकित्सालय सिरौली गौसपुर पहुंचाया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# गीडा सेक्टर 15 स्थित रुंगटा इंडस्ट्रियल प्राइवेट लिमिटेड (रिफाइन फैक्ट्री) में भीषण आग, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक सहित भारी फोर्स मौके पर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। आज शुक्रवार को औद्योगिक क्षेत्र गीडा सेक्टर 15 में स्थित रुंगटा इंडस्ट्रियल प्राइवेट लिमिटेड (रिफाइन फैक्ट्री) में अचानक भीषण आग लग गई। आग लगते ही फैक्ट्री परिसर और आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घना काला धुआं आसमान में फैलता देख कर्मचारियों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस और प्रशासन को दी।

सूचना मिलते ही जिलाधिकारी गोरखपुर दीपक मीणा, पुलिस अधीक्षक उत्तरी ज्ञानेंद्र, गीडा पुलिस फोर्स, दमकल विभाग की कई गाड़ियां और अन्य आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए। जिलाधिकारी और एसपी उत्तर खुद राहत एवं बचाव कार्य की कमान संभाले हुए हैं। फायर ब्रिगेड की टीम लगातार आग पर काबू पाने के लिए संघर्ष कर रही है। रिफाइन फैक्ट्री में अत्यधिक ज्वलनशील पदार्थ होने के कारण आग तेजी से फैलती दिखी, जिसके चलते दमकल विभाग को अतिरिक्त फोर्स और पानी की टैंकर बुलाने पड़े। दमकल कर्मी कई दिशाओं से आग बुझाने का प्रयास कर रहे हैं। पुलिस ने फैक्ट्री के आसपास सुरक्षा घेरा बना दिया है और किसी भी अनहोनी से बचने के लिए लोगों को दूर रखा जा रहा है।

अब तक किसी तरह की जनहानि की सूचना नहीं है, लेकिन आग से भारी नुकसान की आशंका जताई जा रही है। फैक्ट्री प्रबंधन से आग लगने के कारणों के बारे में जानकारी ली जा रही है, हालांकि वास्तविक कारण का खुलासा आग पूरी तरह काबू होने के बाद ही हो सकेगा। जिला प्रशासन ने बताया कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में लाने के लिए युद्धस्तर पर कार्य जारी है और सभी टीमें सतर्कता के साथ अपना काम कर रही हैं।

**लखनऊ क्रिश्चियन कॉलेज ने गोंडा को हराकर जीता फाइनल का खिताब**

# महादेवा महोत्सव में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का दूसरा दिवस उत्साह और रोमांच के साथ संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर बाराबंकी।महादेवा महोत्सव के अंतर्गत आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता का दूसरा दिवस शुक्रवार को उत्साह और रोमांच से भरपूर रहा। दोपहर लगभग 1:00 बजे प्रतियोगिता की शुरुआत नायब तहसीलदार विजय प्रकाश तिवारी ने किया।उद्घाटन के दौरान प्रशिक्षक रियाज़ अहमद ने मुख्य अतिथि का स्वागत प्रतीक चिन्ह (मोमेंटो) भेंटकर किया। इसके बाद नायब तहसीलदार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और किक लगाकर प्रतियोगिता की औपचारिक शुरुआत की।

इस वर्ष वॉलीबॉल प्रतियोगिता में कुल आठ टीमों ने प्रतिभाग किया, जिनमें बरेली स्टेडियम, गोंडा स्टेडियम, आजमगढ़, के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम लखनऊ, बाराबंकी, सुल्तानपुर, जौनपुर, और लखनऊ क्रिश्चियन कॉलेज की टीमें शामिल थीं। सभी टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का दिल जीता।

शुरुआती मैचों में कई बार मुकाबले रोमांचक मोड़ लेते रहे। खासतौर पर पहला मैच बरेली और गोंडा की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें खेल अंत तक चलता रहा और रेफरी के निर्णय को लेकर असहमति के चलते मैच अनिर्णीत रहा। वहीं दूसरा मैच क्रिश्चियन कॉलेज लखनऊ और सुल्तानपुर स्टेडियम के बीच खेला गया जिसने दर्शकों में खास उत्साह पैदा किया।

दिनभर चले आठ टीमों के मुकाबलों के बाद प्रतियोगिता का फाइनल मैच लखनऊ क्रिश्चियन कॉलेज और गोंडा के बीच खेला गया।

फाइनल मैच अत्यंत रोमांचक रहा और दोनों टीमों ने बेहतरीन खेल कौशल का प्रदर्शन किया। हालांकि निर्णायक क्षणों में लखनऊ क्रिश्चियन कॉलेज की टीम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए गोंडा को पराजित कर फाइनल का खिताब अपने नाम कर लिया। शाम को रामनगर ब्लॉक प्रमुख संजय कुमार तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे और विजेता तथा उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की। यह पल खिलाड़ियों के लिए अत्यंत उत्साहजनक रहा।

प्रतियोगिता का संचालन आलोक कुमार शुक्ला ने किया, जबकि कार्यक्रम में वॉलीबॉल प्रशिक्षक रियाज़ अहमद, नायब तहसीलदार विजय प्रकाश तिवारी सहित सैकड़ों दर्शक मौजूद रहे जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और पूरे कार्यक्रम को सफल बनाया।

## सरकारी योजनाओं पर कलाकारों की आकर्षक प्रस्तुति, मंत्र मुक्त हुए दर्शक

रामनगर बाराबंकी। महादेवा महोत्सव के पाँचवें दिन शुक्रवार को विविध आकर्षक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।भावना माया ग्रुप के जादूगर विश्वनाथ चौरसिया ने जादू के माध्यम से जनधन बीमा तथा अटल पेंशन जैसी सरकारी योजनाओं और साइबर क्राइम से बचाव की जानकारी दी।अदनान माया ग्रुप व मिशन अस्पताल नवाबगंज के जादूगर एम.आई. रिज़वी ने कन्या सुमंगला योजना स्वच्छता अभियान और मलेरिया चिकनगुनिया से बचाव पर जागरूकता फैलाई।डायरेक्टर पूजा पांडे और विशाल पांडे द्वारा राधा कृष्ण और हनुमान जी की भव्य झांकी प्रस्तुत की गई।मयूर नृत्य और कलाकारों द्वारा राधा कृष्ण लीला तथा हिरण्यकश्यपु का मंचन दर्शकों की तालियों से सराबोर रहा।कार्यक्रम का संचालन कवि शिवेश राजा ने किया जबकि नायब तहसीलदार विजय प्रकाश तिवारी ने कलाकारों का सम्मान किया।सांध्यकालीन सत्र में आकाशवाणी दूरदर्शन की गायिका डॉ.रश्मि उपाध्याय ने भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं।संगत में चन्द्रेश पांडे राजकुमार और अनुमेहा गुप्ता शामिल रहीं।

# कुमार सत्यम की गजलों ने महोत्सव में बांधा समां



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिर्फ़ एक बार मुलाकात का मौका दे दे ,हम तेरे शहर में आए है मुसाफिर की तरह

रामनगर बाराबंकी । मशहूर महादेवा महोत्सव 2025 में आज सायं कालीन कार्यक्रम के तहत मशहूर गजल गायक कुमार सत्यम ने अपनी एक से बढ़कर एक सुंदर गजलों की प्रस्तुति कर लोगों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ एडीजे व उप जिलाधिकारी गुंजितां अग्रवाल, तहसीलदार विपुल सिंह , कवि गजेंद्र सिंह प्रियांशु ने की प्रज्ज्वलन तथा स्मृति चिन्ह देकर किया। एडीजे को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने वन डिस्टिक वन प्रोडक्ट के तहत अंग वस्त्र भेट कर सम्मानित किया ।गजलकार कुमार सत्यम ने राम को देखकर श्री जनक नंदिनी, जनक पुर आए अयोध्या के राजा, गीत/, भजन गाया। कुमार सत्यम ने भाव भरी गजलें अभी तो तुम्हारा लहजा बता रहा है तुम्हारी दौलत नई-नई है को सुन दर्शक झूम उठे। याद याद याद बस याद रह जाती है, बेवफा तेरा मासूम चेहरा, रफ्ता रफ्ता आप मेरे , हम तेरे शहर में आए हैं मुसाफिर की तरह , है जिंदगी कितनी खूबसूरत, सांसों के लिए माला पे सिमरन मै , चुपके चुपके रात दिन आंसू बहाना, गीत प्रस्तुत कर लोगों को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी/मेला सचिव गुंजिता अग्रवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष/ सूरतगंज ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शेखर हयारण, सूरतगंज मंडल अध्यक्ष सुशील वर्मा, पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ज्ञानू सिंह,तहसीलदार विपुल कुमार सिंह, नायब विजय प्रकाश तिवारी, रामनगर खंड विकास अधिकारी विजय यादव राजस्व विभाग के अधिकारी व कर्मचारी, पुलिस प्रशासन,समेत तमाम गजल प्रेमी उपस्थित रहे।

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बराबरी हासिल करने के इरादे से उतरेगा भारत

एजेंसी



गुवाहाटी। गुवाहाटी, एक ऐसा शहर जिसने पहले कभी कोई टेस्ट होस्ट नहीं किया है, कल उस तरह के ड्रामा के साथ लाइमलाइट में आएगा जैसा सिर्फ़ टेस्ट क्रिकेट में ही हो सकता है। कोलकाता में चौंकाने वाली हार के बाद इंडिया, इस छोटी दो मैचों की सीरीज में 0-1 से पीछे है।

दूसरी तरफ, दक्षिण अफ्रीका एक ऐसी टीम के कॉन्फिडेंट स्वैगर के साथ उतरेगी जो जानती है कि वह इतिहास रच सकती है। भारतीय जमीन पर 2-0 की जीत उनके हाथ में है, और यकीन मानिए, वे इसका स्वाद चख सकते हैं। टॉस, हमेशा की तरह, सब कुछ हो सकता है। इस नई विकेट पर पहले बैटिंग करना ज़्यादा सेफ ऑप्शन लगता है; पिच से शुरू से ही इनकंसिस्टेंट बाउंस और काफ़ी टर्न मिलने की उम्मीद है। भारत यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल को भेजेगा, उम्मीद है कि वे नई बॉल के तूफ़ान का सामना कर पाएंगे और पहले कुछ मुश्किल ओवर निकाल लेंगे। ऋषभ पंत पर नज़र रखें, अगर वह जल्दी आ गए, तो इनिंग्स का पूरा पासा ही बदल जाएगा। वह अपने हिम्मत वाले स्ट्रोक्स से मोमेंटम बदल सकता है या जरूरत के हिसाब से हिम्मत से उसे बनाए रख सकता है। बरसापारा स्पिनरों के लिए स्वर्ग है। कुलदीप यादव, रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल बहुत जरूरी होंगे। पिछली बार, प्रोटियाज के बैट्समैन ने भारत से बेहतर टर्न लिया था, इसलिए उम्मीद है कि स्पिनर शुरू से ही अटैक करेंगे। दक्षिण अफ्रीका का जवाब पारी को संभालने के लिए टेम्बा बावुमा, एडेन मार्करम और रयान रिकेल्टन पर बहुत ज़्यादा निर्भर करेगा, जबकि मिडिल ऑर्डर-वियान मुल्डर, ट्रिस्टन स्टब्स और काइल वेरेन-जब भी भारत को लगेगा कि वे आगे निकल गए हैं, तो निराश करेंगे। टेस्ट क्रिकेट जितना फिजिकल है, उतना ही मेंटल गेम भी है। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज के पास नई बॉल से शुरुआत में ही बढ़त बनाने की ताकत है, और अगर वे स्ट्राइक करते हैं, तो भारत वापस कंट्रोल हासिल कर सकता है। लेकिन प्रोटियाज के बॉलर्स को देखिए: साइमन हार्मर और मार्को यानसन कोलकाता में मैजिक थे, और छोटी-मोटी दिक्कतों के बावजूद, उनके रिप्लेसमेंट आसान नहीं हैं। हर सेशन में ऐसे पल आएंगे जब मोमेंटम पेंडुलम की तरह बदलेगा। एक अच्छा स्पेल, एक स्मार्ट पार्टनरशिप, और अचानक स्कोरबोर्ड एक बहुत अलग कहानी बताता है। यह विकेट तेज़ी से खराब होगा। आखिर में बैटिंग करना एक बुरा सपना होगा। पहली इनिंग्स में 250 रन बनाने वाली कोई भी टीम कमांडिंग पोज़िशन में होगी। टॉस और इनिंग्स की टाइमिंग का बहुत बड़ा रोल होगा। इंडिया कोलकाता जैसी एक और हार नहीं झेल सकता; नहीं तो, दक्षिण अफ्रीका का स्वीप एक असली पॉसिबिलिटी बन जाएगा। इसके उलट, एक सधी हुई, सब्र वाली शुरुआत और स्मार्ट पार्टनरशिप इंडिया के लिए एक क्लासिक कमबैक स्टोरी बना सकती हैं।

# अस्वस्थ गिल को टीम से रिलीज किया गया, जांच के लिए मुंबई जाएंगे

एजेंसी



गुवाहाटी। भारतीय कप्तान शुभमन गिल को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शनिवार से यहां शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट मैच से पहले शुक्रवार को टेस्ट टीम से रिलीज कर दिया गया। कोलकाता में पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में बल्लेबाजी करते समय गिल की गर्दन में अकड़न आ गई थी जिसके कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती करना पड़ा था। गिल की अनुपस्थिति में विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत दूसरे टेस्ट में टीम की अगुवाई करेंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया ने एक बयान में कहा, ''दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के दौरान चोटिल होने वाले भारतीय कप्तान शुभमन गिल गुवाहाटी में होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में नहीं खेल पाएंगे। बयान में कहा गया, ''गिल को कोलकाता टेस्ट के दूसरे दिन गर्दन में चोट लग गई थी और दिन का खेल खत्म होने के बाद उन्हें जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया। उन्हें निगरानी में रखा गया और अगले दिन छुट्टी दे दी गई। वह 19 नवंबर को गुवाहाटी पहुंचे थे। इसमें कहा गया है, ''दुर्भाग्य से वह दूसरा टेस्ट मैच खेलने के लिए पूरी तरह फिट नहीं हैं और उन्हें चोट की जांच के लिए मुंबई जाना होगा। गिल टीम के साथ गुवाहाटी आए थे लेकिन उनकी गर्दन का दर्द पूरी तरह से कम नहीं हुआ। अब यह देखना बाकी है कि वह टेस्ट श्रृंखला के बाद एकदिवसीय श्रृंखला में खेल पाएंगे या नहीं। भारत के बल्लेबाजी कोच सीतांशु कोटक ने गुरुवार को कहा था, ''हम नहीं चाहते कि खेल के दौरान उनकी परेशानी बढ़ जाए। ईडन गार्डन्स में यादगार जीत के बाद दक्षिण अफ्रीका दो मैचों की श्रृंखला में 1-0 से आगे है।

# संक्षिप्त समाचार

## आयुष शेट्टी को हराकर लक्ष्य सेन ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में, सात्विक चिराग बाहर

**सिडनी।** विश्व चैम्पियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन ने शुक्रवार को यहां हमवतन भारतीय खिलाड़ी आयुष शेट्टी को सीधे गेम में हराकर आस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया लेकिन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष वरीय भारतीय पुरुष जोड़ी आगे बढ़ने में नाकाम रही। सातवीं वरीयता प्राप्त सेन ने 53 मिनट तक चले मुकाबले में 23-21, 21-11 से जीत हासिल कर अंतिम चार में प्रवेश किया, जहां उनका मुकाबला चीनी ताइपे के चोउ तिएन चेन से होगा, जो इस प्रतियोगिता में दूसरी वरीयता प्राप्त हैं। विश्व में नौवें स्थान पर काबिज और 2018 एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता चोउ ने एक घंटे 23 मिनट तक चले मैराथन मुकाबले में फरहान अल्वी को 13-21, 23-21, 21-16 से हराया। अल्वी ने पिछले दौर में भारत के एचएस प्रणय को हराया था। पुरुष युगल में भारत को झटका लगा क्योंकि सात्विक और चिराग को इंडोनेशिया के फजर अल्फियन और मुहम्मद शोहिबुल फिकरी की पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने 21-19, 21-15 से हराकर बाहर का रास्ता दिखा दिया। सेन ने इस वर्ष के शुरू में हांगकांग ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी 20 वर्षीय शेट्टी को हराया था। अल्मोड़ा का रहने वाला यह 26 वर्षीय खिलाड़ी लेकिन इस साल अभी तक कोई खिताब नहीं जीत पाया है। सेन को शुरुआती गेम में शेट्टी को हराने में कठिनाई हुई। वह एक समय 6-9 से पीछे थे, लेकिन उन्होंने 9-10 से पिछड़ने के बाद लगातार चार अंक जीते और 13-10 से बढ़त हासिल कर ली। अमेरिकी ओपन सुपर 300 चैंपियन शेट्टी ने उतार-चढ़ाव भरे मुकाबले में कई बार बढ़त हासिल की, लेकिन आखिर में सेन ने 21-21 से बराबरी कर ली और फिर पहला गेम अपने नाम कर दिया। दूसरा गेम एकतरफा रहा, जिसमें सेन ने शुरुआत में 6-1 की बढ़त बना ली, जो कुछ ही देर में 15-7 हो गई और शेट्टी की चुनौती कमजोर पड़ गई। प्रणय और किदाम्बी श्रीकांत के गुरुवार को बाहर हो जाने के बाद सेन पुरुष एकल में अब एकमात्र भारतीय बचे हैं।

## रबाडा दूसरे टेस्ट से बाहर : बावुमा

**गुवाहाटी।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा भारत के खिलाफ शनिवार से शुरू हो रहा दूसरा टेस्ट नहीं खेल पायेंगे चूंकि वह पसली की चोट से उबर नहीं सके हैं जो उन्हें पहले टेस्ट से पूर्व अभ्यास सत्र में लगी थी । दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा ने कहा ,'' कैगिसो दूसरा टेस्ट नहीं खेल सकेगा । बावुमा ने कहा कि गुवाहाटी की पिच उपमहाद्वीप की आम पिचों की तरह लग रही है जो पहले दो दिन बल्लेबाजों की और बाद में स्पिनरों की मददगार होगी । उन्होंने कहा ,'' यह विकेट ताजा है और कोलकाता की पिच की तुलना में स्थिर होगी । हम सुबह इसका मुआयना करके कैगिसो के विकल्प पर बात करेंगे । उन्होंने कहा ,'' यह उपमहाद्वीप की पिचों की तरह है जिस पर पहले दो दिन बल्लेबाजों को और फिर स्पिनरों को मदद मिलने वाली है । गुवाहाटी में पहली बार टेस्ट मैच खेला जा रहा है ।

## भारत ने एएफसी अंडर 17 एशियाई कप के लिये 23 सदस्यीय टीम का ऐलान किया

**अहमदाबाद।** मुख्य कोच बिबियानो फर्नांडिज ने शुक्रवार को 2026 एएफसी अंडर 17 पुरूष एशियाई कप क्वालीफायर के लिये भारत की 23 सदस्यीय टीम का ऐलान किया। भारत का सामना 22 नवंबर को फलस्तीन से , 26 नवंबर को चीनी ताइपै, 28 नवंबर को लेबनान और 30 नवंबर को ईरान से होगा। ग्रुप के विजेता को अगले साल सउदी अरब में होने वाले टूर्नामेंट में जगह मिलेगी जो कतर में होने वाले फीफा अंडर 17 विश्व कप का क्वालीफायर भी है। भारत टीम : गोलकीपर : मानसज्योति बरूआ, मारूफ शफी, राजरूप सरकार। डिफेंडर : अभिषेक कुमार मंडल, अंकुर राजबाग, इंद्र राणा मागर, कोरोउ एम कोंथूजाम, लामसांगजुआला, मोहम्मद ऐमान बिन, शुभम पूनिया। मिडफील्डर : डी गांगटे, डैनी सिंह , डायमंड सिंह थोकचोम, मुकुंदो सिंह एन, नितिश कुमार एम येंगखोम, टी टाउथांग। फॉरवर्ड : आजिम परवेज नजर, अजलान शाह , जी वांगखेराकपम, एच सेरम, जसीर खान , लेसपिन रेबेलो, रेहान अहमद ।

## इजरायल के साथ एफटीए का रास्ता खुला

**नयी दिल्ली।** भारत और इजरायल के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर जल्द ही वार्ता शुरू होगी। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और इजरायल के उद्योग एवं आर्थिक मामलों के मंत्री नीर बरकत के बीच हुई एक बैठक में एफटीए पर बातचीत की दिशा तय करने के लिए दोनों मंत्रियों ने गुरुवार को एक टर्म ऑफ रिफ्रेंस (टीओआर) पर हस्ताक्षर किये। इजरायल की आधिकारिक यात्रा पर गये श्री गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि अंतिम मुक्त व्यापार समझौते तक पहुंचने के लिए बातचीत को आसान बनाने की दिशा में टीओआर पहला जरूरी कदम है। उन्होंने बताया कि देश की व्यापार, अर्थव्यवस्था और रणनीतिक साझेदारी मज़बूत करने और बढ़ाने के लिए एक संतुलित, विस्तृत और दोनों पक्षों के लिए लाभप्रद एफटीए की तलाश है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मोटे तौर पर सरकार का मकसद द्विपक्षीय व्यापार में विविधता लाना और उसे बढ़ाना है।इसके साथ ही अलग-अलग सहयोग के नये अवसरों की पहचान करके भारत एक बड़ा बाजार बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि भारत ने पिछले कुछ समय में कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते की दिशा में वार्ता तेज कर दी है। ऐसे समय में जब अमेरिका ने मुक्त व्यापार की जगह संरक्षात्मक नीति को अपनाकर वैश्विक व्यापार में भूचाल ला दिया, भारत समेत दुनिया के कई देश अमेरिका से इतर व्यापार को बढ़ावा देने के लिए मुक्त व्यापार की नीति अपना रहे हैं। ब्रिटेन और कनाडा के साथ भारत लगातार बात कर रहा है। अब इजरायल के साथ एफटीए वार्ता का भी मार्ग प्रशस्त हो गया है।

## इंडिगो ने विमानों, इंजनों की खरीद के लिए किया 82 करोड़ डॉलर का आवंटन

**नयी दिल्ली।** निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने विमानों और इंजनों की खरीद के लिए 82 करोड़ डॉलर (लगभग 7,265 करोड़ रुपये) के आवंटन की घोषणा की है। कंपनी ने शुक्रवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि उसने अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली इकाई इंटरग्लोबर एविएशन फाइनेंशियल सर्विसेज आईएफएससी प्राइवेट लिमिटेड (इंडिगो आईएफएससी) में 82 करोड़ डॉलर के पूंजी निवेश को मंजूरी प्रदान की है। यह निवेश मुख्य रूप से इक्विटी शेयरों के माध्यम से किया जायेगा जबकि 0.01 प्रतिशत राशि के लिए निवेश गैर-संग्रहणीय वैकल्पिक रूप से परिवर्तनीय प्राथमिकता के आधार पर भुनाने योग्य शेयर जारी किये जायेंगे। यह निवेश एक या एक से अधिक किस्तों में किया जायेगा।

# एकमात्र मैच में कप्तानी करना सर्वश्रेष्ठ स्थिति नहीं लेकिन मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं: पंत

एजेंसी



गुवाहाटी। आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने शुक्रवार को स्वीकार किया कि एकमात्र टेस्ट में कप्तानी करना सर्वश्रेष्ठ स्थिति नहीं है लेकिन वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शनिवार से यहां शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच की कड़ी चुनौतियों के के बारे में ज्यादा नहीं सोच रहे हैं। इस मैच से पहले नियमित कप्तान शुभमन गिल को चोटिल होने के कारण टीम से रिलीज कर दिया गया था, जिसके बाद पंत को कप्तानी सौंपी गई। पंत ने मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ''एक कप्तान के लिए एकमात्र मैच सबसे अच्छा विकल्प नहीं होता, लेकिन मैं बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) का मुझे यह सम्मान देने के लिए आभार व्यक्त करता हूं। कभी-कभी अगर आप किसी बड़े मौके के बारे में बहुत ज़्यादा सोचते हैं, तो इससे कोई फ़ायदा नहीं होता। उन्होंने कहा, ''मैं ज्यादा सोचना नहीं चाहता। पहला टेस्ट मैच हमारे लिए कठिन था और हमें टेस्ट जीतने के लिए जो भी करना होगा हम वह करेंगे। ईडन गार्डन्स में जीत के बाद दक्षिण अफ्रीका दो मैचों की श्रृंखला में 1-0 से आगे है, जहां पहली पारी में बल्लेबाजी करते समय गिल की गर्दन में अकड़न आ गई थी और उन्हें अस्पताल में भर्ती करना पड़ा था। पंत ने कहा कि टीम प्रबंधन ने पहले ही मैच के लिए गिल के स्थान पर खेलने वाले खिलाड़ी के बारे में फैसला कर लिया है, लेकिन उन्होंने नाम का खुलासा नहीं किया। उन्होंने कहा, ''हमने फैसला कर लिया है कि शुभमन की जगह कौन खेलेगा। जो खिलाड़ी खेलेगा उसे इसके बारे में बता दिया गया है। पंत ने कहा, ''मैं पारंपरिक बने रहना चाहता हूं और साथ ही लीक से हटकर सोचना भी चाहता हूं। मैं अच्छा संतुलन बनाना चाहता हूं। हमें चीजों को सरल रखना होगा और जो टीम बेहतर क्रिकेट खेलेगी, वही जीतेगी। पंत ने महत्वपूर्ण मैच के लिए उपलब्ध रहने के लिए हर संभव प्रयास करने के लिए गिल की सराहना की। उन्होंने कहा, ''शुभमन मैच खेलने के लिए उत्सुक थे। उन्होंने तब भी लचीलापन दिखाया जब शरीर साथ नहीं दे रहा था और खिलाड़ियों से इसी तरह का रवैया आप देखना चाहते हैं। मैं गिल से रोज़ बात करता हूं। मुझे कल शाम को ही पता चला कि मैं इस मैच में कप्तानी करूंगा।''

## दीप्ति, रेणुका समेत 277 खिलाड़ी डब्ल्यूपीएल नीलामी में

नयी दिल्ली। भारत की विश्व कप स्टार दीप्ति शर्मा समेत दुनिया भर के 277 खिलाड़ी यहां 27 नवंबर को महिला प्रीमियर लीग में 73 स्थानों के लिये होने वाली नीलामी का हिस्सा होंगे। नीलामी पूल में शामिल खिलाड़ियों की घोषणा करते हुए डब्ल्यूपीएल की एक विज्ञप्ति में कहा गया कि 19 खिलाड़ियों ने 50 लाख की श्रेणी के लिये, 11 ने 40 लाख और 88 खिलाड़ियों ने 30 लाख की श्रेणी के लिये नाम दिये हैं। इसमें कहा गया कि नीलामी सूची में 194 भारतीय खिलाड़ी हैं जिनमें 52 राष्ट्रीय और 142 घरेलू खिलाड़ी शामिल हैं । वहीं विदेशी खिलाड़ियों में 66 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर और 17 ऐसे क्रिकेटर शामिल हैं जिन्होंने अपने देश के लिये नहीं खेला है। विदेशी खिलाड़ियों के लिये 23 स्थान उपलब्ध है। भारत की करिश्माई हरफनमौला दीप्ति , हरलीन देयोल, प्रतिका रावल, पूजा वस्त्राकर, उमा छेत्री और क्रांति गौड़ 50 लाख वाली श्रेणी में हैं।

# वित्त मंत्री ने इंफ्रास्ट्रक्चर और एनर्जी सेक्टर के एक्सपर्ट्स के साथ की बजट पूर्व बैठक

एजेंसी



नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को नई दिल्ली में इंफ्रास्ट्रक्चर और एनर्जी सेक्टर के एक्सपर्ट्स के साथ 11वीं बजट पूर्व बैठक की अध्यक्षता की। यह बैठक केन्द्रीय बजट 2026-27 के सिलसिले में हुई। केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में विद्युत मंत्रालय, बंदरगाह मंत्रालय, शिपिंग और वाटरवेज, सड़क परिवहन और हाईवे मंत्रालय के सचिव, रेलवे बोर्ड के चेयरमैन और भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी शामिल हुए। यह बैठक मंत्रालय के सालाना स्टेकहोल्डर एंगेजमेंट प्रोसेस का हिस्सा है, जिसमें लेबर बॉडीज केंद्रीय बजट से पहले सैलरी, सोशल सिक्योरिटी, रोजगार पैदा करने और वर्कर वेलफ़ेयर पर अपनी चिंताएं बताती हैं। हाल के दिनों में बैंकिंग, हॉस्पिटैलिटी, आईटी और स्टार्टअप्स जैसे दूसरे सेक्टर्स के रिप्रेजेंटेटिव्स के साथ भी इसी तरह की बजट पूर्व-बजट चर्चाएं हुई हैं।बजट-पूर्व बैठक अनिवार्य रूप से सरकारी वित्त अधिकारियों और वित्त मंत्री द्वारा विभिन्न हितधारकों के साथ अंतिम केंद्रीय बजट तैयार करने और उसे विधानमंडल में प्रस्तुत करने से पहले आयोजित की जाने वाली परामर्श और चर्चा प्रक्रिया है।

# रियल एस्टेट और इंफ्रा निवेश ट्रस्टों में खुदरा निवेश बढ़ाने की जरूरत: सेबी अध्यक्ष

नयी दिल्ली। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के अध्यक्ष तुहीन कांत पांडेय ने रियल एस्टेट निवेश ट्रस्टों (रिट्स) और बुनियादी ढांचा निवेश ट्रस्टों (इनविट्स) में खुदरा निवेश बढ़ाने की जरूरत पर बल देते हुए शुक्रवार को कहा कि ये दोनों तंत्र देश की बुनियादी ढांचा जरूरतों के लिए पैसे जुटाने का अनोखा अवसर प्रदान करते हैं। भारत इनविट्स एसोसिएशन और इंडियन रिट्स एसोसिएशन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री पांडेय ने बताया कि सेबी दोनों इंस्ट्रूमेंट्स में निवेश बढ़ाने के उपाय कर रहा है। इसके लिए वह केंद्रीय वित्त मंत्रालय और राज्य सरकारों के साथ भी चर्चा कर रहा है। उन्होंने एमएससीआई की तरह दूसरे सूचकांकों में इन्हें अधिक से अधिक शामिल करने की जरूरत पर बल दिया। कार्यक्रम में नीति आयोग के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमिताभ कांत ने कहा कि सरकार को परिसंपत्ति प्रबंधन की जिम्मेदारी निभाने की बजाय इनविट्स बनाकर उसके मौद्रीकरण को सरल बनाने पर विचार करना चाहिये। उन्होंने कहा कि भारत के पास रिट्स और इनविट्स मिलाकर एक लाख करोड़ डॉलर यानी लगभग 90 लाख करोड़ रुपये के निवेश तक पहुंचने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में देश में पांच सूचीबद्ध रिट्स और 24 सूचीबद्ध इनविट्स हैं। इनके पास सम्मिलित रूप से 9.25 लाख करोड़ रुपये का निवेश है। इसमें सात लाख करोड़ रुपये का निवेश इनविट्स के पास है। श्री पांडेय ने कहा कि आने वाले समय में देश में सड़क, परिवहन, शहरीकरण, ऊर्जा और विमानन क्षेत्रों में अपार संभावनाएं हैं। वैश्विक स्तर पर जहां सभी सूचीबद्ध रियल एस्टेट परिसंपत्तियों में 57 प्रतिशत रिट्स और इनविट्स का हिस्सा हैं, वहीं भारत में यह महज 12 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि दोनों तंत्र देश में नये हैं और इन्हें बढ़ावा देने के उपाय किये जाने चाहिये। सेबी ने पेंशन फंड नियामक और बीमा नियामकों से उनके द्वारा नियमित इकाइयों को इनविट्स और रिट्स में निवेश के लिए प्रोत्साहित करने की अपील की।

# एसएफआईओ द्वारा जारी नोटिसों पर आसान सत्यापन के लिए होगा क्यूआर कोड

एजेंसी

नयी दिल्ली। गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसएफआईओ) द्वारा जारी नोटिसों पर अब क्यूआर कोड का प्रावधान किया गया है जिसके माध्यम से आसानी से इनका सत्यापन किया जा सकेगा। कंपनीज एक्ट, 2013 के तहत गठित एसएफआईओ इस कानून की धारा 212 के तहत सौंपे गये गंभीर और बड़े कॉर्पोरेट धोखाधड़ी की जांच करता है और उन पर केस चलाता है। जांच के दौरान, नियमों के मुताबिक समन/नोटिस भी जारी किया जाता है। कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि एसएफआईओ ने समन/नोटिस के गलत इस्तेमाल या नकल को रोकने के लिए प्रौद्योगिकी और प्रक्रिया के स्तर पर सुरक्षात्मक उपाय किये हैं। एसएफआईओ द्वारा जारी किये गये समन/नोटिस डिजिटली जेनरेट होते हैं और उनमें एक क्यूआर कोड और एक विशिष्ट दस्तावेज पहचान संख्या (डीआईएन) होता है। कुछ बेहद खास परिस्थितियों को छोड़कर एसएफआई के अधिकारियों को सिर्फ़ डिजिटल तरीके से जेनरेट समन/नोटिस जारी करने का अधिकार है। नोटिस पर मौजूद क्यूआर कोड को स्कैन कर उसकी सत्यता की जांच की जा सकती है। इसके अलावा एजेंसी की वेबसाइट पर जाकर भी पुष्टि की जा सकती है। मंत्रालय की प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि ये सत्यापन तंत्र इसलिए स्थापित किये गये हैं ताकि लोगों को तुरंत भरोसा मिल सके कि उन्हें जो भी नोटिस मिला है वह असली है, और नकल या गलत इस्तेमाल को रोका जा सके। इसके अलावा, निगरानी बढ़ाने के लिए, एसएफआईओ में समन और नोटिस जारी करने पर नजर रखने के लिए एक पारदर्शी बहु-स्तरीय पुनरीक्षण तंत्र मौजूद है।

# केंद्र सरकार ने नीरज मित्तल को पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस सचिव किया नियुक्त

एजेंसी



नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने विभिन्न मंत्रालयों में सचिव स्तर पर प्रशासनिक फ़ेरबदल किए हैं। सरकार ने वरिष्ठ नौकरशाह नीरज मित्तल को पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस सचिव नियुक्त किया है। मित्तल तमिलनाडु कैडर के 1992 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी हैं, जो वर्तमान में दूरसंचार विभाग में सचिव के रूप में कार्यरत हैं। कार्मिक मंत्रालय की ओर से गुरुवार को जारी एक आदेश में कहा गया है कि नीरज मित्तल को पंकज जैन के स्थान पर नियुक्त किया गया है, जिन्हें पहले 8वें केंद्रीय वेतन आयोग के सदस्य सचिव के रूप में नियुक्त किया गया था। औषधि विभाग के सचिव अमित अग्रवाल को नीरज मित्तल के स्थान पर दूरसंचार सचिव नियुक्त किया गया है। मंत्रालय के जारी आदेश के अनुसार पर्यटन सचिव वी विद्यावती अब सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग में सचिव होंगी। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी श्रीवत्स कृष्ण नए पर्यटन सचिव होंगे, जो वर्तमान में अपने कैडर राज्य कर्नाटक में कार्यरत हैं। इसके अलावा भूमि संसाधन विभाग के सचिव मनोज जोशी अग्रवाल के स्थान पर औषधि सचिव होंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय में विशेष सचिव अतीश चंद्रा को कृषि एवं किसान कल्याण विभाग में विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) नियुक्त किया गया है। वह 28 फरवरी, 2026 को देवेश चतुर्वेदी की सेवानिवृत्ति के बाद कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के कृषि और किसान कल्याण विभाग में सचिव का पदभार संभालेंगे। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने वर्तमान में विधि मामलों के विभाग में सचिव के रूप में कार्यरत अंजू राठी राणा को भारत के 23वें विधि आयोग की सदस्य सचिव के रूप में नियुक्ती को मंजूरी दे दी है। विधि एवं न्याय मंत्रालय के विधायी विभाग के सचिव राजीव मणि के कार्यकाल को 9 जनवरी, 2026 से 31 जुलाई, 2028 तक बढ़ाने को भी मंजूरी दे दी है। इसके अलावा एसीसी ने मणि को विधि मामलों के विभाग के सचिव पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपने को भी अपनी मंजूरी दे दी है।

# ईडी ने झारखंड में कोयला कोरोबारियों के 18 ठिकानों पर मारे छापे, करोड़ों की संपत्ति जब्त

एजेंसी

रांची/धनबाद । प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) ने शुक्रवार की सुबह करीब छह बजे कोयला कारोबार से जुड़े झारखंड के कारोबारियों के कुल 18 ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी रांची ने दुमका और धनबाद स्थित कोयला के चर्चित कारोबारी लाल बाबू सिंह (एलबी सिंह) सहित अन्य कोयला कारोबारियों के ठिकानों पर छापेमारी की।

अधिकारिक सूत्रों के अनुसार छापेमारी के दौरान झारखंड के विभिन्न ठिकानों से दो करोड़ रुपये नकद जब्त किये गये हैं। साथ ही 120 से ज्यादा जमीन से जुड़े दस्तावेज मिले हैं। इसके अलावा निवेश से संबंधित दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं। दुमका के अमर मंडल के ठिकानों से जमीन के कारोबार से संबंधित दस्तावेज मिले हैं। वहीं कोयला व्यवसायी अनिल गोयल के घर से ईडी की टीम को व्यापारिक दस्तावेज के अलावा मोबाइल में लेने-देन का विवरण मिला है।

रांची ईडी की टीम को कोयला कारोबारी लाल बाबू सिंह के घर में घुसने में दो घंटे का समय लगा। इस कोरोबारी ने छापेमारी टीम के पहुंचते ही अपे पालतू कुत्तों को खोल दिया, जिसकी वजह से छापेमारी करने पहुंची टीम को दो घंटे तक घर के बाहर खड़ा रहना पड़ा। इस बीच लाल बाबू सिंह के द्वारा डिजिटल डाटा डिलीट कर सबूत मिटाने के आरोप लग रहे हैं।

ईडी कोयला कारोबारी लाल बाबू सिंह के खिलाफ वर्ष 2019 में इसीआईआर दर्ज की थी। इसमें लाल बहादुर सिंह और उसकी कंपनी एम/एस देवप्रभा प्राईवेट को बीसीसीएल से मिले 452.00 करोड़ रुपये के काम में कोयले की हेराफ़ेरी कर 13.00 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया गया था। यह इसीआईआर सीबीआई की ओर से दर्ज एक प्राथमिकी के आधार पर की गयी थी। इसीआईआर दर्ज करने के करीब सात साल बाद ईडी ने लाल बाबू सिंह सहित अन्य के ठिकानों पर छापेमारी शुरू की।




ईडी ने लाल बाबू सिंह व उसके पारिवारिक सदस्यों को छापेमारी के दायरे में शामिल किया है। इसके अलावा संजय खेमका के पारिवारिक सदस्यों के साथ ही अनिल गोयल को भी छापामारी के दायरे में लिया। ईडी की जांच में पाया गया कि इन दोनों ही व्यापारियों ने अपनी व्यापारिक गतिविधियों को चलाने के लिए अलग-अलग कंपनियां बना रखी हैं। इन कंपनियों में संबंधित कोयला व्यापारियों के पारिवारिक सदस्य और करीबी लोगों को निदेशक बनाया गया है। ईडी ने इन कंपनियों को भी छापेमारी के दायरे में शामिल किया है।

धनबाद के चर्चित कोयला कारोबारी लाल बाबू सिंह के ठिकानों पर आयकर विभाग ने वर्ष 2011 में भी छापा मारा था। उस वक्त उसके बैंक खातों में 100 करोड़ रुपये जमा थे। इसकी जानकारी आयकर विभाग को रिटर्न में नहीं दी गयी थी। ईडी ने जांच में पाया कि लाल बाबू सिंह की कंपनी एमएस देवप्रभा को बीसीसीएल ने जीनागोरा कोलियरी से ओवर बर्डन हटाने, कोयला खनन और उसके परिवहन का काम दिया था। इस कंपनी को बीसीसीएल से काम लेने के लिए ज्वाइंटवेंचर के रूप में विकसित किया गया था। इस कंपनी में लाल बाबू सिंह , रंजीत कुमार सिंह के अलावा कुंभ नाथ सिंह निदेशक हैं।

ईडी ने जांच में पाया कि लाल बहादुर सिंह अन्य चार कंपनियों में भी निदेशक है। इन कंपनियों में शिमलाबहाल कोल माइंस,देवप्रभा माइनिंग, एंड इंफ्रा, देवप्रभा कंस्ट्रक्शन और काशी वेलफ़ेयर फाउंडेशन शामिल है।

छापेमारी के दायरे में शामिल किये गये संजय खेमका का कारोबार बीसीसीएल, सीसीएल, एनसीएल में फैला हुआ है। खेमका परिवार एमएस संजय कुमार उद्योग प्राइवेट के सहारे कोल इंडिया की अनुशांगी इकाइयों में अपनी व्यापारिक गतिविधियों को अंजाम देता है। खेमका परिवार की यह कंपनी कोयले के कारोबार के अलावा कोयला खनन और परिवहन में शामिल है। खेमका परिवार ने अपनी व्यापारिक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए एमएस संजय कुमार उद्योग प्राइवेट के अलावा भी दूसरी कंपनियां बना रखी है। इन कंपनियों में एसआर पैकेजर्स, नेक्सजेन सेल एंड सर्विस, सटार सन सप्लायर्स और कोल फिल्ड इक्वूमेंट इक्वीपमेंट्स का नाम शामिल है। इन सभी कंपनियों में संजय खेमका निदेशक हैं।

ईडी की छापेमारी के दायरे में शामिल अनित गोयल भी कोयले के व्यापार से संबंधित है। जांच में पाया गया है कि अनिल गोयल ने अपनी व्यापारिक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए सात कंपनियां बना रखी है। सभी कंपनियों में अनित सहित उनके पारिवारिक सदस्य निदेशक की भूमिका में हैं। कोलकाता ईडी ने कोयला कारोबार से जुड़े लोगों को कुल 20 ठिकानों पर छापेमारी शुरू की। हालांकि, बाद वह बढ़कर 24 ठिकाने हो गए। वहां से लगभग आठ करोड़ नकद सहित भारी मात्रा में जेवरात बरामद किए गए हैं।

# दिल्ली में अटल कैंटीन का शिलान्यास, 25 दिसंबर से शुरू होगी 100 अटल कैंटीन

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को तिमारपुर स्थित संजय बस्ती में 'अटल कैंटीन' का शिलान्यास किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार का संकल्प है कि कोई भी नागरिक भूखा न सोए। इसी लक्ष्य के तहत पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्मदिन 25 दिसंबर को पूरी दिल्ली में 100 अटल कैंटीन शुरू की जाएंगी, जहां जरूरतमंद लोगों को मात्र 5 रुपये में ताजा और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाएगा।

इस कार्यक्रम में सांसद मनोज तिवारी, दिल्ली सरकार के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद, स्थानीय विधायक सूर्य प्रकाश खत्री सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विज़न 'गरीब कल्याण' के अनुरूप जनता की सेवा के लिए समर्पित है। हमारी सरकार के जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता सत्ता का सुख भोगने नहीं बल्कि जनता की सेवा के लिए समर्पित हैं।

मुख्यमंत्री ने राजधानी की झुग्गी बस्तियों की दशकों पुरानी उपेक्षा का उल्लेख करते हुए बताया कि बीते वर्षों में झुग्गी बस्तियों की मूलभूत जरूरतों की ओर पिछली सरकार ने गंभीरता से ध्यान नहीं दिया, लेकिन वर्तमान सरकार ने पहली बार झुग्गी क्षेत्रों के विकास के लिए 700 करोड़ रुपये का विशेष प्रावधान किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि झुग्गी बस्तियों में सड़क, नाली, शौचालय, पार्क, आरोग्य मंदिर और सामुदायिक सुविधाओं का विकास तेजी से किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि हम झुग्गी तोड़ने नहीं बल्कि झुग्गियों में रहने वाले हर परिवार को सम्मानजनक जीवन और सभी सुविधाएं देने के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के विजन के अनुरूप प्रत्येक गरीब परिवार को पक्की छत, शौचालय, रसोई, स्नानघर और गैस सुविधा देने की दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है।

इस अवसर पर शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने कहा कि अटल कैंटीन का यह शिलान्यास समारोह भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धांत को समर्पित है, जिसका उद्देश्य विकास की सुविधा सबसे अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और विकसित दिल्ली के विजन को आगे बढ़ाने की दिशा में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रेरणा स्रोत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के 100वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में 100 अटल कैंटीन 100 करोड़ रुपये के बजट के साथ चलेगी।

सूद ने कहा कि शहर का निर्माण करने वाले मजदूर, माताएं, बहनें और बुजुर्ग, इन्हीं के हाथों से दिल्ली बनी है और उन्हें सम्मानपूर्वक जीवन का अधिकार देना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने आगे कहा कि यह योजना सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं, स्थानीय महिलाओं और गिग वर्कर्स डिलीवरी कर्मियों को स्वच्छ और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के साथ-साथ रोजगार भी प्रदान करेगी।

अटल कैंटीनों की प्रमुख विशेषताएं : दिल्ली में स्थापित की जा रही प्रत्येक अटल कैंटीन में साफ-सुथरा सर्विंग एरिया, शुद्ध पेयजल, स्टेनलेस स्टील की टेबल-कुर्सियां, डिजिटल टोकन सिस्टम, रियल-टाइम सीसीटीवी मॉनिटरिंग, सुरक्षित कचरा प्रबंधन तथा पूरी तरह हाइजीनिक वातावरण जैसी व्यवस्थाएं शामिल होंगी। प्रत्येक कैंटीन में प्रतिदिन दोपहर और रात में ताज़ा एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। भोजन की गुणवत्ता की जांच भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण द्वारा, कर्मचारियों के स्वास्थ्य प्रमाणपत्र और अन्य मानकों का पालन अनिवार्य रूप से किया जाएगा।

## मप्र के सागर जिले में मस्जिद की जमीन में खुदाई के दौरान निकली भगवान राम की मूर्ति

बुलायासागर । मध्य प्रदेश के सागर जिले में बंडा तहसील अंतर्गत ग्राम पापेट में शुक्रवार को मस्जिद की जमीन पर बाउंड्रीवॉल की खुदाई के दौरान एक प्राचीन मूर्ति निकली। उक्त मूर्ति भगवान राम और माता सीता की होना बताई जा रही है। पयह सूचना मिलते ही हिंदू संगठन के लोग ग्राम पापेट पहुंच गए और उन्होंने मूर्ति की पूजा-अर्चना की। इसी बीच कुछ देर बाद मुस्लिम समाज के लोग भी वहां पहुंच गए और दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। गांव में भीड़ देखकर सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल पहुंच गया है। लोगों को समझाइश देकर शांत करा गया? है। पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने मामले में पुरातत्व विभाग को सूचना देकर मौके पर बुलाया है। मूर्ति की जांच कराई जाएगी?। जांच के बाद मूर्ति कब की है और किसकी है, यह स्पष्ट हो सकेगा। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में स्थित मस्जिद परिसर में कमरों के पुनर्निर्माण का काम चल रहा है। परिसर में खुदाई चल रही थी?।

# युवा रचना शक्ति दुनिया को सुनाएगी भारत की अनकही कहानियां

एजेंसी

पणजी। भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) में भाग ले रहे लगभग 130 युवा लघु फिल्म निर्माताओं को रचनात्मक और उद्देश्यपूर्ण सिनेमा के भविष्य की आशा मान कर प्रेरित किया जा रहा है और उन्हें भारत की अनकही गाथाओं को मूर्त रूप देने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। फिल्म महोत्सव के दूसरे दिन की शुरुआत पणजी की कला अकादमी में क्रिएटिव माइन्ड्स आफ टुमॉरो (सीएमओटी) सत्र में सूचना एवं प्रसारण राज्यमंत्री एल मुरुगन, सूचना प्रसारण सचिव संजय जाजू, राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम के प्रबंध निदेशक और शॉर्ट्स टीवी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कार्टर पिल्चर मौजूद थे। देशभर से आए शार्ट फिल्म बनाने वाले 130 युवाओं की पांच टीमें मौजूद थीं। सत्र का उद्घाटन करते हुए मुरुगन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विज़न के अनुरूप जब युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की पहल शुरू हुई तो बहुत कम लोग आगे आए थे। आज युवाओं की एक हजार से ज्यादा प्रविष्टियां आयीं हैं और 125 रचनाओं को चुना गया है। उन्होंने कहा कि ये ही नये रचनाकार भारत के भविष्य के सिनेमा की बुनियाद बनेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2047 में विकसित भारत का लक्ष्य रखा है। ये युवा फिल्मकार भारत को सिने जगत में अग्रणी बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि भारत इतिहास से ही कथाओं कहानियों का देश रहा है। यहां लाखों कहानियां बिखरीं पड़ीं हैं। अभी तक कुछ सौ कहानियां ही कही गईं हैं। अनकही कहानियां ये युवा फिल्मकार कहें तो भारतीय सिनेमा कहां से कहां पहुंच जाएगा। मुरुगन ने प्रतिभागियों से 48 घंटे की गहन फिल्म निर्माण चुनौती का सामना करने का आग्रह करते हुए कहा, ''ये उच्च दबाव वाले अनुभव आपके कौशल को तेज करते हैं और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं। उन्होंने मुंबई में नए शुरू किए गए भारतीय क्रिएटिव टेक्नोलॉजीज संस्थान सहित प्रमुख सरकारी पहलों पर भी प्रकाश डाला, जिसे प्रतिभा का पोषण करने, भारत के रचनात्मक पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने और ऑरेंज अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो एक जीवंत, नवाचार-संचालित रचनात्मक क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप है। संजय जाजू ने चयनित युवाओं को बधाई देते हुए उनके समावेश को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उनके उत्साह की प्रशंसा करते हुए उन्होंने पिछले साल की चुनौती में निर्मित असाधारण फिल्मों को याद किया, जिसमें अंतिम शोकेस को ''लगभग ऑस्कर जैसा'' बताया गया।

# पेज एक का शेष

## दुनिया ...

में जहां उपयोगी भूमिका का निर्वहन कर रही है, वहीं इसके द्वारा उत्पन्न अभूतपूर्व कानूनी चुनौतियां भी हम सभी के सामने खड़ी हुई हैं, जिसमें साइबर क्राइम, डेटा चोरी और अन्य समस्याएं प्रमुख हैं। ऐसे अस्थिर समय में न्याय, नैतिकता और अंतरराष्ट्रीय कानून विश्व शांति और मानव सभ्यता के लिए बड़ी लकीर खींचने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सकते हैं।

मॉडल यूनाइटेड नेशन के सत्र का हुआ संचालन

कार्यक्रम की शुरुआत में सीएमएस परिसर में बच्चों ने बैंड धुन के माध्यम से अतिथियों का स्वागत किया। मुख्यमंत्री योगी ने छात्र-छात्राओं से इंटरैक्ट कर उन्हें आशीर्वाद भी दिया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र की शुरुआत गोमती नगर एक्सटेंशन ब्रांच के स्टूडेंट्स ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम् की प्रस्तुति से की। साथ ही वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना को प्रदर्शित किया गया।

कार्यक्रम में सीएमएस की निदेशक तथा आईसीसीजेडब्ल्यू की कन्वीनर प्रो. सुनीता गांधी किंगडम ने जोर दिया कि भारत की वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना में ही विश्व का कल्याण निहित है। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने मार्टिन लूथर किंग, व्हिना कूपर, नेल्सन मंडेला तथा मदर टेरेसा जैसी कई महान विभूतियों की ओर से विश्व के कल्याण की कामना की। कार्यक्रम में सीएमएस की संस्थापक निदेशक डॉ. भारती गांधी, सिटी मॉन्टेसरी स्कूल के अध्यक्ष डॉ. रोजर किंगडम, भारत के अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला तथा विभिन्न देशों से आए मुख्य, उप मुख्य न्यायाधीश समेत डेलिगेट्स उपस्थित रहे।

## एक साल...

करने के लिए अलग से एक फंड तैयार किया जाएगा। यह राशि छंटनी के 45 दिनों के भीतर श्रमिक के खाते में जमा कर दी जाएगी। वर्क फ्रॉम होम यानी घर से काम का प्रावधान भी है। यह पारस्परिक सहमति से सर्विस सेक्टर में अनुमति दी गई है।

सामाजिक सुरक्षा पर संहिता, 2020

कर्मचारी राज्य बीमा यानी ईएसआईसी अब अखिल भारतीय स्तर पर लागू होगा। 10 से कम कर्मचारियों वाले प्रतिष्ठान नियोक्ता और कर्मचारियों की आपसी सहमति से स्वेच्छा से इसमें शामिल हो सकते हैं। खतरनाक व्यवसायों के लिए कवरेज अनिवार्य होगा और इसे बागान श्रमिकों तक बढ़ाया जाएगा। वहीं, कर्मचारी भविष्य निधि यानी ईपीएफ जांच और वसूली कार्यवाही शुरू करने के लिए 5 साल की समय सीमा निर्धारित की गई है, जिसे दो साल के भीतर पूरा करना होगा। मामलों को स्वतः संज्ञान से फिर से खोलने को समाप्त कर दिया गया है, जिससे समय पर समाधान सुनिश्चित होता है। ईपीएफओ के आदेशों के विरुद्ध अपील करने वाले नियोक्ताओं को अब आकलन की गई राशि का केवल 25% जमा करना होगा।

असंगठित, गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों के लिए जीवन, विकलांगता, स्वास्थ्य और वृद्धावस्था लाभों को कवर करने वाली योजनाओं के वित्तपोषण के लिए एक फंड प्रस्तावित की गई है। कवरेज को मातृ दादा-दादी तक बढ़ाया गया है और महिला कर्मचारियों के मामले में इसमें आश्रित सास-ससुर भी शामिल हैं, जिससे पारिवारिक लाभों तक पहुंच व्यापक होती है। घर और कार्यस्थल के बीच यात्रा के दौरान होने वाली दुर्घटनाओं को अब रोजगार-संबंधित माना जाता है, जो मुआवजे के लिए योग्य बनाती हैं।

कामकाजी सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं सेवा शर्तें संहिता 2020

सरकार इस संहिता के प्रावधानों को एक भी कर्मचारी वाले किसी भी प्रतिष्ठान तक बढ़ा सकती है, बशर्ते वह प्रतिष्ठान खतरनाक या जीवन-घातक व्यवसायों में लगा हो। प्रतिष्ठानों के लिए एक लाइसेंस, एक पंजीकरण और एक रिटर्न का ढांचा पेश किया गया है, जिससे अनावश्यकता और अनुपालन का बोझ कम होता है। वहीं, राज्य प्रवासी श्रमिकों की परिभाषा में अब वे श्रमिक शामिल हैं जो सीधे, ठेकेदारों के माध्यम से नियोजित हैं, या अपने आप प्रवास करते हैं। कर्मचारियों के लिए मुफ्त वार्षिक स्वास्थ्य जांच की सुविधा मिलेगी। महिलाएं सभी प्रकार के प्रतिष्ठानों में और रात के घंटों (सुबह 6 बजे से पहले, शाम 7 बजे के बाद) में सहमति और सुरक्षा उपायों के साथ काम कर सकती हैं। सामान्य कार्य के घंटे 8 घंटे/दिन और 48 घंटे/सप्ताह तक सीमित हैं। ओवरटाइम की अनुमति श्रमिक की सहमति से दी जाएगी और इसका भुगतान दोगुना किया जाएगा।

## श्रम संहिता...

सुधारों में से एक है। यह हमारे वर्कर्स को बहुत मज़बूत बनाता है। यह कम्प्लायंस को भी काफी आसान बनाता है और 'ईज़ ऑफ़ डूइंग बिज़नेस' को बढ़ावा देता है।''

उल्लेखनीय है कि केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने कहा है कि चार श्रम संहिताएं-वेतन संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्यदशा संहिता 2020 आज से प्रभावी होंगी। इनके लागू होने से 29 मौजूदा श्रम कानूनों में बदलाव होगा जिससे श्रमिकों के कल्याण को बढ़ावा मिलेगा।

## बांग्लादेश...

की कि मृतकों में एक मेडिकल छात्र शामिल है, जो मांस खरीदने के लिए अपनी मां के साथ वहां गया था। उन्होंने बताया कि मेडिकल छात्र की मां गंभीर रूप से घायल हो गई और उसकी तत्काल सर्जरी करनी पड़ी। स्थानीय मीडिया की खबरों के अनुसार, ढाका में जान गंवाने वाले तीन लोगों में आठ साल का एक बच्चा शामिल है, जिसकी पहचान अभी नहीं हो सकी है। अधिकारियों के मुताबिक, चौथी मौत नारायणगंज में हुई, जहां एक नवजात बच्ची ने उस समय मलबे की चपेट में आकर दम तोड़ दिया, जब उसकी मां उसे गोद में लेकर एक दीवार के पास से गुजर रही थी, जो भूकंप के कारण ढह गई। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप के बाद पुराने ढाका में स्थित सुतरापुर के स्वामीबाग इलाके में स्थित आठ-मंजिला एक इमारत के पास की दूसरी इमारत पर झुक जाने की खबर मिली, जबकि कालाबागान क्षेत्र में सात-मंजिला एक इमारत झुकी हुई दिखाई दी। हालांकि, अग्निशमन अधिकारियों ने बताया कि यह इमारत संरचनात्मक रूप से सुरक्षित है। ढाका के आलीशान बरिधारा इलाके में भूकंप के झटके के तुरंत बाद एक घर में आग लग गई, लेकिन दमकल कर्मी यह पुष्टि नहीं कर सके कि इसका संबंध भूकंप से था या नहीं। ढाका से सटे मुंशीगंज के गजारिया इलाके में भी एक आवासीय इमारत में आग लगने की खबर मिली, जहां दमकलकर्मियों ने तुरंत पहुंचकर आग पर काबू पाया। 'प्रथम आलो' अखबार के अनुसार, भूकंप के कारण ढाका के आसपास के तीन जिलों में 50 से अधिक लोग घायल हो गए। विशेषज्ञों का कहना है कि बांग्लादेश में बड़े भूकंप का खतरा लंबे समय से बना हुआ है, क्योंकि वह सक्रिय टेक्टोनिक प्लेट सीमाओं पर स्थित है। बांग्लादेश इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (बीयूईटी) के भूकंप विशेषज्ञ प्रोफ़ेसर मेहेदी अहमद अंसारी ने कहा कि छह तीव्रता वाला भूकंप देश में अधिकांश संरचनाओं को ध्वस्त कर सकता है। उन्होंने कहा, ह्लशुक्रवार को आया भूकंप बांग्लादेश के लिए खतरे की घंटी है।

## देश ...

संदेश दिया है कि भारत की सीमाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि 2013 बीएसएफ जवानों ने अपने प्राणों की सर्वोच्च आहुति देकर देश की सीमाओं को सुरक्षित रखा है। आतंकवाद, नक्सलवाद, आपदा प्रबंधन और संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में भी बीएसएफ ने हमेशा अग्रिम पंक्ति में काम किया है। उन्होंने कहा कि आज बीएसएफ 193 बटालियनों और 2.76 लाख से अधिक जवानों के साथ पाकिस्तान से सटी 2,279 किमी और बांग्लादेश से लगी 4,096 किमी लंबी सीमा की चौकसी कर रही है। शाह ने कहा कि जल, थल और गगन–तीनों क्षेत्रों की सुरक्षा में बीएसएफ का योगदान अद्वितीय है।

गृहमंत्री ने कच्छ की जनता के साहस को याद करते हुए कहा कि प्रतिकूल परिस्थितियों में भी इस क्षेत्र ने देश की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि कच्छ की जनता ने युद्धों और भूकंप जैसी कठिन परिस्थितियों से उबरते हुए क्षेत्र को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।

शाह ने हाल के आतंकवादी हमलों का उल्लेख करते हुए कहा कि पाकिस्तान प्रेरित आतंकवादियों ने पहलगाम में पर्यटकों पर कायराना हमला किया था। प्रधानमंत्री के निर्देश पर 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया गया, जिसमें जैश-ए-मोहम्मद, हिज्बुल मुजाहिदीन और लश्कर-ए-तैयबा के नौ प्रमुख ठिकानों को नष्ट किया गया। इस कार्रवाई के दौरान सब-इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज अहमद और सिपाही दीपक ने सर्वोच्च बलिदान दिया, जिन्हें पूरा देश सदैव याद रखेगा।

गृहमंत्री ने कहा कि सुरक्षा बलों के पराक्रम के चलते देश 31 मार्च 2026 तक पूरी तरह नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा। उन्होंने बताया कि बीएसएफ ने छत्तीसगढ़ में 127 माओवादियों का आत्मसमर्पण कराया, 73 को गिरफ्तार किया और 22 को मार गिराया। उन्होंने कहा कि 'तिरुपति से पशुपति' तक फैलने के नक्सली सपने का अंत निश्चित है और उन क्षेत्रों में तेजी से विकास सुनिश्चित किया जाएगा।

शाह ने बताया कि वर्ष 2025 में अब तक बीएसएफ ने 18 हजार किलोग्राम से अधिक ड्रग्स जब्त किए हैं। इसे उन्होंने ऐतिहासिक उपलब्धि बताया और कहा कि देश को नशे के जाल से मुक्त करने में बीएसएफ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

गृहमंत्री ने कहा कि सीमा पर अभेद्य फेंसिंग के अधिकांश ट्रायल पूरे हो चुके हैं और जल्द ही 'ई-बॉर्डर सिक्योरिटी' का कॉन्सेप्ट लागू किया जाएगा। अगले पांच वर्षों में पूरी भू-सीमा को ई-सुरक्षा के मजबूत घेरे में लाने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि समुद्री सुरक्षा को सशक्त बनाने के लिए ओखा में देश की पहली नेशनल एकेडमी फॉर कोस्टल पुलिसिंग (एनएसीपी) स्थापित की गई है, जिसका संचालन बीएसएफ के हाथों में है।

शाह ने कहा कि जवानों के स्वास्थ्य, आवास और ड्यूटी घंटों में सुधार के लिए कई क्रांतिकारी कदम उठाए गए हैं। आने वाले दो वर्ष बीएसएफ के आधुनिकीकरण और जवानों के परिवारों के कल्याण को पूरी तरह समर्पित होंगे।

अमित शाह ने बताया कि समारोह में बीएसएफ के वीर जवानों को पुलिस मेडल फॉर गैलेंट्री (मरणोपरांत), आठ प्रेसिडेंट्स मेडल और कई ट्रॉफियां प्रदान की गईं। बल की हीरक जयंती के उपलक्ष्य में एक स्मारक डाक टिकट भी जारी किया गया। समारोह में गुजरात के उप मुख्यमंत्री हर्ष संघवी और बीएसएफ के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

## कर्नाटक...

एवं संगठन पूरी तरह एकजुट हैं।

उल्लेखनीय है कि भाजपा नेताओं ने पिछले कुछ दिनों में कर्नाटक कांग्रेस सरकार में मुख्यमंत्री पद को लेकर खींचतान के दावे किए हैं। हबल्ली में भाजपा नेता महेश तेंगनकाई ने कहा कि मामला कांग्रेस का आंतरिक है, लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स से संकेत मिल रहा है कि पार्टी में गंभीर संकट पैदा हो सकता है। उन्होंने दावा किया कि नवंबर के अंत तक कांग्रेस में बड़ा बवाल संभव है। धारवाड़ में भाजपा के उपनेता विपक्ष अरविंद बेलाड ने भी आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डी.के. शिवकुमार के बीच खींचतान जारी है। बेलाड का दावा है कि सिद्धारमैया, शिवकुमार के प्रभाव को संतुलित करने के लिए सतीश जरकिहोली और जी. परमेश्वर को आगे बढ़ाना चाहते थे। उन्होंने यह भी जोड़ा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम भी अब संभावित दावेदारों में शामिल किया जा रहा है, क्योंकि वे लंबे समय से पार्टी की सेवा कर रहे हैं और राज्य की कमान चाहते हैं। --

## दुबई...

सिक्योरिटी फोर्स ने दुबई एयरशो में आए सभी विज़िटर्स को तुरंत बाहर निकालना शुरू कर दिया।रेस्क्यू और फायरफाइटिंग टीमों को हादसे वाली जगह पर तैनात किया गया है।

दुर्घटना के बाद भारतीय वायु सेना ने पायलट की मौत होने की पुष्टि करते हुए एक बयान में कहा, ''आज दुबई एयर शो में एरियल डिस्प्ले के दौरान वायु सेना के तेजस एयरक्राफ्ट का एक्सीडेंट हो गया। एक्सीडेंट में पायलट को जानलेवा चोटें आईं। वायु सेना को जान के नुकसान पर गहरा दुख है और वह इस दुख की घड़ी में दुखी परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है। एक्सीडेंट का कारण पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी बनाई जा रही है।''

चीफ डिफ़ेन्स ऑफ़ स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और इंडियन आर्म्ड फोर्सेज़ के सभी रैंक ने आज दुबई एयर शो में एरियल डिस्प्ले के दौरान वायु सेना के तेजस एयरक्राफ्ट के एक्सीडेंट होने की घटना पर बहुत दुख जताया है। उन्होंने कहा कि हमें पायलट की जान के नुकसान पर बहुत दुख है और हम इस दुख की घड़ी में दुखी परिवार के साथ मजबूती से खड़े हैं।

तेजस क्रैश होने की ये दूसरी घटना है। इससे पहले राजस्थान के पोखरण में 2024 में इंजन फ़ेल होने से तेजस क्रैश हुआ था।

## एकता...

गए मुद्दों पर उन्होंने भरोसा दिलाया, ह्लआपके मुद्दे हम सबके मुद्दे हैं।ङ्क संघ प्रमुख भागवत ने कहा कि औपनिवेशिक नीतियों ने कई क्षेत्रीय विभाजनों की नींव रखी, जिन्हें संवाद और संवैधानिक ढांचे के भीतर ही हल किया जाना चाहिए। उन्होंने संघ के पंच परिवर्तन- सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वबोध और नागरिक कर्तव्य का उल्लेख करते हुए जनजातीय समुदायों से अपनी परंपराओं, भाषाओं और स्वदेशी जीवन शैली को गर्व के साथ अपनाने का आह्वान किया। डॉ. भागवत ने कहा कि आज विश्व भारत की ओर मार्गदर्शन के लिए देख रहा है। हमें एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण करना है और संघ इसी दिशा में कार्यरत है। डॉ. भागवत ने कहा कि भारत एक प्राचीन राष्ट्र-सभ्यता है, जिसकी झलक रामायण, महाभारत से लेकर ब्रह्मदेश और वर्तमान अफगानिस्तान तक मिलती है। उन्होंने कहा कि हिंदू सभ्यता स्वीकार्यता, परस्पर सम्मान और साझा चेतना पर आधारित है। उन्होंने युवाओं से सांस्कृतिक आत्मविश्वास के साथ नेतृत्व करने, परिवार और मूल्यों को प्राथमिकता देने तथा पश्चिमी भौतिकतावाद और अतिवादी व्यक्तिवाद से सावधान रहने की अपील की। उन्होंने युवाओं से आग्रह करते हुए कहा कि जब भारत उठेगा, तब ही विश्व उठेगा।कार्यक्रम के बाद भास्कर प्रभा परिसर में पारंपरिक मणिपुरी भोजन का आयोजन किया गया। इस दौरान 200 से अधिक जनजातीय प्रतिनिधियों ने सम्मिलित होकर सामाजिक समरसता का उदाहरण प्रस्तुत किया। जनजातीय नेतृत्व संवाद और सामूहिक भोज का यह आयोजन ह्लएक भारत, श्रेष्ठ भारतङ्क की भावना को साकार करते हुए संपन्न हुआ।

# मुख्यमंत्री का ऐलान- रुड़की का ईदगाह चौक अब शहीद चौक के नाम से जाना जाएगा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रुड़की में स्थित जीवनदीप आश्रम में आयोजित पांच दिवसीय महोत्सव कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने पद्म विभूषित शंकराचार्य स्वामी सत्यमित्रानंद गिरी सभागार का लोकार्पण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्वामी यतींद्रानंद की लिखित पुस्तक का विमोचन भी किया।



सुनहरा स्थित नन्द विहार कॉलोनी में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए संतों का आशीर्वाद और सहयोग जरूरी है। उन्होंने कहा कि जीवनदीप आश्रम सेवा न्यास पिछले कई वर्षों से मानव उत्थान के लिए कार्य कर रहा हैं। उन्होंने कहा कि इस आश्रम के प्रत्येक आयोजन में अध्यात्म और समाजसेवा का समन्वय दिखाई देता है। आश्रम में जहां शतचंडी यज्ञ का आयोजन हो रहा है तो वहीं पांच कन्याओं का विवाह किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सनातन संस्कृति की पताका संपूर्ण विश्व में फहरा रही है। हमारी सरकार देव भूमि उत्तराखंड के डेमोग्राफी और सांस्कृतिक मूल्यों को सुरक्षित रखने के लिए संकल्पित होकर काम कर रही है। इसके लिए हमारी सरकार ने कई नए कानून लागू किये है, जिहादी मानसिकता के थूक जिहाद, लव जिहाद, लैंड जिहाद सभी के विरुद्ध हमारी सरकार ने कार्रवाई की गई है व 10 हजार से ज्यादा की भूमि को लैंड जिहादियों के कब्जे से मुक्त कराया है। उन्होंने कहा कि सरकार सभी नागरिकों के अधिकारों को सुनिश्चित करते हुए समान नागरिक संहिता लागू की है। युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों पर अंकुश लगाने के लिए हमने प्रदेश में सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया है। 26 हजार युवाओं को रोजगार प्रदान किया गया है। राज्य में कुछ लोग मदरसों के नाम पर बच्चों को बरगलाने का काम कर रहे थे जिस पर हमने कार्रवाई कर ढाई सौ मदरसों को बंद करके मदरसा बोर्ड को समाप्त करने का काम भी सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में वेश बदल कर सनातन धर्म को बदनाम करने का कार्य करने वालों के विरुद्ध ऑपरेशन कालनेमि चलाकर उन पर अंकुश लगाने का काम जारी है। वर्ष 2027 में कुंभ के आयोजन को दिव्य और भव्य बनाने के लिए हमारी सरकार निरंतर प्रयासरत है, जिसके लिए युद्ध स्तर पर संतो के मार्गदर्शन में कार्य आरंभ कर दिए गए हैं।

# उच्च शिक्षा मंत्री के लिए सोशल मीडिया पर भ्रामक न्यूज फैलाने वालों पर हो कड़ी कार्रवाई: रवीन्द्र पुरी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। एसएमजेएन महाविद्यालय में आज उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत से संबंधित सोशल मीडिया पर प्रसारित भ्रामक न्यूज के संदर्भ में निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। प्राचार्य प्रोफ़ेसर सुनील कुमार बत्रा की अध्यक्षता में हुई बैठक में महाविद्यालय के प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्रीमंहत रवींद्रपुरी महाराज ने कहा कि उच्च शिक्षा मंत्री और स्वास्थ्य मंत्री के विरुद्ध इस प्रकार से भ्रामक न्यूज फैलाने वाले व्यक्ति अथवा समूहों पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने सोशल मीडिया पर प्रेषित इस प्रकार की फ़ेक न्यूज को लोकतंत्र के लिए वास्तविक खतरा बताया। प्राचार्य सुनील बत्रा ने बताया कि फ़ेसबुक के माध्यम से किसी अज्ञात व्यक्ति ने उच्च शिक्षा मंत्री के बारे में भ्रामक तथ्यहीन पोस्ट प्रसारित की है। उन्होंने कहा कि बैठक में उक्त भ्रामक प्रचार फैलाने वाले व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई का प्रस्ताव पारित किया। बैठक में सरकार से सोशल मीडिया पर इस प्रकार की फ़ेक न्यूज पर प्रतिबंध लगाने और आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के जरिये भ्रामक चित्र या वीडियो बनाने पर प्रतिबंध की मांग की। बैठक में डॉ संजय माहेश्वरी,प्रोफ़ेसर जेसी आर्य, विनय थपलियाल, डॉक्टर सरोज शर्मा, डॉक्टर यादवेंद्र सिंह, डॉ लता शर्मा और डॉक्टर रिचा मिनोचा आदि शामिल रहे।

# पंजाब-हरियाणा उच्च न्यायालय ने सरकार को अमृतपाल की पैरोल याचिका पर कार्रवाई करने का दिया निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब-हरियाणा उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को पंजाब सरकार को खडूर साहिब से सांसद अमृतपाल सिंह की पैरोल याचिका पर एक सप्ताह के भीतर निर्णय लेने का निर्देश दिया। न्यायालय ने इस बात पर ज़ोर दिया कि संसद का शीतकालीन सत्र एक से 19 दिसंबर तक निर्धारित है और सरकार को बिना किसी देरी के जवाब देना चाहिए। राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत असम के डिब्रूगढ़ केंद्रीय कारागार में बंद अमृतपाल सिंह ने संसदीय कार्यवाही में भाग लेने के लिए अस्थायी रिहाई की मांग की है। उनकी याचिका में प्रस्ताव दिया गया है कि या तो सदन में उनकी व्यक्तिगत उपस्थिति की व्यवस्था की जाए या फिर उनकी भागीदारी को सुगम बनाने के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। सुनवाई के दौरान पीठ ने पहले सवाल किया था कि हिरासत आदेश लागू रहने के दौरान हिरासत में लिया गया व्यक्ति संसद में कैसे उपस्थित हो सकता है। अमृतपाल के वकील ने तर्क दिया कि यह याचिका धारा 15 के तहत राहत तक सीमित है, जो हिरासत वैध रहने पर भी अस्थायी पैरोल की अनुमति देती है। वकील इमान सिंह खारा के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया है कि अमृतपाल अप्रैल 2023 से निवारक हिरासत में हैं। इसके बावजूद उन्होंने 2024 का आम चुनाव खडूर साहिब से लड़ा और लगभग चार लाख वोटों से जीत हासिल की। याचिका में इस बात पर ज़ोर दिया गया है कि वह लगभग 19 लाख मतदाताओं का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिससे संसद में उनकी उपस्थिति जनहित का विषय बन जाती है। याचिका में आगे कहा गया है कि उनके खिलाफ तीसरा हिरासत आदेश 17 अप्रैल, 2024 को जारी किया गया था और बाद में जून में एक सलाहकार बोर्ड ने इसे बरकरार रखा था।

# वैदिक दर्शन में एकत्व और विविधता दोनों स्वाभाविक हैं: साध्वी प्राची

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय के कन्या गुरुकुल परिसर के आचार्य रामदेव सभागार में तीन दिवसीय तुरीय दर्शनिकोत्सव का दूसरा दिन दार्शनिक विमर्श और रचनात्मक प्रस्तुतियों के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. साध्वी प्राची, दार्शनिक एवं राष्ट्रवादी विचारक, एवं अन्य उपस्थित सम्मानित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं शोध छात्राओं द्वारा कुलगीत गायन के द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रो. सोहनपाल सिंह आर्य, पूर्व अध्यक्ष दर्शनशास्त्र विभाग, प्रो. ब्रह्मदेव विद्यालंकार, अध्यक्ष संस्कृत विभाग, कन्या गुरुकुल परिसर की प्रभारी प्रो. सुरेखा राणा, प्रो. नमिता जोशी, डॉ. मंजूषा कौशिक, डॉ. अंजलि गोयल, डॉ. बिंदु अरोरा, डॉ. दीपा गुप्ता, डॉ. रेखा मलिक, डॉ. शालिनी आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही। सर्वप्रथम विषय का प्रवर्तन करते हुए डॉ. सोहनपाल सिंह आर्य ने गुरुकुल कांगड़ी की पृष्ठभूमि में निहित उसकी अवधारणा एवं



ऐतिहासिक विकास पर प्रकाश डालते हुए प्रश्न पूछने को दर्शन की मौलिक विधि के रूप में व्याख्यायित किया। प्रो. सुरेखा राणा ने जीवन के समग्र विकास में अच्छे विचार, अच्छे कर्मों की केंद्रीय भूमिका को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि दर्शन ही वह विषय है जो हमे बात सकता है कि सही विचारों एवं कर्मों का चुनाव कैसे किया जाए। प्रो. ब्रह्मदेव ने चिन्तन एवं मनन को मनुष्यता का मूल गुण बताते हुए कहा हमें अपनी प्रवृत्तियों का शोधन करना होगा। तभी हमें अपने निज स्वरूप का दर्शन होगा। उन्होंने सभी को ध्यान का महत्व बताते हुए प्रातः स ध्यान करने का अनुरोध किया। मुख्य वक्ता डॉ. साध्वी प्राची ने विश्व समरसता हेतु वैदिक दार्शनिक मान्यताएं विषय पर व्याख्यान में जीवन-दर्शन, वैदिक संस्कृति और नारी-चेतना की ऐतिहासिक भूमिका पर प्रेरक विचार प्रस्तुत किए। अपने जीवन संघर्षों को याद करते हुए उन्होंने बताया कि किस प्रकार गुरुकुलों की स्थापना ही देश और समाज की उन्नति का मार्ग प्रशस्त कर सकती है। वैश्विक समस्याओं का विश्लेषण करते हुए उन्होंने कहा कि विश्व शांति केवल वेद, ज्ञान एवं दर्शन के माध्यम से ही सम्भव है। मानवता को उन्होंने दर्शन का अंतिम परिपाक बताते हुए सभी छात्राओं से जीवन मे सदैव मानवता का पालन करने की अपील की। उन्होंने वेदों में वर्णित ऋत, धर्म, सत्य के सिद्धांतों को वैश्विक समरसता के संदर्भ में विश्लेषित करते हुए कहा कहा कि वैदिक दर्शन में एकत्व और विविधता दोनों स्वाभाविक हैं एवं वैश्विक शांति का आधार सत्य की खोज और कर्तव्य का पालन है। उन्होंने यह भी बताया कि समरसता तभी संभव है जब मनुष्य अपनी आत्मा, समाज और प्रकृतिकृतीनों के प्रति उत्तरदायी बने। इस अवसर पर छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर डॉ. बबलू वेदालंकार, डॉ. भारत वेदालंकार, डॉ. विपिन बालियान, डॉ. मीरा त्यागी, डॉ. आशीष कुमार एवं शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# पानी भरने को लेकर विवाद में पिता-पुत्र पर चाकू से हमला, आरोपित गिरफ्तार

नई दिल्ली। उत्तर-पश्चिम जिले के आदर्श नगर इलाके में पानी भरने को लेकर हुए विवाद में पिताऽपुत्र पर जानलेवा हमला करने के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान चंदन कुमार (25) के रूप में हुई है। जबकि आरोपित का भाई करन अभी भी फरार है। पुलिस फरार आरोपित की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है। उत्तर-पश्चिम जिले के पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने शुक्रवार को बताया कि शिकायतकर्ता लाल बाबू शाह (40) ने पुलिस को बताया कि वह लाल बाग, आजादपुर स्थित एक झुग्गी में किराए पर रहते हैं। 19 नवंबर की रात करीब 8:40 बजे वह टॉयलेट जा रहे थे, तभी उन्होंने देखा कि पड़ोस में रहने वाली गीता देवी घर के बाहर पानी भर रही थी। जिससे उनके तीसरी मंजिल के मोटर तक पानी की सप्लाई प्रभावित हो रही थी। बात सुनते ही गीता देवी का बेटा करन और थोड़ी देर बाद उसका भाई चंदन दोनों चाकू लेकर लाल बाबू के कमरे तक पहुंचे और उन पर और उनके बेटे दीप नारायण पर हमला कर दिया।

# पंजाब रोज़गार सृजन, कौशल विकास एवं प्रशिक्षण मंत्री अमन अरोड़ा आज करेंगे आवासीय ब्लॉक का उद्घाटन

मोहाली। पंजाब के रोज़गार सृजन कौशल विकास एवं प्रशिक्षण मंत्री अमन अरोड़ा आज माई भगो आर्म्ड फोर्सेज प्रिपरेटरी इंस्टीट्यूट, सेक्टर-66, मोहाली में नए आवासीय ब्लॉक का उद्घाटन किया। यह आवासीय ढांचा संस्थान में प्रशिक्षण ले रही कैडेट्स को बेहतर सुविधाएँ प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। सूत्रों के अनुसार, नया आवासीय ब्लॉक आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है और कैडेट्स के लिए सुरक्षित, आरामदायक व प्रेरणादायक वातावरण सुनिश्चित करता है। यह संस्थान पंजाब सरकार की उस पहल का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसके तहत राज्य की बेटियों को रक्षा सेवाओं में शामिल होने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। उद्घाटन समारोह में विभागीय अधिकारी, संस्थान के प्रबंधन सदस्य और कैडेट्स भी मौजूद रहे।

# उदासीन बड़ा अखाड़े से जुड़े संतों की हत्या और लापता होने के पीछे माफियाओं का हाथ: धर्मेन्द्र दास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। श्री पंचायती अखाड़ा उदासीन में असमाजिक तत्वों के प्रवेश के कारण अखाड़े में विघटन हो रहा है। अखाड़े की जमीन बेचने का अधिकार किसी को नहीं है। बावजूद इसके जमीनें बेची जा रही हैं। संत का चोला पहनकर माफिया अखाड़े में प्रवेश कर चुके हैं। इसी कारण से अब तब अखाड़े के लगभग 15 संतों की या तो हत्या की जा चुकी है या फिर वह लापता हैं। इन सब मामलों की सीबीआई जांच होनी चाहिए। जिससे दोषियों को बेनकाब कर अखाड़े की परम्परा और मर्यादा को बचाया जा सके। यह बात प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए अखिल भारतीय उदासीन सम्प्रदायिक संघ लखनऊ के अध्यक्ष श्रीमहंत धमेन्द्र दास




महाराज ने कही। श्रीमहंत धर्मेन्द्र दास महाराज ने कहाकि उदासीन सम्प्रदाय के 15 के लगभग संत अभी तक लापता हुए हैं, जिनमें से कुछ की हत्या की जा चुकी है। उन्होंने कोठारी मोहन दास महाराज के लापता होने के मामले में हाई कोर्ट द्वारा सीबीआई जांच के आदेश का स्वागत करते हुए शीघ्र जांच पूरी करने की मांग की। उन्होंने बताया कि कोठारी मोहन दास महाराज वर्ष 2017 में लापता हुए थे। जिनकी गुमशुदगी कनखल थाने में दर्ज हुई थी। जिसकी जांच में पुलिस ने माफियाओं के दबाव में आकर फाइनल रिपोर्ट लगा दी। जिसकी फिर से श्रीमहंत सुखदेव मुनि महाराज ने रिट दायर की और कोर्ट ने 2023 में मामले की सीबीसीआईडी जांच के आदेश दिए। सीबीसीआईडी के नाकाम रहने पर हाई कोर्ट ने मामले में 29 अक्टूबर 25 को सीबीआई जांच के आदेश दिए। श्रीमहंत धर्मेन्द्र दास महाराज ने कहाकि वर्ष 1980 में अखिल भारतीय उदासीन सम्प्रदायिक संघ लखनऊ के संस्थापक अध्यक्ष सोमवंश दास महाराज लखनऊ से लापता हुए। उसके बाद वर्ष 1981 में ब्रह्मदास महाराज महमूदाबाद सीतापुर, यूपी, वर्ष 1996 में जीवन दास महाराज लखनऊ, 1999 में अवस्थी मुनि सुल्तानपुर, 2003 में जर्नादन दास सीतापुर व हरिदास हजाराबाग लखनऊ, 1996 में जनदास लखीमपुर खीरी, 2008 में धर्मदास सीतापुर, 2013 में तुरतमुनि हरिद्वार, दुग्नीदास 2009 सीतापुर, परमेश्वर दास लखनऊ, भारत दास 2013 कारबंकी, कौशलदास 2015 मऊ, मोहन दास 2017 हरिद्वार व बिहारी दास बाराबंकी 2021 में लापता हुए हैं।

# पंजाब सीमा पर चार तस्करों को गिरफ्तार कर हेरोइन, ड्रोन और पिस्टल बरामद की

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जालंधर। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने कड़ी चौकसी और समय पर कार्रवाई करते हुए पिछले 24 घंटों में पंजाब में सीमा पार से तस्करी की कई कोशिशों को नाकाम करते हुये चार तस्करों को पकड़ा और उनके पास से हेरोइन, ड्रोन और पिस्टल के पार्ट्स बरामद किये। बीएसएफ के प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि इंटेलिजेंस विंग के खास जानकारी पर बीएसएफ के जवानों ने गुरुवार को तरनतारन के दलेरी गांव के एक खेत से दो तस्करों को पकड़ा और उनके खुलासे पर पिस्टल के पार्ट्स, एक मैगज़ीन और तीन कारतूस बरामद किए। उनके पास से दो मोबाइल फ़ोन भी बरामद किए गए। दोनों को आगे की जांच के लिए पंजाब पुलिस को सौंप दिया गया है। बीएसएफ इंटेलिजेंस विंग ने पंजाब पुलिस के साथ एक खास जानकारी शेयर की, जिसके आधार पर गुरदासपुर के कलानूर में एक संयुक्त अभियान चलाया गया। इसमें दो तस्करों को पकड़ा गया और उनके पास से हेरोइन के दो पैकेट (कुल वज़न-2.550 किलोग्राम) और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। तस्कर, हरूवाल और अजनाला गांवों के रहने वाले हैं और आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए पंजाब पुलिस की कस्टडी में हैं। एक अन्य मामले में खास जानकारी पर कार्रवाई करते हुए, सर्तक जवानों ने पंजाब पुलिस के साथ मिलकर कल एक संयुक्त तलाशी अभियान चलाया और तरन तारन के वान गांव के पास खेतों से एक डीजेआई मैविक, चार प्रो ड्रोन बरामद किया। एक अन्य ऑपरेशन में, सैनिकों ने फोकस्ड सर्च शुरू की और फिरोजपुर जिले के चक चंगा राय उत्तर गांव के पास खेतों से एक पिस्टल (बिना स्लाइड और बैरल के), और एक मैगज़ीन बरामद की।

# बदला लेने के लिए कर दी युवक की हत्या, मामा-भांजे गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। पश्चिमी जिले के कीर्ति नगर इलाके में रेलवे लाइन के पास युवक की गला रेतकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने मामा-भांजे को गिरफ्तार किया है। जबकि एक आरोपित अभी फरार है। जांच में सामने आया कि पूरी वारदात बदले की नीयत से अंजाम दी गई। पुलिस उपायुक्त दराडे शरद भास्कर ने शुक्रवार को बताया कि 17 नवंबर की शाम पुलिस को पीसीआर कॉल मिली कि कीर्ति नगर रेलवे लाइन के पास झाड़ियों में एक युवक मृत पड़ा है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो उन्हें एक 32 वर्षीय युवक का शरीर खून से लथपथ हालत में पड़ा मिला। गले पर गहरा कट था। मौके से युवक का मोबाइल और अन्य सामान भी गायब था। जांच में मृतक की पहचान बसई दारापुर निवासी अंगद के रूप में हुई। पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज किया। पुलिस उपायुक्त के अनुसार पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज में मृतक को आखिरी



बार अमर और उसके रिश्तेदार सत्येन्द्र के साथ देखा गया था। इस आधार पर पुलिस ने दोनों के संभावित ठिकानों पर छापेमारी शुरू की। जल्द ही पुलिस ने पहले सत्येन्द्र को दबोच लिया। जिसने पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा किया। उसने बताया कि हत्या में अमर का पिता हरीश चंद्र भी शामिल था और पूरी वारदात उसकी जानकारी में हुई। पुलिस ने तुरंत उसे भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारी के अनुसार पूछताछ के दौरान सामने आया कि मृतक अंगद ने अमर की बहन से दोस्ती कर ली थी और वह लगातार उससे अभद्र व्यवहार कर रहा था। वह फोन पर अपमानजनक संदेश भेजता था और कथित रूप से आपत्तिजनक वीडियो लीक करने की धमकी देता था। कई बार समझानेऽबुझाने के बावजूद जब वह नहीं माना, तो अमर और उसके परिवार ने बदला लेने का फैसला किया। अमर 14 नवंबर को दिल्ली आया और सत्येन्द्र के घर रुका। पुलिस अधिकारी के अनुसार 16 नवंबर की शाम दोनों अंगद के कमरे में पहुंचे, लेकिन वहां सीसीटीवी कैमरा लगा देखकर उन्होंने तुरंत वारदात को अंजाम नहीं दिया। इसके बाद दोनों ने अंगद को शराब पीने और मामला सुलझाने के बहाने कीर्ति नगर रेलवे लाइन के पास लेकर गए। शराब पीने के दौरान मौके का फायदा उठाकर दोनों ने अंगद को काबू किया और पेपर कटर से उसका गला काटकर हत्या कर दी। वारदात के बाद दोनों तुरंत दिल्ली से फरार हो गए। इस दौरान अमर के पिता हरीश चंद्र लगातार फोन पर दोनों के संपर्क में था और हत्या की योजना में पूरी तरह शामिल रहा। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल हुआ पेपर कटर चाकू, मृतक का मोबाइल फोन और आरोपित सत्येन्द्र के खून से सने कपड़े बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान हरीश चंद्र (56) और सत्येन्द्र चौधरी (39) के रूप में हुई है, जो आपस में मामाऽभांजा हैं और दोनों कीर्ति नगर में ही काम करते हैं। पुलिस उपायुक्त के अनुसार मुख्य आरोपी अमर अभी फरार है और उसकी तलाश में पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# मां-बेटी की हत्या के मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने दो दशक पुराने दोहरे हत्याकांड का पर्दाफाश करते हुए दो फरार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह वही मामला है जिसमें सरिता विहार इलाके में 2002 में एक मां और उसकी दो वर्षीय बेटी की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। एक आरोपित 23 साल से पुलिस की पकड़ से बाहर था। जबकि दूसरा आरोपित पैरोल पर बाहर आने के बाद 18 वर्षों से फरार चल रहा था। पकड़े गए आरोपितों की पहचान बिहार निवासी अमलेश कुमार (45) और सुशील कुमार (43) के रूप में हुई है। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त पंकज कुमार ने शुक्रवार को बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम ने अमलेश कुमार को गुजरात के जामनगर से गिरफ्तार किया। बिहार का रहने वाला यह आरोपित 23 वर्षों से फरार था और अदालत द्वारा भगोड़ा घोषित किया गया था। वहीं इस मामले में गिरफ्तार सुशील कुमार जिसे ट्रायल कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई थी और हाई कोर्ट ने इसे आजीवन कारावास में बदल दिया था। यह पैरोल पर बाहर आने के बाद 2007 से फरार था। वह बिहार-नेपाल बॉर्डर पर फर्जी पहचान के साथ रह रहा था। क्राइम ब्रांच की टीम ने उसे लालगढ़ गांव से गिरफ्तार किया। पुलिस उपायुक्त के अनुसार 28 जनवरी 2002 को मदनपुर खादर में रहने वाले अनिल कुमार ने घर पहुंचने पर दरवाजा खुला पाया।






चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063